# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 22 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-156 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com



# सीएम आवास, सचिवालय और चार स्कूलों को उड़ाने की धमकी

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के मुख्यमंत्री आवास और सचिवालय के साथ ही चार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल से दी गई धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। धमकी देने वाले ने लिखा है कि 21 जुलाई की दोपहर 3:11 बजे पहले सचिवालय में बम धमाका होगा, उसके बाद रात 9:11 बजे

### ग्रामीण विकास विभाग के ईमेल पर मिली धमकी

मुख्यमंत्री कार्यालय और आवास को बम से उड़ा देंगे। यह ईमेल मंगलवार सुबह 7:57 मिट पर ग्रामीण विकास विभाग के मेल पर आया। इसके बाद विभागीय संयुक्त सचिव रवि कुमार ने थाने में इसकी शिकायत की। वहीं विधानमंडल के मानसून सत्र के बीच आई धमकी के बाद पुलिस मुख्यालय भी अलर्ट हो गया है। डॉग स्क्वायड के माध्यम से भी जांच की जा रही है। बम निरोधक दस्ता भी एक्टिव है। मुख्य सचिवालय, ग्रामीण विकास विभाग में भी सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## बिहार में हाई अलर्ट, चप्पे-चप्पे की हो रही जांच



### दानापुर के 4 स्कूलों की हुई जांच

इसके अलावा दानापुर के चार स्कूलों को भी बम से ब्लास्ट करने की धमकी दी गई है। इनमें डीपीएस (सीनियर और जुनियर), आर्मी स्कूल और रेडियंट इंटरनेशनल स्कूल शामिल है। धमकी के बाद स्कूल प्रशासन ने एहतियात के तौर पर छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ता की टीम मौके पर पहुंची और स्कूल परिसरों की जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में अब तक कोई संदिग्ध चीज बरामद नहीं हुई है।

### वर्मा का जिक्र कर दी धमकी

ईमेल अंग्रेजी में लिखा है, लेकिन इसकी भाषा पंजाबी है। इसमें सीएम सम्राट चौधरी को संबोधित करते हुए लिखा गया है, हाई कमिश्नर संजय वर्मा को पटना में छिपाया जा रहा है। लेकिन खालिस्तान वाले निज्जर के साथी वर्मा को ढूंढ़कर पटना में ही मार डालेंगे। खालिस्तान वाले बच्चों के खिलाफ नहीं हैं। अपने बच्चों को बचा लो। निज्जर की हत्या संजय वर्मा ने की है। बताओ वह कहां है। इस पर खालिस्तान नेशनल आर्मी और नीचे गुनारख सिंह, रुकन शाहवाला, डॉ. गुमिरवैर सिंह व खान राजादा नाम लिखा है।

## संक्षिप्त खबरें

### ओसामा शहाब को पटना हाई कोर्ट से मिली जमानत

**पटना।** सिवान जिले की रघुनाथपुर विधानसभा सीट से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक ओसामा शहाब को मंगलवार को बड़ी कानूनी राहत मिली, जब पटना हाई कोर्ट ने उन्हें जमीन विवाद के एक मामले में अग्रिम जमानत दे दी। इस नए आदेश के साथ, उनकी गिरफ्तारी की तुरंत होने वाली संभावना खत्म हो गई है और कोर्ट से पहले मिली अंतरिम सुरक्षा की जगह यह नया आदेश आ गया है। यह मामला सिवान जिले के महादेवा पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले झूनापुर गांव में जमीन के एक विवादित टुकड़े से जुड़ा है।

### लोधी कॉलोनी के घर में लगी आग, 3 की मौत

**दिल्ली।** दिल्ली की लोधी कॉलोनी मंगलवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक घर में आग लगने से तीन लोगों की झुलस कर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लोधी कॉलीनी के बी ब्लॉक में सुबह 10.22 बजे एक घर की तीसरी मंजिल पर आग लग गई है। आग इतनी तेज थी कि घरवालों को निकलने का मौका नहीं मिला और घर में मौजूद महिला और दो बच्चों की जलकर मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही दमकलकर्मी वहां पहुंचे और आग बुझाने के साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

### हादसे का शिकार होते बचा एयर इंडिया का विमान

**भुवनेश्वर ।** ओडिशा के भुवनेश्वर से दिल्ली आ रहा एयर इंडिया का एक विमान मंगलवार को हादसे का शिकार होते बच गया। पैसेंजर्स ने बताया कि एयर इंडिया की भुवनेश्वर-दिल्ली फ्लाइट नं. क1058 ने दोपहर 3.30 बजे उड़ान भरी थी। लेकिन करीब 30 मिनट बाद ही प्लेन हवा में डगमगाने लगा। इस दौरान फ्लाइट में बैठे 150 से ज्यादा पैसेंजर डर गए। पैसेंजर्स ने यह भी आरोप लगाया कि पायलट ने मुश्किल से प्लेन को संभाला। उसने प्लेन की स्पीड बढ़ा दी। फ्लाइट दिल्ली की बजाय हरियाणा के चरखी दादरी की तरफ चली गई थी।

### अमिताभ बच्चन की हुई सर्जरी, घर लौटे

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने सर्जरी के लिए अस्पताल जाने के बारे में एक ब्लॉग पोस्ट शेयर करके अपनी सेहत को लेकर चिंता बढ़ा दी। अपने ब्लॉग पर शेयर की गई पोस्ट में, बॉलीवुड स्टार ने सर्जरी कराने और आईसीयू में होने के साथ-साथ इसके मानसिक और शारीरिक असर के बारे में जिक्र किया है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही बिग बी केबीसी के सेट पर थे।अपने पर्सनल ब्लॉग पर एक पोस्ट में, 83 साल के एक्टर ने एक इमोशनल नोट में लिखा है।

# हर गरीब परिवार को जीविका से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराना प्राथमिकता : सम्राट




**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित जीविका अंतर्गत विभिन्न पदों पर 2446 नव चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में शामिल हुए। सीएम ने नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का शुभारंभ किया और नवचयनित 5 अभ्यर्थियों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि यह नियुक्ति केवल रोजगार प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि समाज के

### मुख्यमंत्री ने बांटा नवचयनित 2,446 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

अंतिम पायदान पर खड़े वंचित परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का दायित्व भी है। आप सभी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कमिटमेंट के साथ कार्य करें तथा अंतिम पायदान पर खड़े गरीब तबके को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि जीविका महिलाओं के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना का आंदोलन है। पिछले 20 वर्षों में जीविका ने बिहार में जिस प्रकार विकास और महिला सशक्तिकरण की क्रांति लाई है, वह देश-दुनिया के लिए एक प्रेरणादायी मिसाल है। उन्होंने कहा कि हर गरीब परिवार को जीविका से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वर्तमान में बिहार में 10,49,411 स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1 करोड़ 81 लाख से अधिक महिलाएं जीविका से जुड़कर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बन रही हैं। आज 30 लाख से अधिक लखपति दीदी बिहार में तैयार हुई हैं, जो देश में सर्वाधिक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की समृद्धि का मार्ग ग्रामीण परिवेश से ही प्रशस्त होगा।

### देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं : मुख्यमंत्री

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (बीएसटीडीसी) के राजगीर अवस्थित होटल अजातशत्रु के संचालन हेतु लीजधारी एवं वेलकम होटल (आईटीसी समूह) के बीच एकरारनामा किया गया। इस अवसर पर समूह के प्रबंध निदेशक अनिल चड्डा एवं कलशी बिल्डकॉन के निदेशक सुमीत सिंह कलशी ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार राज्य में पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राजगीर, नालंदा, बोधगया तथा अन्य ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों पर बेहतर पर्यटकीय सुविधाओं का विकास किया गया है।

# बिहार की तीन बंद चीनी मीलें जल्द होंगी चालू

**पटना (एनएसबी)।** पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को विधान परिषद में कहा कि गोपालगंज, सकरी और रैयाम चीनी मिल को जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार की संस्था के साथ एमओयू किया जाएगा। जल्द ही तीनों चीनी मिलें शुरू की जाएंगी। वह शशि यादव के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में बोल रहे थे।

**विधान परिषद में सीएम सम्राट चौधरी का एलान**

**राजद ने उठाया सूखे नशे का मुद्दा :** मानसून सत्र के दूसरे दिन विधान परिषद में सूखे नशे का मुद्दा उठा। राजद एमएलसी सुनील सिंह ने कहा कि बिहार में गांजा, चरस तो एकदम सामान्य है। मंदिरों के पास गांजे का धुआं उड़ रहा है। मंदिर, मठ-आश्रमों के नाम लेने पर भाजपा विधायकों ने सुनील सिंह का विरोध किया। इस पर सुनील सिंह ने कहा कि मंदिर का सब पैसा आप लोग खा गए। सुनील सिंह ने आगे कहा कि बिहार सरकार पेट्रोल में 11 रुपए और डीजल पर 5 रुपए ज्यादा ले रही है। बिहार सरकार 200 करोड़ रुपए जनता से अधिक वसूल रही है। लंच ब्रेक के बाद इसी मुद्दे पर बीजेपी एमएलसी अनामिका सिंह और राजद एमएलसी मुन्नी रजक के बीच नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के चेंबर के बाहर खूब तू-तू मैं-मैं हुई।

### मोबाइल से ऑनलाइन जुआ खेलने वालों की अब खैर नहीं

**पटना (एनएसबी)।** बिहार विधानसभा ने मंगलवार को बिहार जुआ प्रतिषेध विधेयक, 2026 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन में इस विधेयक को पेश करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि बदलते समय और तकनीक के अनुरूप राज्य में जुए पर प्रभावी रोक लगाने के लिए नए कानून की आवश्यकता थी। उन्होंने सभी सदस्यों से विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की। विधेयक पर चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक राज्य में 1867 के बंगाल जुआ अधिनियम के प्रावधान लागू थे। उस समय जुए का स्वरूप मुख्य रूप से ताश, पासा और पारंपरिक तरीकों तक सीमित था।

# दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर वांगचुक को मेदांता अस्पताल किया गया शिफ्ट

### अनशन जारी रखने का ऐलान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में मंगलवार शाम सफदरजंग अस्पताल से गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। वांगचुक पिछले 24 दिनों से आमरण अनशन पर हैं। सफदरजंग अस्पताल की ओर से जारी स्वास्थ्य बुलेटिन में बताया गया कि सोनम वांगचुक को मंगलवार शाम 6:40 बजे अस्पताल से छुट्टी देकर मेदांता अस्पताल के चिकित्सकों की टीम को आगे के इलाज के लिए सौंप दिया गया। अस्पताल ने बताया कि डिस्चार्ज के समय उनके सभी वाइटल पैरामीटर स्थिर थे। हालांकि, बुलेटिन में कहा गया कि उन्हें अब भी पैनसाइटोपीनिया की समस्या है और उनके रक्त में सीरम पोटैशियम का स्तर 3.4 एमईक्यूएल दर्ज किया गया है। पैनसाइटोपीनिया ऐसी गंभीर चिकित्सीय स्थिति है, जिसमें अस्थि मज्जा (बोन मैरो) पर्याप्त मात्रा में लाल रक्त कोशिकाएं, श्वेत रक्त कोशिकाएं और प्लेटलेट्स नहीं बना पाती। इससे अत्यधिक कमजोरी, बार-बार संक्रमण और रक्तस्राव या आसानी से चोट लगने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। अस्पताल ने यह भी बताया कि इलाज की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए वांगचुक से संबंधित सभी मेडिकल रिकॉर्ड, जांच रिपोर्ट और उपचार संबंधी दस्तावेज मेदांता अस्पताल की चिकित्सकीय टीम को सौंप दिए गए हैं।

# वीडियो वायरल होने के बाद टीटीई निलंबित

**बाढ़ (एनएसबी)।** बख्तियारपुर जंक्शन पर तैनात एक टीटीई द्वारा दो लोगों के साथ कथित मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद रेलवे प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल ने संबंधित टीटीई कुंदन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।

**विभागीय जांच के आदेश**


वायरल वीडियो में टीटीई एक लुंगी पहने व्यक्ति को रेलवे ट्रैक पर लात-घूंसों से मारते हुए तथा दूसरे व्यक्ति का कॉलर पकड़कर खींचते हुए दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि यह घटना 18 जुलाई 2026 की है। वीडियो फेसबुक सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल होने के बाद लोगों ने इसकी कड़ी आलोचना की। मामले का संज्ञान लेते हुए पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने संबंधित टीटीई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया।

# दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी को छोड़ा

## प्रियंका गांधी बोलीं-'मेरे भाई बहुत मजबूत, सब बर्दाश्त कर लेंगे'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के अलावा पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को दिल्ली पुलिस ने छोड़ दिया है। प्रधानमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने उन्हें हटाया था और राहुल गांधी को छत्रसाल स्टेडियम ले जाया गया था।

सीजेपी प्रदर्शन के दौरान 20 जुलाई को पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के खिलाफ विपक्ष के कई नेताओं ने संसद भवन से मार्च निकाला था। यह मार्च प्रधानमंत्री आवास तक पहुंचा और फिर सभी नेता वहीं धरने पर बैठ गए। केंद्रीय राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह उनसे बातचीत करने पहुंचे, लेकिन बातचीत बेनतीजा रही। इसके बाद प्रदर्शनकारियों से पीएम आवास के पास से हटने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद दिल्ली पुलिस सभी नेताओं को जबरन बसों में बैठाकर अलग-अलग



स्थानों पर ले गई। प्रियंका गांधी वाड्रा को दिल्ली स्थित मंदिर मार्ग थाना, राहुल गांधी को छत्रसाल स्टेडियम और अन्य कई सांसदों को किंग्सवे कैंप क्षेत्र में ले जाया गया था। अब राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को छोड़ दिया गया है। दिल्ली पुलिस द्वारा छोड़े जाने के बाद प्रियंका गांधी वाड्रा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हमसे कोई बातचीत नहीं की गई। हम इस मुद्दे को संसद में फिर से उठाएंगे। उन्होंने कहा, "मेरे भाई बहुत मजबूत हैं, वह सब बर्दाश्त कर लेंगे।

### जितेंद्र सिंह व राहुल गांधी के बीच 20 मिनट हुई बातचीत

पीएम आवास के पास से हटाने के लिए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और गृह सचिव गोविंद मोहन पहुंचे थे। राहुल गांधी से करीब 20 मिनट बात की। इसके बाद जितेंद्र सिंह गृह मंत्री अमित शाह के पास गए। शाह से बातचीत के बाद उन्होंने फिर राहुल से बात की।सोशल मीडिया पोस्ट में जितेंद्र सिंह ने बताया कि राहुल गांधी की मांग थी कि नीट पर संसद में चर्चा हो।

# जुलाई में ही आएगी टीआरई-4 की अधिसूचना : शिक्षा मंत्री

**पटना (एनएसबी)।** टीआरई-4 के नोटिफिकेशन का इंतजार कर रहे लाखों अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। दरअसल बिहार विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान राजद विधायकों की ओर से शिक्षक बहाली कैलेंडर और टीआरई-4 की अधिसूचना में देरी को लेकर सवाल उठाए जाने के बाद शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि टीआरई-4 की अधिसूचना जुलाई 2026 के अंतिम सप्ताह में जारी कर दी जाएगी। विधानसभा में पूछे गए प्रश्न में कहा गया कि वर्ष 2025 में शिक्षा बहाली कैलेंडर का पालन नहीं किया गया और वर्ष 2026 में भी अब तक टीआरइ-4 की अधिसूचना जारी नहीं हुई है। इस पर



जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि सरकार शिक्षक अभ्यर्थियों के हितों के प्रति पूरी तरह गंभीर है और भर्ती प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जाएगा। मिथिलेश तिवारी ने कहा कि टीआरई-4 की अधिसूचना इसी महीने जारी करने के लिए भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अगले पांच वर्षों में एक लाख शिक्षकों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया है. इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग भर्ती प्रक्रिया को तेज गति से आगे बढ़ा रहा है. शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि भर्ती प्रक्रिया में जो भी तकनीकी या प्रशासनिक कमियां हैं उन्हें दूर किया जा रहा है ताकि आगे किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### सक्षमता परीक्षा का परिणाम जारी

# 14512 में से 4353 शिक्षक हुए उतीर्ण

**पटना (एनएसबी)।** बीएसईबी ने मंगलवार को स्थानीय निकाय के शिक्षकों के लिए आयोजित 5वीं और अंतिम सक्षमता परीक्षा-2026 का रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें 14,512 में से 4,353 शिक्षक पास हुए हैं। बिहार बोर्ड के अध्यक्ष एस एम त्यागराजन ने रिजल्ट की घोषणा की। पास हुए कैंडिडेट्स में 1,870 पुरुष और 2,483 महिला शिक्षक शामिल हैं। यह परीक्षा क्लास 1-5, 6-8, 9-10 और 11-12 में कार्यरत शिक्षकों के लिए आयोजित की गई थी। शिक्षक अपना रिजल्ट Appliction Number की मदद से समिति की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

**सबसे खराब 9वीं-10वीं का परिणाम**

### नीट पेपर लीक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अहम संदेश, कहा-

# 'बच्चों को भड़काएं नहीं, उन्हें सही रास्ता दिखाएं'

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** मानसून सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही के शुरू होने से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीऐ) की 'मंगल मिलन बैठक' में एनडीए के सभी घटक दलों के नेता शामिल

**बोले-छात्रों के साथ सरकार हमेशा खड़ा रहेगा, गड़बड़ी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी**

हुए। पीएम मोदी ने इस बैठक में नीट पेपर लीक पर बयान दिया। पीएम मोदी ने कहा है कि वे बच्चों को भड़काने के बजाय उन्हें सही रास्ता दिखाएं। यह बात उन्होंने नीट पेपर लीक को लेकर दिल्ली में छात्रों के बड़े विरोध प्रदर्शन के एक दिन बाद कही। नीट



परीक्षा के पेपर लीक को लेकर चिंताओं के बीच सरकार 'स्टूडेंट्स के साथ खड़ी है' और गड़बड़ी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक समाप्त होने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री ने यह साफ कर दिया है कि पेपर लीक देश की चिंता का विषय है, जिसका राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। रिजिजू ने कहा कि नीट एग्जाम पर पीएम मोदी ने कहा कि हम स्टूडेंट्स के साथ खड़े हैं। पेपर लीक में शामिल लोगों पर टॉप वकीलों से सलाह करके सख्त एक्शन लिया जाना चाहिए। जहां भी पेपर लीक होता है, वहां न सिर्फ केंद्र बल्कि राज्यों को भी सख्त एक्शन लेना चाहिए। रिजिजू की यह टिप्पणी सोमवार को नीट यूजी पेपर लीक को लेकर काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शन के तेज होने के बाद आई है। संसद में लाइब्रेरी बिल्डिंग के जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में एनडीए संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ह्यगलत रास्ते पर चलना आसान है, लेकिन सही रास्ते पर वापस आना कहीं ज्यादा मुश्किल है, और हमें उन्हें सही रास्ते पर लाना है. यह हमारी जिम्मेदारी है।

# भागलपुर में 4 हजार की रिश्वत लेते जेई गिरफ्तार

**भागलपुर (एनएसबी)।** बिजली कनेक्शन के नाम पर रिश्वत मांगने की शिकायत आखिरकार रंग लाई। भागलपुर में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने मंगलवार को बिजली विभाग के एक जूनियर इंजीनियर (जेई) और तकनीशियन को 4 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई नौलखा कोठी परिसर में की गई। गिरफ्तारी के बाद दोनों को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पटना ले जाया गया। इस कार्रवाई के बाद बिजली विभाग में हड़कंप मच गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने यह कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार खंजरपुर स्थित सहदेव अपार्टमेंट निवासी संतोष कुमार ने नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन दिया था। आरोप है कि कनेक्शन जारी करने के बदले 4 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई।

## खबरें : एक नजर में

### एनसीयूआई के चुनाव में सहकार भारती-भाजपा गठबंधन की एकतरफा जीत, 20 में से 19 सीटों पर गठबंधन ने लहराया परचम, 10 निर्विरोध निर्वाचित, दीपक चौरसिया केंद्र के मनोनीत प्रतिनिधि नामांकित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सहकारिता जगत की शीर्ष संस्था राष्ट्रीय सहकारिता संघ के प्रबंधक मंडल के चुनाव में सहकार भारती और भाजपा के संयुक्त गठबंधन ने शानदार सफलता हासिल की है। दिल्ली में हुए चुनाव में गठबंधन समर्थित प्रत्याशियों ने 20 में से 19 सीटों पर विजय प्राप्त कर इतिहास रच दिया। चुनाव की एक विशेषता यह रही कि 10 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। सहकार भारती के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक चौरसिया को केंद्र सरकार के मनोनीत प्रतिनिधि के रूप में नामांकित किया गया। प्रमुख विजेताओं में सहकार भारती के संरक्षक दीनानाथ ठाकुर, इफको के चेयरमैन दिलीप भाई संघाणी, एनसीडीएफआई के चेयरमैन मिनेश शाह, भको के चेयरमैन बिपिन पटेल, नैफेड के मोहनभाई कुंडारिया, एनसीसीएफ के चेयरमैन विशाल सिंह, विनय कुमार शाही, महाराष्ट्र के प्रवीण दरेकर, कर्नाटक के जी.टी. देवेगौड़ा, मणिपुर की जीना पोत्संगबम, गुजरात के घनश्याम अमीन, उत्तर प्रदेश के धनंजय सिंह, कर्नाटक के एचके पाटील, लखनऊके मुदित वर्मा, बेलगावी के अण्णासाहेब जोल्ले तथा महाराष्ट्र के नकुल कडू सहित अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। चुनाव अभियान में सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष ड उदय जोशी, राष्ट्रीय महामंत्री दीपक चौरसिया, संरक्षक दीनानाथ ठाकुर, संगठन मंत्री संजय पाचपोर, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष तथा एनडीडीबी के उपाध्यक्ष कुलदीप चेहल सहित कई वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### लोजपा रामविलास ने नीरज कुमार के प्रचार में झोंकी ताकत

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) लगातार बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के चुनाव प्रचार में ताकत झोंक रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी और बांकीपुर विधानसभा के प्रभारी विधायक प्रकाश चन्द्रा के निर्देशन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ड सत्यानंद शर्मा, युवा लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, पिछड़ा-अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शंकर शर्मा, पिछड़ा-अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामा ठाकुर, शशि भूषण प्रजापति, प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव, ब्रह्मदेव शर्मा, महेन्द्र विश्वकर्मा, महेश कुमार, संजीव कुमार, प्रकोष्ठ के पटना महानगर अध्यक्ष कवि रंजन कुमार, प्रकोष्ठ के पटना पूर्वी जिलाध्यक्ष माया प्रजापति, प्रकोष्ठ के पटना पश्चिमी जिलाध्यक्ष गुड़िया शर्मा, लोजपा नेता रवि शंकर कुमार, सूरज कुमार गुप्ता सहित अनेकों पार्टी जनों ने आज मैनपुरा, बुद्धा कलोनी, चीना कोठी में घर-घर जाकर लोगों से भाजपा उम्मीदवार को कमल चुनाव चिन्ह पर वोट देकर रिकर्ड मतों से चुनाव जीतना का अपील किया। आगे इन नेताओं ने कहा कि जनता में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में भारी उत्साह देखने को मिला, जगह-जगह पर मोहल्ला वासियों ने चाय, नाश्ता, ठंडा पानी का व्यवस्था किया।



भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के चुनाव प्रचार में डा सत्यानंद शर्मा।

### राजद नेताओं ने वार्ड नंबर 17 25 एवं 26 में जनसंपर्क अभियान को चलाया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी रेखा गुप्ता के द्वारा आज वार्ड नंबर 17 में गहन जनसंपर्क अभियान चलाया जिसमें दो पुलवा से लेकर चांदपुर बेला जयप्रकाश नगर एवं जक्कनपुर इलाके में लोगों से मिलकर वोट देने की अपील की इस गहन जनसंपर्क अभियान में पूर्व मंत्री एवं वैश्य महासभा के अध्यक्ष समीर महासेठ पूर्व विधायक रेखा पासवान के अलावा प्रदेश महासचिव एवं स्थानीय नेता भाई अरुण कुमार हकीम प्रसाद विकास पासवान जितेंद्र गुप्ता पीके चौधरी भी शामिल हुई है वहीं वार्ड नंबर 25 और 26 के किदवई पुरी काली मंदिर मंदिरी इनकम टैक्स काठ का पुल चिरैया टाल मोहल्ले में जनसंपर्क एवं रोब सो का आयोजन किया गय और लोगो को सामाजिक न्याय के नेता लालू प्रसाद एवं तेजस्वी यादव के हाथों को मजबूत करने के लिए अति पिछड़ा समाज की बेटी रेखा गुप्ता को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की चिरैया टाल मोहल्ले में रेखा गुप्ता के साथ रणविजय साहू भी उपस्थित थे। वहीं विधायक रामानंद यादव के अध्यक्षता में मंदिरी मोहल्ले में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी राष्ट्रीय महासचिव यादव प्रदेश महासचिव बली यादव गणेश यादव भी उपस्थित थे।



राजद नेताओं ने जनसंपर्क अभियान को चलाया।

### मछली उत्पादन में बिहार को शीर्ष पर पहुंचाने के लिए निगम गठित

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य में मछली उत्पादन को वैज्ञानिक और व्यावसायिक स्वरूप देने के लिए बिहार सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। बिहार जलषि आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड यानि बिहार एकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड का गठन होने जा रहा है। विगत 8 जुलाई को राज्य मंत्रिपरिषद ने निगम के गठन की औपचारिक स्वीति दे दी है। इसके साथ ही राज्य में जलीय षि के विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है। माना जा रहा है कि इसके गठन के बाद मछली उत्पादन में तेज वृद्धि होगी और बिहार इस क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचेगा। कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत गठित यह निगम डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के अंतर्गत कार्य करेगा। विभाग का कहना है कि निगम की स्थापना से राज्य में मछली बीज के उत्पादन से लेकर व्यवसाय तक के कार्यों को गति मिलेगी। साथ ही, निगम के आने से अनुसंधान, उत्पादन और प्रसंस्करण के बीच जो अंतर था, वह समाप्त होगा।

# बिहार कांग्रेस का लोक भवन के सामने धरना

#### दैनिक नवसंदेश



धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापसी की मांग को लेकर लोक भवन के सामने बिहार कांग्रेस का धरना।

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में सोमवार की शाम लोक भवन, पटना के सामने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। रात करीब पौने आठ बजे शुरू हुए इस धरने में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

धरने के दौरान कार्यकर्ताओं ने धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो और छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापस लो जैसे नारे लगाए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर सवालों पर जवाब देने से बच रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि निर्दोष छात्रों पर दर्ज मुकदमे तुरंत वापस लिए जाएं और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें।

इससे पहले नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास के सामने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पार्टी ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित कई नेताओं को हिरासत में लिया।

#### धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापसी की मांग को लेकर

राजेश राम ने कहा कि लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने के लिए की जा रही कार्रवाई देश के लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। कांग्रेस पार्टी छात्रों, युवाओं और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

इस प्रदर्शन में बिहार के सह प्रभारी सुशील पासी, विधायक मनोज विश्वास, अभिषेक रंजन , कमरुल होदा, अमित कुमार टुन्ना, मिन्नत रहमानी, असित नाथ तिवारी, पंकज यादव, राजीव मेहता, कमल कमलेश, कमलदेव नारायण शुक्ला, प्रेमचंद सिंह, गुंजन पटेल, सुधीर शर्मा, मृणाल अनामय, हीरा सिंह बग्गा, संजीव कर्मबीर सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा की प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक 27 जुलाई को पटना में, उपेंद्र कुशवाहा भी होंगे शामिल

#### दैनिक नवसंदेश

**पटना ।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक आलोक कुमार सिंह के निर्देशानुसार 27 जुलाई (सोमवार) को पटना स्थित डेस्टिनी होटल (पाटलिपुत्र गोलंबर, रुबन हास्पिटल के सामने) में पार्टी के प्रदेश के नवमनोनीत पदाधिकारियों एवं सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों की एक दिवसीय संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई है।

आरएलएम के प्रदेश प्रवक्ता रजनीश कुमार ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों तथा पार्टी की भावी रणनीति पर उपस्थित पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करेंगे। बैठक में प्रदेश संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने, नवमनोनीत पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों, विभिन्न प्रकोष्ठों की कार्ययोजना, संगठन के विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की जाएगी। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे।

**आरएलएम के प्रदेश प्रवक्ता रजनीश कुमार ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे**

प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने प्रदेश के सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों से निर्धारित समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर संगठनात्मक दायित्वों के निर्वहन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रजनीश कुमार ने बताया कि पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव हिमांशु पटेल ने पत्र जारी कर उक्त कार्यक्रम की सूचना दी है।

## बांकीपुर उपचुनाव में बड़े अंतर से जीतेगी भाजपा : रणबीर नंदन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में इस क्षेत्र के वोटर इतने इन्टैक्ट है कि भाजपा उम्मीदवार बड़े अंतर यानि एक लाख से अधिक मतों से जीतेंगे। प्रो नंदन पटना नगर निगम के वार्ड 23 स्थित मोंटेंसरी गली बोरिंग रोड के सत्यम एपार्टमेंट में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रो नंदन ने कहा कि राजद के 15 साल के शासन में सबसे ज्यादा प्रताड़ित डाक्टर हुए। डाक्टर सिर्फ प्रताड़ित ही नहीं हुए बल्कि उनका सबसे अधिक फिरौती के लिए अपहरण हुआ। मतलब राजद के शासनकाल में मानव को जीवन प्रदान करने वाले डाक्टर भी सुरक्षित नहीं थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां बूथ स्तर से जुड़े कार्यकर्ता को चुनाव में टिकट देकर उम्मीदवार बनाया जाता है यही भाजपा की पहचान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा को कोई पार्टी सही स्थान और पहचान दे सकती है वह पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शक्ति केन्द्र प्रमख प्रशांत चंदन, संचालन वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अखिलेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन वरुण कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता हिमांशु चतुर्वेदी, डा संजय सहाय, धनंजय शर्मा, प्रदेश मंत्री सीमा झा, प्रफुल्ल रंजन वर्मा, मृत्युंजय कुमार, महेश कुमार, अनिल कुमार व विनय कुमार ने अपने विचारव्यक्त किए।



जनसंपर्क करते बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष व पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन।

## बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर पटना पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**पटना / एनएसबी।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से श्रीष्णापुरी थाना एवं पीरबहोर थाना पुलिस एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील एवं प्रमुख इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया।



बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर पटना पुलिस ने किया फ्लैग मार्च।

फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई तथा यह संदेश दिया गया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पटना पुलिस पूरी तरह सतर्क, प्रतिबद्ध एवं मुस्तैद है। पटना पुलिस द्वारा क्षेत्र में सतत गश्ती, निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था को और सुढ़ किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक मतदाता सुरक्षित एवं विश्वासपूर्ण वातावरण में अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर सके। पटना पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है किकिसी भी प्रकार की अफवाह, असामाजिक गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था से संबंधित सूचना की तत्काल जानकारी पुलिस को दें।

## बांकीपुर उपचुनाव : एनडीए उम्मीदवार के लिए मंत्री श्रवण कुमार ने किया चुनाव प्रचार

### चुनावी अभियान से नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में मांगा वोट

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने मंगलवार को देर शाम तक राजधानी पटना के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। मंत्री ने पटना के गर्दनीबाग रोड नंबर-1, सुभाषिनी अपार्टमेंट से इस प्रचार अभियान की शुरुआत की।

साथ ही प्रचार-प्रसार का यह अभियान बांकीपुर विधानसभा के वार्ड नंबर 15 से 21 तक जोर-शोर से चला। यहां उन्होंने स्थानीय लोगों से सीधा संपर्क साधा और घर-घर जाकर एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में वोट मांगे।

नागरिकों से वोट की अपील करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में लगातार विकासात्मक कार्य हो रहे हैं। विकास की इस गति को बनाए रखने के लिए एनडीए की सरकार केंद्र और राज्य में बनी रहना आवश्यक है।

मंत्री के चुनावी अभियान के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जनसैलाब मौजूद रहा। इस चुनावी प्रचार के दौरान उनके साथ राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दिलीप कुमार जयसवाल, एमएलसी संजय मयूख, मसौढ़ी के विधायक अरुण मांझी, घोसी के विधायक ऋतुराज कुमार, सेक्टर प्रभारी रविन्द्र पटेल, प्रभारी राजीव सिंह, राधेश्याम कुशवाहा, जीतेन्द्र पटेल, विशाल कुमार, सोनू कुमार, राजीव कुमार, रंजीत पटेल, सुरजीत पिंटू, वार्ड नंबर 15 के प्रभारी रूहैल रविदास, मधेश्वर सिंह, निशांत राज सिंह, बबलू मासूमी, बबलू सिंह, रंजन सिंह सहित कई स्थानीय नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 30 जुलाई को बांकीपुर की प्रबुद्ध जनता भाजपा को हराएगी : प्रशांत किशोर

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जन सुराज के सूत्रधार एवं बांकीपुर से प्रत्याशी प्रशांत किशोर ने वार्ड नंबर 22 के कृष्णा पथ स्थित रामहरि अपार्टमेंट में एक मोहल्ला बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जन सुराज के कार्यकर्ता की गिरफ्तारी और दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर बड़ा बयान दिया। पत्रकारों द्वारा जन सुराज के कार्यकर्ता की गिरफ्तारी को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रशांत किशोर ने कहा कि यह जो लड़ाई है, यह भाजपा की सरकार, उनका यहां का संगठन और उनका अहंकार और बांकीपुर की जनता के बीच है। चाहे वे कितने लोगों को डरा लें, उन्हें गिरफ्तार कर लें, धमकी दे लें, पैसा देकर खरीदने की कोशिश कर लें, इस बार यह दांव नहीं चलने वाला है। नवंबर 2025 में बिहार की जनता से जो गलती हुई, इस बार बांकीपुर में वह नहीं दोहराई जाएगी। बांकीपुर की प्रबुद्ध जनता पूरी तरह से कमिटेड है कि हर हाल में 30 जुलाई को जब वोट पड़ेगा, वह भाजपा को हराएगी। उन्होंने कहा कि बांकीपुर की जनता भाजपा को तीन वजहों से हराने जा रही है।



जन सुराज के सूत्रधार एवं बांकीपुर से प्रत्याशी प्रशांत किशोर ने वार्ड नंबर 22 के कृष्णा पथ स्थित रामहरि अपार्टमेंट में एक मोहल्ला बैठक को संबोधित किया।

पीके ने कहा कि पहली वजह यह है कि बिहार का हर मतदाता करीब-करीब चाहता है कि भाजपा के नेतृत्व को यह स्पष्ट संदेश भेजा जाए कि सम्राट चौधरी का नेतृत्व मुख्यमंत्री के तौर पर बिहार को स्वीकार नहीं है। अगर बांकीपुर में भाजपा हारती है तो सम्राट चौधरी को हटने का रास्ता खुल जाएगा। दूसरी वजह यह है कि जिस भाजपा ने बांकीपुर की जनता का अपमान किया है और यह कहा कि हम कुत्ता-बिल्ली को भी खड़ा करेंगे तो यहां के लोग हमें ही वोट करेंगे, उस अपमान का बदला इस बार जनता वोट के माध्यम से लेगी। उस अहंकार को जनता चकनाचूर करेगी। इनका इतना अहंकार बढ़ गया है कि हिंदुओं के देवता हनुमान जी को ये लोग भाजपा का झंडा पकड़ा कर डांस करवा रहे हैं। तीसरी बात यह है कि जो यहां के सांसद और विधायक हैं, वे निश्चिंत होकर बैठे हैं कि काम करें या न करें, जाति-धर्म, मोदी जी का चेहरा और लालू जी का डर दिखाकर वे चुनाव जीत जाएंगे।

### नगर आयुक्त ने संयुक्त कर्मचारी समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल से की बैठक, सफाईकर्मियों के हितों पर हुई चर्चा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना नगर निगम के नगर आयुक्त ने मंगलवार को निगम मुख्यालय स्थित सभागार में पटना नगर निगम संयुक्त कर्मचारी समन्वय समिति के अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश सिंह के नेतृत्व में आए 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। बैठक में सफाईकर्मियों के विकास, सेवा संबंधी सुविधाओं और उनके सम्मानजनक जीवन को सुनिश्चित करने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में स्थायी कर्मचारियों की तरह दैनिक सफाईकर्मियों की भी सेवा संचिका (सर्विस रिकर्ड) नियमित रूप से अद्यतन किए जाने पर चर्चा हुई। नगर आयुक्त ने उप नगर आयुक्त (स्थापना) को निर्देश दिया कि निगम के सभी अंचलों एवं मुख्यालय में कार्यरत दैनिक सफाईकर्मियों की सेवा संचिका में उनकी व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यता, अवकाश का विवरण तथा अन्य आवश्यक अभिलेख समय-समय पर अपडेट किए जाएं, ताकि सभी कर्मचारियों का रिकर्ड व्यवस्थित एवं अद्यतन रहे।

## खबरें खास-खास

### कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर में निःशुल्क पाठन सामग्री का वितरण, संस्थापक को किया गया याद

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर, पटना के संस्थापक सह मार्गदर्शक स्वर्गीय राम यतन सिंह जी की पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय परिसर में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद विद्यार्थियों के बीच निःशुल्क पाठन-पाठन सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय राम यतन सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका उषा कुमारी ने कहा कि राम यतन सिंह जी का सपना था कि शिक्षा हर बच्चे तक पहुंचे। इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए आज हमने निःशुल्क पुस्तकें, कपी और अन्य पाठन सामग्री वितरित की है। उनका दिखाया हुआ मार्ग ही हमारी प्रेरणा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या 'अंकिता कुमारी' ने अपने संबोधन में कहा कि ष्सर का जीवन सेवा और शिक्षा के लिए समर्पित था। हमें उनके आदर्शों पर चलकर समाज में शिक्षा का दीप जलाना है। इस पुण्यतिथि पर किया गया यह सामग्री वितरण उसी सोच का एक छोटा सा प्रयास है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे। सभी ने स्वर्गीय राम यतन सिंह जी के कार्यों को याद कर उन्हें नमन किया। विद्यालय प्रबंधन ने घोषणा की कि हर वर्ष पुण्यतिथि के अवसर पर इसी तरह सामाजिक कार्य किए जाएंगे।



कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर में निःशुल्क पाठन सामग्री का वितरण, संस्थापक को किया गया याद।

### पटना के कृष्णापुरी, वार्ड संख्या-21 में मंत्री केदार गुप्ता ने चलाया सघन जनसंपर्क अभियान, एनडीए प्रत्याशी को समर्थन करने की किया अपील

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना के मीठापुर स्थित बिर जैन भवन में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के अवसर पर आयोजित जनसभा को राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने संबोधित किया। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित नागरिकों से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में कमल छाप पर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनसभा में उपस्थित सभी सम्मानित नागरिकों ने एक स्वर में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में कमल छाप पर मतदान कर भारी मतों से विजय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इधर, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने पटना के कृष्णापुरी, वार्ड संख्या-21 में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के अवसर पर एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान मंत्री श्री गुप्ता ने क्षेत्रवासियों से आत्मीय संवाद कर आगामी उपचुनाव में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में कमल छाप पर मतदान कर नीरज कुमार सिन्हा को प्रचंड मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों का स्नेह, उत्साह और भरपूर समर्थन यह विश्वास दिलाता है कि बांकीपुर की जनता विकास, सुशासन और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए एनडीए को ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए संकल्पित है।



पटना के मीठापुर स्थित बिर जैन भवन में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के अवसर पर आयोजित जनसभा को पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने किया संबोधित।

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिले एमएलसी दिनेश सिंह व एमएलए कोमल सिंह, क्षेत्र के समस्याओं से कराया अवगत

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुजफ्फरपुर जिले के एमएलसी दिनेश प्रसाद सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात किया एवं बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान एमएलसी दिनेश प्रसाद सिंह ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुजफ्फरपुर जिले की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा किया। इधर, मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट के एमएलए कोमल सिंह ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की एवं बुके देकर स्वागत किया। गायघाट के एमएलए कोमल सिंह ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से गायघाट विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर वैशाली सांसद वीणा देवी एवं मुजफ्फरपुर के एमएलसी दिनेश प्रसाद सिंह के पुत्र सह मुजफ्फरपुर जिले के युवा उधोगपति शुभम सिंह भी उपस्थित थे। वही, युवा उधोगपति शुभम सिंह ने भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की एवं बुके देकर स्वागत किया।



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलते मुजफ्फरपुर के एमएलसी दिनेश सिंह व स्वागत करते हुए, साथ में है एमएलए कोमल सिंह व उधोगपति शुभम सिंह।

### प्रतीकात्मक सौंदर्य को रेखांकित करती हैं डा. अनुज प्रभात की कहानियाँ

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** एक अच्छी कहानी वही है, जो पाठक को उसके अपने जीवन के किसी क्षण से जोड़ दे और उसे भीतर से थोड़ा अधिक संवेदनशील बनाकर छोड़ जाए। डा़ अनुज प्रभात की कहानी 'तीन दिन पुरानी मिठास' इसी अर्थ में एक सार्थक और प्रभावशाली कहानी है। यह कहानी केवल तीन दिन पुराने केक की नहीं, बल्कि तीन दिनों में सूखते हुए विश्वास, संवाद और रिश्तों की मिठास की कहानी है। भारतीय युवा साहित्यकार परिषद एवं अवसर साहित्य यात्रा के तत्वावधान में गत सप्ताह 'अवसर कथा एवं बाल साहित्य सप्ताह' का आयोजन किया गया। सप्ताह के समापन पर समकालीन कहानी और बाल साहित्य पर केंद्रित 'हेलो फेसबुक कथा एवं बाल साहित्य सम्मेलन' का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से किया गया, जिसका सीधा प्रसारण फेसबुक और यूट्यूब पर भी हुआ। सम्मेलन का संचालन करते हुए वरिष्ठ कवि सिद्धेश्वर ने उपर्युक्त विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के आरंभ में अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कथाकार डा. अनुज प्रभात ने अपनी कहानी 'तीन दिन पुरानी मिठास' का लाइव पाठ किया। उन्होंने कहा कि 'अवसर सृजन यात्रा' एवं यूट्यूब पर प्रसारित 'सिद्धेश्वर की डायरी' साहित्यिक अभिव्यक्ति के सशक्त माध्यम हैं। सिद्धेश्वर ने अनेक नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया है। यह अत्यंत सराहनीय और अभिनंदनीय कार्य है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सिद्धेश्वर ने डा. अनुज प्रभात की कहानी पर समीक्षात्मक टिप्पणी करते हुए कहा, ड़ अनुज प्रभात की कहानी 'तीन दिन पुरानी मिठास' मानवीय संबंधों की सूक्ष्म पड़ताल करने वाली एक अत्यंत संवेदनशील कहानी है। लेखक ने एक सामान्य-सी प्रतीत होने वाली घटना के माध्यम से विश्वास, संवादहीनता, गलतफहमी और संबंधों की नाजुकता को बड़ी सहजता और कलात्मकता के साथ प्रस्तुत किया है। कहानी का सबसे बड़ा गुण इसकी सादगी है। इसमें न तो कोई बड़ा कथानक है और न ही घटनाओं का अनावश्यक विस्तार, फिर भी यह पाठक को अंत तक बाँधे रखती है। सुनैना द्वारा जन्मदिन की तैयारियों को पूरे मनोयोग से करना और एक छोटी-सी गलतफहमी के कारण उसके प्रति बदलते व्यवहार को लेखक ने अत्यंत मार्मिक ढंग से उकेरा है। 'वह एक नजर, जिसमें सवाल नहीं था, यकीन की कमी थी' यह पंक्ति कहानी के पूरे भावबोध को अपने भीतर समेटे हुए है। वास्तव में, किसी भी रिश्ते में सबसे पहले विश्वास ही टूटता है और उसके बाद संवाद। इस लाइव कार्यक्रम में सिद्धेश्वर ने डा अनुज प्रभात से एक संक्षिप्त भेंट-वार्ता भी प्रस्तुत की। सिद्धेश्वर के संयोजन में आयोजित 'अवसर कथा एवं बाल साहित्य सप्ताह' की अध्यक्षता डा अनुज प्रभात ने की। इस अवसर पर सर्वश्री विज्ञान वत, ड़ा अनुज प्रभात, सिद्धेश्वर, पुष्पा पांडेय, राज प्रिया रानी, प्रवीण राही, अविनाश बंधु, वीरेंद्र कुमार भारद्वाज, ड़ा शरद नारायण खरे, प्रभात कुमार धवन, विजया कुमारी मौर्या, अनीता मिश्रा सिद्धि, सुधा पांडेय, विजयानंद विजय, घनश्याम कालजयी, कुमारी सुविधा, इंदु उपाध्याय, अनुभव राज, नंदकुमार आदित्य, डा. रशीद गौरी तथा रेखा भारती मिश्रा आदि की कहानियाँ, बाल कविताएँ एवं बाल कथाएँ प्रस्तुत की गईं।

## संक्षिप्त खबरें

### सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर, एक ही छत के नीचे मिले 17 विभागों के लाभ

**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रखंड प्रमुख उदय सहनी दरभंगा सदर की अध्यक्षता में सदर प्रखंड अंतर्गत लोआम स्थित मदरसा परिसर में सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना था।शिविर में कुल 17 विभागों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इनमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, आपूर्ति विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, मनरेगा, कृषि विभाग, लघु जल संसाधन, स्वास्थ्य विभाग, सहकारिता, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, जीविका, पीएचईडी तथा पंचायती राज विभाग शामिल थे, कार्यक्रम में सदर एसडीपीओ राजीव कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी सह सदर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ रवि रंजन, आपूर्ति पदाधिकारी राजेश कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा प्रेम कुमार, मोहन कुमार और विपिन कुमार, सदर इंस्पेक्टर मनोज कुमार, लोआम मुखिया मोहम्मद अकील फैजी,छोटाई पट्टी मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद पप्पू सहित अन्य पदाधिकारियों ने शिविर में प्राप्त आवेदनों और शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया। लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी और सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।




### रैयाम एवं सकरी में नई सहकारी चीनी मिल स्थापना को लेकर समीक्षा

**मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने की उच्चस्तरीय बैठक की**

**दरभंगा (एनएसबी)।** मुख्य सचिव, बिहार प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रैयाम एवं सकरी, दरभंगा में नई सहकारी चीनी मिल की स्थापना के संबंध में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नई सहकारी चीनी मिलों की स्थापना की प्रगति, किसानों की सहभागिता तथा गन्ना उत्पादन बढ़ाने की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार ने जिले के किसानों द्वारा प्राप्त सुझावों एवं अपेक्षाओं से मुख्य सचिव को अवगत कराया तथा सहकारी चीनी मिलों की स्थापना के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।मुख्य सचिव ने बैठक में उपस्थित मुखिया, प्रमुख एवं पैक्स अध्यक्षों से संवाद करते हुए उनके सुझाव प्राप्त किए तथा सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों को गन्ना की खेती अपनाने तथा सहकारी समिति का सदस्य बनने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूक करने का आह्वान किया।रैयाम एवं सकरी चीनी मिल के कार्यक्षेत्र की जानकारी बैठक में बताया गया कि रैयाम सहकारी चीनी मिल के कार्यक्षेत्र में 6 प्रखंडों के 580 ग्राम, जबकि सकरी सहकारी चीनी मिल के कार्यक्षेत्र में 12 प्रखंडों के 697 ग्राम शामिल किए गए हैं।मुख्य सचिव ने कहा कि सहकारी समिति की सदस्यता के लिए 18 वर्ष या उससे अधिक आयु निर्धारित की गई है। पात्र किसानों का अधिकाधिक सदस्यता पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक निदेशक विकास अजीत कुमार प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. सिद्धार्थ, ईख पदाधिकारी पुष्कर राज सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जन सहयोग शिविर में महिलाओं को सरकारी योजनाओं एवं सुरक्षा हेल्पलाइन की दी गई जानकारी

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा जिले के बेनीपुर प्रखंड अंतर्गत बाथो रैयाम पंचायत भवन में जन सहयोग शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन, विशेषकर महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा उन्हें सरकारी सेवाओं से जोड़ना था।शिविर में जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेनस दरभंगा की ओर से लैंगिक विशेषज्ञ डॉली कुमारी एवं वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ वीरेन्द्र कुमार ने उपस्थित महिलाओं एवं आमजन को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक एवं कानूनी रूप से सशक्त बनाने के लिए संचालित विभिन्न कार्यक्रमों तथा वित्तीय जागरूकता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर महिला सुरक्षा एवं सहायता से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। उपस्थित लोगों को महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 तथा आपातकालीन सेवा-112 के प्रभावी उपयोग के बारे में जागरूक किया गया।

### 24 से 26 जुलाई तक केवटी, सिंहवाड़ा एवं मनीगाछी प्रखंडों में लगेगा विशेष कैंप

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में रैयाम चीनी मिल को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि रैयाम चीनी मिल सहकारी समिति की सदस्यता तथा गन्ना किसान पंजीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके तहत 24 जुलाई 2026 से 26 जुलाई 2026 तक केवटी, सिंहवाड़ा एवं मनीगाछी प्रखंड में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। जिला पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीनों प्रखंडों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित तिथियों में कैंप का सफल संचालन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक किसानों को सहकारी समिति की सदस्यता एवं गन्ना किसान पंजीकरण से जोड़ा जाए।जिला पदाधिकारी ने कहा कि कैंपों में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा किसानों को अधिकाधिक संख्या में कैंप तक लाकर इस अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया।

### बेरि पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन

**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत बेरि पंचायत सरकार भवन में ग्रामीणों की समस्या के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से जन सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की विशेषता यह रही कि अंचल अधिकारी राकेश सिंह यादव, एम ओ आशीष रंजन, ने स्वयं मौके पर पहुंचकर आम जनता की समस्याएं को सुनी और कई मामले को ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया वहीं एम ओ आशीष रंजन ने एक-एक कर ग्रामीणों की शिकायतें सुनी तथा संबंधित विभागों के कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए शिविर में केवल आवेदन प्राप्त ही नहीं किए गए बल्कि उन पर त्वरित कार्रवाई भी की गई मौके पर मौजूद अधिकारियों की टीम ने आपस में समन्वय के साथ भूमि संबंधी मामले ,विकास योजनाओं, तथा अन्य जनहित मामलों से जुड़े मुद्दों का निष्पादन किया, शिविर में अंचल अधिकारी राकेश सिंह यादव एम ओ आशीष रंजन डीपीआरओ पंचायत सचिव सहित कई विभागों के कर्मचारी मुखिया सुनीता देवी मुखिया प्रतिनिधि राहुल कुमार भोला ठाकुर भागेश्वर कमती, गणेश पाठक,काशीकान्त कमती सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### सकतपुर थाना का निरीक्षण, लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश

**तारडीह (एनएसबी)।** ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, दरभंगा ने सकतपुर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।निरीक्षण के क्रम में आगंतुक पंजी, पासपोर्ट पंजी, आरटीआई पंजी, महिला हेल्प डेस्क, लोक शिकायत पंजी, मासिक कार्य विवरणी, मालखाना, ओडी जांच, हाजत सुरक्षा, चार्जशीट, स्टेशन डायरी सहित विभिन्न अभिलेखों की जांच की गई।ग्रामीण एसपी ने हत्या, लूट, डकैती समेत संगीन अपराधों एवं लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, वारंटों के निष्पादन, लंबित कांडों के त्वरित निपटारे तथा नए आपराधिक कानून के अनुरूप वैज्ञानिक एवं फॉरेंसिक तरीके से अनुसंधान करने का निर्देश दिया। साथ ही वाहन जांच, रात्रि गश्ती, बैंक व एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कुशेश्वरस्थान पूर्वी में सहयोग शिविर आयोजित, डीएम एवं एसएसपी ने स्वयं सुनीं आमजन की समस्याएं

**डीएम ने सभी विभागीय स्टॉलों का किया निरीक्षण,परिवादियों से सीधे संवाद कर त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश**

**दरभंगा (एनएसबी)।** नगर पंचायत कुशेश्वरस्थान पूर्वी स्थित मध्य विद्यालय (बालक) परिसर में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का निरीक्षण जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जला रेड्डी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर वहाँ उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने शिविर में उपस्थित परिवादियों से सीधे संवाद स्थापित किया तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कई आवेदकों से स्वयं आवेदन प्राप्त कर संबंधित मामलों की जानकारी ली और मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।



लोगों की फरियाद सुनते डीएम एसएसपी एसपी एवं अन्य ।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनें तथा पात्र लाभुकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें। वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जला रेड्डी ने भी शिविर का निरीक्षण करते हुए आमजन से बातचीत की तथा पुलिस प्रशासन से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को सरकारी योजनाओं, प्रमाण-पत्रों, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, भूमि संबंधी मामलों, पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी एवं सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं।

## निमैठी गोलीकांड में चार आरोपी गिरफ्तार, दो बाइक और पांच मोबाइल बरामद

**बहेड़ी (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के ददरवारा और निमैठी चौक के बीच चौधरी मोटर्स के समीप 9 जुलाई की रात हुए गोलीकांड का दरभंगा पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।पुलिस के अनुसार, 9 जुलाई की रात करीब 8:50 बजे निमैठी गांव निवासी संजीव सिंह को दो मोटरसाइकिलों पर सवार अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस संबंध में बहेड़ी थाना में कांड संख्या 521/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और अन्य तथ्यों के आधार पर मामले का खुलासा किया।अनुसंधान में सामने आया कि घायल संजीव सिंह और मोहम्मद आसिफ के बीच करीब तीन लाख रुपये के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण घटना की साजिश रची गई। पुलिस के अनुसार, योजनाबद्ध तरीके से मोहम्मद आसिफ, अनमोल कुमार, सोलित मंडल, मानस कुमार सहित अन्य लोगों ने घटना को अंजाम दिया।


प्रेस वार्ता करते पुलिस पदाधिकारी।

पुलिस ने इस मामले में मोहम्मद आसिफ , अनमोल कुमार , सोलित मंडल तथा मानस कुमार लाल को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान एक बिना नंबर प्लेट की अपाचे मोटरसाइकिल, एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल तथा पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।छापेमारी दल में बहेड़ी थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक सूरज कुमार गुप्ता, डीआईयू प्रभारी अमृत कुमार, अनुसंधानकर्ता अमित कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रोशन कुमार सहित तकनीकी शाखा एवं थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## दरभंगा एयरपोर्ट को उत्तर बिहार का आधुनिक एवं विश्वस्तरीय विमानन केंद्र बनाने की हो रही पहल: डा गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा एयरपोर्ट के डायरेक्टर के साथ सांसद ने की समीक्षा बैठक, यात्री सुविधाओं को बढ़ाने का दिया निर्देश**

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा में हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत पहचान मिल रही है। उस हवाई अड्डे को आधुनिक तथा विश्वस्तरीय विमानन केंद्र बनाने की दिशा में ठोस पहल किए जा रहे हैं। इस एयरपोर्ट से मौजूदा विमान परिचालन की संख्या में बढ़ोतरी तथा यहां से देश के सभी प्रमुख महानगरों एवं धार्मिक स्थलों के लिए उड़ान सेवा शुरू करने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय के द्वारा औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए पहल शुरू कर दी गई है। स्थानीय सांसद सह दरभंगा एयरपोर्ट सलाहकार समिति के चेयरमैन डॉ गोपाल जी ठाकुर ने रविवार को दरभंगा एयरपोर्ट निदेशक डॉ दिलीप कुमार के साथ उनके कार्यालय कक्ष में एक बैठक कर एयरपोर्ट के विकास कार्यों एवं यात्री सुविधाओं की समीक्षा की तथा विभिन्न लंबित विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके शीघ्र समाधान एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर बल दिया। सांसद डा ठाकुर ने डायरेक्टर के साथ दरभंगा एयरपोर्ट को उत्तर बिहार का एक आधुनिक एवं विश्वस्तरीय विमानन केंद्र बनाने की दिशा में किए जा रहे पहल की चर्चा करते हुए कहा कि नाइट लैंडिंग सेवा की शुरूआत, नए टर्मिनल भवन के निर्माण कार्यों, सीआईएसएफ के कार्यालय स्थायी आवासीय भवन सहित अन्य सुविधाओं के साथ साथ इस एयरपोर्ट से जुड़े प्रमुख मुद्दों का लगातार फालोअप करते रहें। सांसद डा ठाकुर ने एयरपोर्ट निदेशक को निर्देशित करते हुए कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट से विमान सेवा रद्द करने पर यात्रियों को पूर्व सूचना दिए जाने के लिए विमानन कंपनी के अधिकारयों के साथ बैठक कर इस तरह की शिकायतों को दूर करें। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा एयरपोर्ट को मिथिला क्षेत्र का गौरव बताते हुए कहा कि नए टर्मिनल भवन के अस्तित्व में आ जाने के बाद दरभंगा की हवाई कनेक्टिविटी देश स्तर पर एक उदाहरण साबित होगा।



## दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज एवं लायंस क्लब दरभंगा टाउन का सामाजिक सरोकारों की दिशा में ऐतिहासिक कदम

**तकनीकी शिक्षा के साथ मानवता के संस्कार भी सीखेंगे विद्यार्थी**

**दरभंगा (एनएसबी)।** समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए लायंस क्लब दरभंगा टाउन एवं दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज के बीच आज एक प्रेरणादायक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भावना एवं मानवता के मूल्यों से जोड़ना था।बैठक में लायंस क्लब दरभंगा टाउन की ओर से अध्यक्ष लायन अभिषेक चौधरी, सचिव लायन विशाल पंसारी एवं प्रथम उपाध्यक्ष लायन अमरनाथ सिंह उपस्थित रहे। वहीं दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर से प्राचार्य प्रो. (डॉ.) चंदन कुमार सिंह, एनएसएस समन्वयक प्रो. इंजीनियर जावेद अख़्तर, कॉलेज की कोर टीम तथा अन्य वरिष्ठ प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान हंगर प्रोजेक्ट, हेल्थ प्रोजेक्ट, विजन प्रोजेक्ट, डायबिटीज जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, युवा नेतृत्व विकास तथा अन्य मानवीय गतिविधियों पर संयुक्त रूप से कार्य करने की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही 23 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले महा रक्तदान शिविर की तैयारियों, स्थान चयन एवं व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। इस वर्ष शिविर को पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक सुव्यवस्थित, प्रभावी एवं जनभागीदारीपूर्ण बनाने पर विशेष बल दिया गया।प्राचार्य प्रो. डॉ. चंदन कुमार सिंह ने कहा- एक उत्कृष्ट इंजीनियर बनने के लिए केवल तकनीकी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि संवेदनशीलता, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवता की भावना भी उतनी ही आवश्यक है। हमें प्रसन्नता है कि लायंस क्लब दरभंगा टाउन के सहयोग से हमारे विद्यार्थियों को समाज सेवा से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे वे केवल सफल प्रोफेशनल ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार, संवेदनशील और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित नागरिक भी बनेंगे। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य समाज को बेहतर बनाना है और यह पहल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लायन अमरनाथ सिंह ने कहा- आज का विद्यार्थी ही कल का वैज्ञानिक, इंजीनियर, प्रशासक और राष्ट्र निमार्ता है। यदि उसके भीतर सेवा, करुणा और मानवता के संस्कार विकसित होंगे, तो उसके द्वारा किए गए प्रत्येक नवाचार का लाभ समाज को मिलेगा।


लायंस क्लब दरभंगा टाउन की ओर से अध्यक्ष लायन अभिषेक चौधरी एवं अन्य

## रेड क्रॉस सोसाइटी किसी भी आपदा या विपदा में आगे बढ़कर काम करती रहेगी :डॉ आर बी खेतान

**दरभंगा (एनएसबी)।** समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में टीबी भारत मुक्ति अभियान के अंतर्गत दरभंगा के जिलाधिकारी सह अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पोषण किट (फूड बास्केट) वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान चिन्हित टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि टीबी उन्मूलन की दिशा में जिले में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के बिहार राज्य प्रतिनिधि डॉ आर बी खेतान ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी, दरभंगा ने संकल्प लिया कि हमेशा की तरह किसी भी आपदा या विपदा की घड़ी में आगे बढ़ कर काम करती रहेगी एवं जिला प्रशासन के कदम में कदम मिला कर साथ देती रहेगी।डॉ खेतान ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी,दरभंगा हमेशा आपदा के लिए तैयार है चाहे बढ़ हो आग लगी हो या अन्य कोई आपदा हो, रेड क्रॉस सोसाइटी हमेशा जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के साथ खड़ी रहेगी। रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन डॉ बी बी शाही ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में भी चिह्नित मरीजों की भी सेवा की जाएगी। सचिव आलोक कुमार मुन्ना ने बताया कि जिला प्रशासन की ये बहुत ही अच्छी पहल है और भी जगह हमलोग फूड बास्केट मरीजों में बांटेंगे और दरभंगा को टीबी मुक्त बनाएंगे। कोषाध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक राघवेंद्र कुमार ने मरीजों को स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने की सलाह दी। जिलाधिकारी ने कहा कि टीबी मरीजों को सरकार द्वारा निर्धारित पोषण सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है।



## बेहतर सुविधा से छात्रों में बढ़ेगी रुचि : कुलपति

**संस्कृत महाविद्यालय में नए छात्रावास की आधारशिला रखी**

**दरभंगा (एनएसबी)।** अकसर ऐसा देखा गया है कि बेहतर सुविधा मिलने से छात्रों में पठन- पाठन के प्रति रुचि बढ़ती है। इसलिए छात्रों के हितों और उससे जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी तो बेशक संस्कृत से भी उसका जुड़ाव बढ़ेगा। ऐसा करने से भी कालेजों में छात्रों की संख्या हमलोग बढा सकते हैं। पटना के राजकीय संस्कृत कालेज में नए छात्रावास के शिलान्यास करने के बाद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लक्ष्मीनिवास पाण्डेय ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि छात्रों की अधिकता को देखते हुए यहां नए छात्रावास की अत्यन्त आवश्यकता है। छात्रावास के निर्माण होने पर इस महाविद्यालय के प्रति छात्रों का आकर्षण और बढेगा जो संस्कृत व संस्कृति के विकास में सहायक होगा। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि वैदिक मंगलाचरण के बीच किये गए शिलान्यास कार्यक्रम को सम्पन्न करने के बाद कुलपति प्रो पांडेय ने यह भी कहा कि उक्त छात्रावास आधुनिक सुविधाओं के साथ वैदिक गुरुकुल परम्परा को भी पुनर्जीवित करेगा।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.मनोज कुमार ने सभी आगन्तुकों का स्वागत किया और छात्रावास की रूपरेखा भी कुलपति के सामने प्रस्तुत की। उन्होंने आशा जताई कि यह छात्रावास का निर्माण बहुत शीघ्र होगा और इसका उद्घाटन भी कुलपति प्रो पांडेय ही करेंगे। वहीं , संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.दिनेश झा एवं वित्त पदाधिकारी डॉ पवन कुमार झा की विशिष्ट उपस्थिति भी कार्यक्रम की शोभा बढा गई। इन पदाधिकारी द्वय का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रभारी कुलपति सह वरिष्ठ आचार्य प्रो.उमेश शर्मा, डॉ.शशिकान्त तिवारी, डॉ. विवेकानंद पासवान, डॉ.गोपाल झा, डॉ. सुजीत सौरभ सहित समस्त कर्मचारियों के साथ स्थानीय वार्ड पार्षद कैलाश यादव , हथुआ ज्ञानोदय संस्कृत महाविद्यालय, मंदिरी के प्रभारी प्रिंसिपल डॉ.अनिल कुमार झा, बख्तियारपुर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बालमुकुंद मिश्र भी उपस्थित रहे।


आधारशिला रखते कुलपति एवं अन्य ।

## विवि संस्कृत के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो कालिका दत्त झा के आकस्मिक निधन पर शोकसभा आयोजित

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो कालिका दत्त झा के आकस्मिक निधन पर विश्वविद्यालय संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णकान्त झा की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ आर एन चौरसिया, डॉ शिखर वासिनी, डॉ राजीव कुमार, डॉ ममता स्नेही, डॉ मोना शर्मा, डॉ संजीव कुमार साह, डॉ प्रियंका राय, डॉ आदित्य कुमार सिंह, मंजू राय, उदय कुमार उदेश, योगेन्द्र पासवान, जिग्नेश कुमार, कुमकुम कुमारी, श्वेता शिवानी, दयानन्द, ईशान, चंदन कुमार साहू, महेश कुमार, विशाल कुमार, विकास कुमार, सिमरन साक्षी, प्राची कुमारी, रानी कुमारी आदि उपस्थित थे।ज्ञातव्य है कि प्रो झा का निधन रविवार को प्रातः उनके लक्ष्मीसागर, दरभंगा स्थित निजी आवास पर हो गया। अपने शोक संदेश में विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णकान्त झा ने कहा कि प्रो कालिका दत्त अनुपम विद्वान्, स्वभाव से अत्यंत सरल एवं विनीत, मधुरभाषी एवं समाजसेवी थे। वे अजातशत्रु की तरह हमेशा समय के पाबंद एवं लोगों के मददगार रहे। प्रो झा मूलतः सौराठ, मधुबनी के निवासी थे। वे 7 अगस्त, 1982 से 30 सितंबर, 2015 तक विभाग में कार्यरत रहे तथा काफी लंबे समय तक विभागाध्यक्ष भी रहे। विश्वविद्यालय शिक्षक संघ में भी वे काफी सक्रिय भूमिका में रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### पुण्य तिथि पर याद किए गए पूर्व सांसद राम चंद्र पासवान



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** मंगलवार को शहर के रामबाबू चौक स्थित रालोजपा जिला कार्यालय में रालोजपा कार्यकताओं ने नगर अध्यक्ष उमा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में दलित सेना के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं, समस्तीपुर के लोकप्रिय पूर्व सांसद स्मृति शेष रामचंद्र पासवान की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर सर्वप्रथम कार्यकताओं ने स्वर्गीय पासवान के छाया चित्र पर पुष्प व माला अर्पित का श्रद्धांजलि दी गई तत्पश्चात दो मिनट का मौन रख कर उनके आत्मा की चिर शांति के लिए प्रार्थना की। तत्पश्चात उनके कीर्ति को याद करते कार्यकर्ता भावुक हो गए। रामचंद्र पासवान मधुरभाषि एवं मिलनसार दलित के बड़े नेता थे। सन 1999 से लेकर 2019 तक लगातार चार बार लोक सभा में सांसद बने। उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र में सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को लागू करवा कर समस्तीपुर के विकास में योगदान दिया। मौके पर पुसा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल शर्मा, नगर उपाध्यक्ष रवि कुमार झा, रालोजपा नेता पप्पू कुमार, छोटू कुमार, मोहम्मद साकिब उपस्थित थे।

### जर्जर सड़क के मामले में सांसद व विधायक ने पहल करते हुए अविलंब सड़क निर्माण कराए जाने की मांग

**बिथान (एनएसबी)।** बिथान बाजार की जर्जर सड़क के अविलंब निर्माण कराए जाने को ले खगड़िया सांसद राजेश वर्मा ने जिलाधिकारी समस्तीपुर को पत्र लिखकर शीघ्र ही उचित पहल करने का आग्रह किया है। सांसद ने अपने पत्र में बिथान बाजार स्थित काली मंदिर बिथान से दशरथ चौक तक जाने वाली मुख्य सड़क की स्थिति काफी जर्जर होने की जानकारी देते हुए उक्त सड़क पर जलजमाव एवं जगह जगह गढ्ढा होने के कारण प्रायः सड़क दुर्घटना होने का भी जिक्र किया है। सांसद ने पत्र की प्रतिलिपि अनुमंडल पदाधिकारी रोसड़ा तथा कार्यपालक अभियंता ग्रामण कार्य विभाग रोसड़ा को भी प्रेषित किया गया है। वहीं दूसरी तरफ चालू मानसून सत्र में हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार राय ने भी प्रभारी सचिव बिहार विधानसभा के माध्यम से समस्तीपुर जिला अंतर्गत आनेवाले हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के बिथान प्रखंड के बिथान काली स्थान पीडब्ल्यूडी सड़क से बिथान बाजार बस स्टैंड होते हुए जगमोहरा ढाला तक जानेवाली सड़क की पांच वर्षों से अति जर्जर होने की जानकारी देते हुए जनहित में उक्त सड़क के संबंधित कार्य एजेंसी के माध्यम से शीघ्र निर्माण कराए जाने का आग्रह किया है। विधायक ने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए यह भी जानकारी दी कि उक्त सड़क पर जलजमाव एवं जगह जगह गढ्ढे होने के कारण अक्सर सड़क दुर्घटना होती है एवं आमलोगों को भी आवागमन में काफी असुविधा होती है। बताया जाता है कि सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यम से लोगों ने सांसद राजेश वर्मा एवं विधायक राजकुमार राय से इस मामले में उचित पहल करने की मांग की थी।

### शिक्षा सुधार की मांग को लेकर बिथान में युवाओं ने किया पैदल मार्च, सोनम वांगचुक को दिया समर्थन एमएम




**बिथान (एनएसबी)।** स्थानीय बाजार में सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने शिक्षा सुधार सहित युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों तथा सोनम वांगचुक के समर्थन में पैदल मार्च निकाला। इस दौरान युवाओं ने हाथों में तख्तियां एवं बैनर लेकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार के बेहतर अवसर तथा युवाओं के हितों से जुड़ी मांगों के समर्थन में जम कर नारे लगाए। पैदल मार्च दुर्गा मंदिर रोड से शुरू होकर बड़ी ठाकुरबाड़ी रोड, बस स्टैंड रोड सहित बिथान बाजार के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान प्रतिभागियों ने शांतिपूर्ण ढंग से रैली निकालते हुए लोगों को शिक्षा के महत्व और युवाओं की समस्याओं के प्रति जागरूक किया। साथ ही उन्होंने सोनम वांगचुक के विचारों और शिक्षा के प्रति उनके प्रयासों का समर्थन भी व्यक्त किया। मार्च में संजय सिंह, आशीष राज, शिवशंकर कुमार, अमन कुमार, अनुभव कुमार, बादल कुमार, संतोष कुमार, अंकेश कुमार, समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं युवा शामिल रहे।

### बेलाही से विभिन्न धाराओं के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बिथान/एनएसबी।** बिथान थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में दर्ज एक मामले के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बिथान थाना कांड संख्या 112/25, दिनांक 19 अक्टूबर 2025 के नामजद अभियुक्त विलो राम, निवासी ग्राम बेलाही, थाना बिथान, जिला समस्तीपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष के अनुसार, उक्त अभियुक्त के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज था और उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसके घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।


### एएसआई राकेश कुमार को दी गई समारोह पूर्वक ससम्मान विदाई

फोटो 05, एएसआई को सम्मानित करते सहकर्मी।



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** सहायक अवर निरीक्षक राकेश कुमार के स्थानांतरण के पर मंगलवार को थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में थानाध्यक्ष सूरज कुमार, अपर थानाध्यक्ष आराधना कुमारी सहित पुलिस पदाधिकारियों, जवानों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों ने उन्हें मैथिल परंपरा के अनुसार पाग, चादर व माला से सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि, एएसआई राकेश कुमार ने अपने लगभग तीन वर्षों के कार्यकाल के दौरान पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका यथासंभव समाधान करने का प्रयास किया। उनके सरल, मिलनसार और अनुशासित व्यवहार के कारण वे पुलिस विभाग के साथ-साथ आम लोगों के बीच भी काफी लोकप्रिय रहे। वहीं सहकर्मियों ने कहा कि उन्होंने हमेशा टीम भावना के साथ कार्य करते हुए कई महत्वपूर्ण मामलों के निष्पादन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने हमेशा विभागीय अनुशासन का पालन किया तथा अपने कार्यों से पुलिस की सकारात्मक छवि प्रस्तुत की। उनके स्थानांतरण से थाना परिवार ही क्षेत्र वासियों को भी उनकी कमी खलेगी। अपने संबोधन में एएसआई राकेश कुमार ने कहा कि, भक्त और भगवान की मिलन स्थली विद्यापतिनगर में बिताया गया समय उनके जीवन का अमूल्य धरोहर है। उन्होंने थाना परिवार, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों द्वारा मिले सहयोग और स्नेह के लिए सभी का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि यहां की यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी। मौके पर एसआई सलीम रजा, एएसआई रवि कुमार, पीटीसी रविन्द्र कुमार, मुंशी पंकज कुमार, अमर कुमार महतो, मनीष सिंह, गोविंद गिरि, बबलु कुमार, शंकर पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### भारतीय ज्ञान प्रणाली पर व्याख्यान आयोजित : शिक्षा के भारतीय दृष्टिकोण पर हुआ मंथन



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड स्थित स्वायत्त उच्च शिक्षण संस्थान संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, वीरसिंह पुर में इंट्रोडक्शन टू इंडियन नॉलेज सिस्टम : दर्शनशास्त्र, स्कोप एंड रिलीवेंस्ड विषय पर एक शैक्षणिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भावी शिक्षकों को भारतीय ज्ञान परंपरा की दार्शनिक पृष्ठभूमि, व्यापक स्वरूप तथा वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में उसकी प्रासंगिकता से परिचित कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रोली द्विवेदी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि, भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के निर्माण का सशक्त आधार है।

# 79 साल का हुआ समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर




प्रतिवेदन का विमोचन करते प्राचार्य व अन्य।




पुरस्कृत छात्र-छात्राएं व अन्य।

## भव्य समारोह पूर्वक मना स्थापना दिवस

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के जितवारपुर स्थित जिले का गौरव, जिले में उच्च शिक्षा के परम्परा की मिसाल समस्तीपुर कॉलेज आज 79 वर्ष का हो गया। इसके 79 वें स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शशि भूषण कुमार शशि की अध्यक्षता में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सबसे पहले मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य, समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर डॉ मीना प्रसाद, ने फीता काट५कर समारोह का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य व आगत अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं कुलगीत के साथ समारोह की शुरूआत की गई। इसी क्रम में मिथिला परंपरानुसार पुष्पमाला, पाग, चादर और स्मृति-चिन्ह से तमाम आगत अतिथियों को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान अतिथियों, प्रधानाचार्य एवं वरीय शिक्षकों ने संयुक्त रूप से महाविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन- 2026 का विमोचन किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि, यह महाविद्यालय सिर्फ शिक्षण संस्थान नहीं बल्कि सर्वांगीण एवं उच्च शिक्षा की परंपरा है। हमारे महाविद्यालय का इतिहास गौरवमय रहा है। इस इतिहास को अक्षुण्ण बनाए रखने के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के उन्नत जीवन व उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना हमारा प्रथम उद्देश्य है। इसके लिए हम शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों का आयोजन करते रहते हैं। जिससे अच्छे व कुशल नागरिक देश को मिल सके। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. प्रसाद ने कहा कि, समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर की स्थापना में अनेक विभूतियों का योगदान रहा है। उन विभूतियों में रघुनंदन सिंह भी शामिल थे। सौभाग्य से मैं उनकी पोती हूँ। महाविद्यालय स्थापना के उद्देश्य को पूर्ण करने के साथ साथ महाविद्यालय द्वारा स्थापित मानकों व परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। इसके लिए छात्र-छात्राएं समर्पित भाव से अध्ययन करें ताकि हमारा गौरवमय इतिहास सुरक्षित रहे। इस दौरान बलिराम भगत महाविद्यालय, समस्तीपुर के प्रधानाचार्य डॉ जगदीश प्रसाद वैश्यंत्री, डॉ एल.के.वी.डी. कॉलेज, ताजपुर, के प्रधानाचार्य प्रोफेसर धर्मराज राम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विगत तीन दिनों आयोजित 10 प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह का संयोजन डॉ रीता चौहान ने किया। वहीं मंच संचालन डॉ रोहित प्रकाश एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ महेश कुमार चौधरी ने किया। मौके पर डॉ. राहुल मनहर, डॉ. दयानंद मेहता, डॉ खुर्शीद अहमद खान, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. शालिनी कुमारी भावसिंका, डॉ. प्रतिभा कुमारी, डॉ. प्रिया दुबे, डॉ. संजय कुमार, डॉ. अखिल वर्मा, डॉ. कुणाल, डॉ. दिनेश्वर राय, डॉ. अशोक कुमार, योगेन्द्र राय समेत महाविद्यालय परिवार उपस्थित था।

# कृषि पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा में नामांकन की प्रक्रिया शुरू

## 15 सीटों पर विश्वविद्यालय स्तर पर होगा नामांकन



विश्वविद्यालय का विहंगम दृश्य।

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में कृषि पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा मे नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस क्रम में नामांकन हेतु आवेदन की तिथि घोषित कर दी गई है। इस बाबत जानकारी देते हुए पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. कुमार राज्यवर्धन ने बताया कि, नामांकन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2026 है।

उन्होंने बताया कि, विश्वविद्यालय में कृषि पत्रकारिता की पढ़ाई स्कूल आफ एग्री-बिजनेस एंड रूरल मैनेजमेंट में कराई जाती है। इस पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए 15 सीट है। इस एक वर्षीय पाठ्यक्रम में छः महीने का कोर्स वर्क है जबकि छह महीने का इंटर्नशिप है। कृषि पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के लिए कुल शुल्क हॉस्टल सहित लगभग तीस हजार रुपए प्रति सेमेस्टर है। पहले सेमेस्टर में छात्रों को विश्वविद्यालय में ही सैध्दांतिक विषय पढाये जायेंगे एवं विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो एवं टीवी स्टूडियो में प्रायोगिक विषयो का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरे छमाही सेमेस्टर में इंटर्नशिप की व्यवस्था किसी प्रसिद्ध टीवी चैनल या हिंदी एवं अंग्रेजी के बड़े अखबार में विश्वविद्यालय की ओर से कराई जाती है। कृषि पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के लिए वैसे छात्र छात्राएं आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने पत्रकारिता में बीए या मनोविज्ञान, समाजविज्ञान, अर्थशास्त्र , हिंदी या अंग्रेजी में से किसी भी विषय से स्नातक की उपाधि हासिल की हो। कृषि में बीएससी और बीबीए की डिग्री वाले छात्र भी आवेदन कर सकते हैं।

हालिया वर्षों में कृषि क्षेत्र में हो आए व्यापक बदलाव, नित नए अनुसंधान, उपलब्धियों आदि के परिपेक्ष्य में कृषि पत्रकारिता के छात्रों की मांग टीवी चैनल एवं अखबार के अतिरिक्त लगभग सभी कृषि विश्वविद्यालय में महसूस की जा रही है। डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं बीएयू सबोर समेत देश भर के कई विश्वविद्यालय पूसा में भी मीडिया सेल और सामुदायिक रेडियो शुरू किया गया है, जहां ऐसे छात्रों की मांग है। कृषि पत्रकारिता में नामांकन के लिए 15 सीट है। कृषि पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के लिए कुल शुल्क हास्टल सहित लगभग तीस हजार रुपए प्रति सेमेस्टर है। पहले सेमेस्टर में छात्रों को विश्वविद्यालय में ही सैध्दांतिक विषय पढाये जायेंगे एवं विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो एवं टीवी स्टूडियो में प्रायोगिक विषयो का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरी छमाही में सभी को किसी चैनल या अखबार में इंटर्नशिप के लिए भेजा जाएगा। पिछले वर्षो के रेकार्ड को देखते हुए यहां से पास होने वाले छात्रों का प्लेसमेंट भी लगभग तय माना जाता है। कृषि पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठयक्रम के 15 सीटों पर नामांकन के लिए इस बार विश्वविद्यालय स्तर पर ही नामांकन किया जाएगा। अगले वर्ष से नामांकन आइसीएआर की काउंसलिंग के माध्यम से होने की संभावना जताई जा रही है। कृषि पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के लिए डॉ कुमार राज्यवर्धन को समन्वयक बनाया गया है।

### अपोलो डेंटल हॉस्पिटल में पूर्व सदर एसडीओ दिलीप कुमार को दी गई भावभीनी विदाई, नवपदस्थापित एसडीओ राकेश कुमार का किया ससम्मान स्वागत

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के चीनी मिल परिसर स्थित अपोलो डेंटल हॉस्पिटल परिसर में पूर्व सदर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने उन्हें मिथिला की सांस्कृतिक परंपरा के अनुसार पाग एवं चादर भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी अवसर पर समस्तीपुर के नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी सदर राकेश कुमार का अपोलो डेंटल हॉस्पिटल परिवार की ओर से पाग एवं चादर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस क्रम में उपस्थित लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ देते हुए समस्तीपुर के सर्वांगीण विकास में उनके सफल नेतृत्व की अपेक्षा व्यक्त की। समारोह को संबोधित करते हुए अस्पताल के निदेशक सह मुख्य चिकित्सक डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने कहा कि, पूर्व सदर एसडीओ दिलीप कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान समस्तीपुर में विकास की एक नई पहचान स्थापित की है। उनके द्वारा किए गए जनहित एवं विकास कार्यों को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि, नवपदस्थापित सदर एसडीओ राकेश कुमार के सामने विकास की इस निरंतरता को आगे बढ़ाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी पूरी प्रशासनिक क्षमता, कार्य कुशलता, दूरदर्शिता एवं जनसेवा की भावना का परिचय देते हुए समस्तीपुर को विकास की रफ्तार को नए आयाम तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर डॉ. दयानंद कुमार, सहित अपोलो डेंटल हॉस्पिटल के चिकित्सकगण, कर्मचारीगण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### एसिड कांड की स्वतंत्र जांच और अवैध बस स्टैंड हटाने की मांग को लेकर भाकपा (माले) ने निकाला प्रतिरोध मार्च

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में हुए एसिड कांड की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने, घटना की विश्वविद्यालय से बाहर के स्वतंत्र उच्चस्तरीय विशेषज्ञों की टीम से स्वतंत्र जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई करने एवं विश्वविद्यालय की भूमि पर अवैध रूप से संचालित बस स्टैंड को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को भाकपा-माले के बैनर तले पूसा में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। यह मार्च पूसा के मानस मंदिर के निकट से शुरू की गई। विभिन्न मार्गों से होते हुए पोस्ट ऑफिस चौक की ओर मुख्य इसी क्रम में विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के निकट विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों व सुरक्षा कर्मियों ने माले कार्यकताओं को रोक दिया । जहां माले कार्यकताओं ने कुलपति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यहाँ पर सुरक्षा शाखा प्रभारी शिरीष कुमार को माले कार्यकताओं ने अपना मांग पत्र सौंपा। इसके बाद मार्च गोलंबर होते हुए बैंक चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। मार्च का नेतृत्व भाकपा-माले के प्रखंड सचिव अमित कुमार ने किया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा- माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने कहा कि 24 नवंबर 2025 को हुए एसिड कांड को छह महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है और न ही किसी जिम्मेदार व्यक्ति पर कार्रवाई हुई है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सभी पर समान रूप से होनी चाहिए। इस दौरान मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी गई। मौके पर प्रखंड कमिटी सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, जितेंद्र राय, उषा देवी, मो. आले समेत मुकेश कुमार, मो. औसेद, सुनिता देवी, रागिनी देवी, रीता देवी, सुलेखा देवी, आरती देवी, निशा देवी, सुनेना देवी, अमर पासवान आदि मौजूद थे।



### राजा चौक-साहिट ग्रामीण सड़क पर जलजमाव से राहगीरों की बढ़ी परेशानी, विभाग पर नहीं पड़ रहा कोई फर्क



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के राजा चौक से साहिट जाने वाली ग्रामीण सड़क पर हल्की बारिश होते ही जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। सड़क पर पानी भर जाने से राहगीरों, स्कूली बच्चों तथा दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। बारिश के बाद सड़क पर पानी जमा रहने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिसके कारण आए दिन बाइक और साइकिल चालक दुर्घटना का शिकार होकर घायल हो रहे हैं। कई बार बुजुर्ग और महिलाएं भी फिसलकर चोटिल हो चुकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण थोड़ी सी बारिश भी लोगों के लिए मुसीबत बन जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है, लेकिन बदहाल सड़क और जलजमाव के कारण लोगों में हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है।

# सहयोग शिविर में पहुंचे एडीएम ब्रजेश कुमार, सरकारी योजनाओं के आवेदनों का हुआ ऑन-द-स्पॉट निष्पादन



शिविर में शामिल पदाधिकारी।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ सहज एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के वाजिदपुर पंचायत भवन तथा विद्यापति प्लस टू उच्च विद्यालय, मऊ बाजिदपुर (दक्षिण) परिसर में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का निरीक्षण अपर समाहर्ता (एडीएम) ब्रजेश कुमार ने किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम ने उपस्थित लोगों से बातचीत कर शिविर की व्यवस्थाओं और सरकारी योजनाओं के लाभ मिलने की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि आम लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों का बार-बार चक्कर न लगाना पड़े। सहयोग शिविर के माध्यम से एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे लोगों को काफी सुविधा मिल रही है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नलजल (पीएचईडी), वृद्ध पेंशन एवं जमीन संबंधित समस्याओं एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किए। बीडीओ महताब अंसारी ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 250 से अधिक प्राप्त आवेदनों में से 60 का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि शेष आवेदनों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागों को अग्रसारित कर दिया गया।

शिविर में जो भी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित नहीं हुए थे उनके विरुद्ध लोगों द्वारा कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी, अंचल अधिकारी कुमार हर्ष, आरओ अरुण कुमार शर्मा, थानाध्यक्ष सूरज कुमार, पीओ भूषण मिश्रा, बीएओ अभिषेक कुमार, मुखिया मुकेश कुमार, नमिता सिंह, लालबाबू सिंह, चंद्रप्रकाश लाल सहित विभिन्न विभागों के कर्मी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सहयोग शिविर में सुनीं आमजन की समस्याएं, प्रमाण-पत्र एवं जॉब कार्ड का किया वितरण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं आरक्षी अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने सोमवार को सरायरंजन प्रखंड अंतर्गत हरपुरा बहरेता एवं अख्तियारपुर बलभद्र पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में भाग लेकर आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने शिविर में प्राप्त आवेदनों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आवास, भूमि विवाद, पेयजल, विद्युत, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, पेंशन एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर उसका निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। वहीं पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने भी लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा आम नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि अथवा असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व में प्राप्त एवं निष्पादित आवेदनों के लाभार्थियों के बीच जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं जॉब कार्ड का वितरण भी किया गया। लाभार्थियों ने समय पर सेवाओं का लाभ मिलने पर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



## संक्षिप्त खबरें

### जिला प्रशासन द्वाराजिलेभरश्र में गैस वितरण व्यवस्था की हो रही सतत निगरानी

**मधुबनी,(एनएसबी)।**मधुबनी जिले में एलपीजी गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य एवं नियंत्रित है। जिला प्रशासन के द्वारा जिले भर में गैस वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है ताकि प्रत्येक उपभोक्ता तक ससमय गैस उपलब्ध हो सके।आंकड़ों के अनुसार कुल 13 हजार 406 एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के द्वारा बुकिंग की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं के हितों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बुकिंग के अनुरूप तेजी से सिलेंडरों की आपूर्ति भी की जा रही है।शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देशजिला प्रशासन ने जिले के सभी गैस वितरकों को निर्देश दिया है कि शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है, अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है अथवा वितरण में लापरवाही बरती जाती है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सदुलहपुर पंचायत में आयोजित श्सहयोग शिविरश् में उप विकास आयुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएँ

**मधुबनी (एनएसबी)।**उप विकास आयुक्त सुमन प्रसाद साह ने मंगलवार को बिस्फी प्रखंड के सदुलहपुर पंचायत में आयोजित "सहयोग शिविर" में भाग लेकर आमजनों से सीधा संवाद किया तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 44 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। वहीं, सहयोग शिविर से पूर्व सहयोग पोर्टल के माध्यम से प्राप्त 25 ऑनलाइन आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया।उप विकास आयुक्त ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य प्रशासन को आमजन के द्वार तक पहुँचाना, उनकी समस्याओं का त्वरित




समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुँचाना है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि शेष आवेदनों का भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा लोगों से आवेदन एवं शिकायतें प्राप्त की गईं।इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. हरेन्द्र कुमार, डीएसपी बेनीपट्टी, कार्यपालक अभियंता, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### बेलहा बथनाहा सुरक्षा बांध के निकट से मिली अज्ञात महिला के शव

**फुलपरास (एनएसबी)।**पिछले दिनों बेलहा बथनाहा सुरक्षा बांध के निकट से मिली अज्ञात महिला के शव की पहचान करते हुए लौकही थाना क्षेत्र के अटरी गांव निवासी मृतका के पिता देवेन्द्र यादव ने अपनी 28 वर्षीय पुत्री आरती कुमारी की दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए फुलपरास थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया है। प्राथमिकी में उन्होंने आरोप लगाया है कि विवाह के कुछ वर्षों बाद से पति रामलखन यादव स्व भटू यादव साकिन बलभद्रपुर थाना झंझारपुर आर एस ने दो लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर उनकी पुत्री के साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाती थी तथा जान से मारने की धमकी दी जाती थी।आवेदक ने बताया कि 13 जुलाई को पुत्री से अंतिम बार फोन पर बात हुई थी, जिसके बाद उसका मोबाइल बंद मिला। बाद में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के माध्यम से घटना की जानकारी मिली। फुलपरास थाना पहुंचने पर पुलिस द्वारा दिखाए गए शव की पहचान उन्होंने अपनी पुत्री के रूप में की।इस मामले में मृतका के पति रामलखन यादव सहित पांच नामजद एवं अन्य अज्ञात लोगों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया गया है। जिसमें पति राम लखन यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में झंझारपुर जेल भेज दिया है और थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बेनीपट्टी में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग विधान परिषद में उठी

**एमएलसी घनश्याम ठाकुर ने गैर सरकारी संकल्प किया पेश, कहाझ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना प्राथमिकता**


**मधुबनी (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद के 213वें सत्र में विधान पार्षद (एमएलसी) घनश्याम ठाकुर ने मधुबनी जिले के बेनीपट्टी अनुमंडल मुख्यालय में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर गैर सरकारी संकल्प प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि बेनीपट्टी जैसे महत्वपूर्ण अनुमंडल में अब तक केंद्रीय विद्यालय की स्थापना नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।सदन में संकल्प प्रस्तुत करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि मधुबनी जिले की लगभग एक-तिहाई आबादी बेनीपट्टी अनुमंडल में निवास करती है। इसके बावजूद यहां के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है और कई प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं बेहतर शिक्षा के अवसरों से वंचित रह जाते हैं।उन्होंने कहा कि बेनीपट्टी नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटा महत्वपूर्ण सीमावर्ती क्षेत्र है। यहां केंद्रीय विद्यालय की स्थापना होने से स्थानीय एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों तथा अन्य संस्थानों में कार्यरत कर्मियों के बच्चों को भी इसका लाभ मिलेगा। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को भी मजबूती प्रदान करेगी।एमएलसी घनश्याम ठाकुर ने कहा, "बेनीपट्टी के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना मेरी प्राथमिकता है। शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे सशक्त आधारशिला है। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना इस दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगी।"अपने गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से उन्होंने बिहार सरकार से आग्रह किया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) को बेनीपट्टी में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए शीघ्र अनुशंसा भेजी जाए। साथ ही राज्य सरकार आवश्यक भूमि उपलब्ध कराकर सभी प्रशासनिक औपचारिकताएं समयबद्ध तरीके से पूरी करे, ताकि विद्यालय की स्थापना का मार्ग जल्द प्रशस्त हो सके। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य और केंद्र सरकार इस जनहित के महत्वपूर्ण विषय पर सकारात्मक निर्णय लेकर बेनीपट्टी सहित पूरे क्षेत्र के लाखों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

### दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर हवाई फायरिंग का मामला प्रकाश में आया

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के ओझौल पंचायत के आकोपुर गांव में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर हवाई फायरिंग का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि इस फायरिंग में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार इमामबाड़ी मुहल्ला निवासी नारायण साह व एकमी घाट निवासी शब्दर ईमाम उर्फ साहब के बीच जमीनी विवाद चल रहा था। एक पक्ष के नारायण साह आकोपुर गांव में अपने जमीन पर पिलर दे रहे थे। इसी बीच शब्दर ईमाम अपने सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच विवाद खड़ा हो गया। इसी बीच शब्दर ईमाम के लोगों ने हवाई फायरिंग कर एक गोली चला दिया। हवाई फायरिंग होते ही लोग इधर उधर भागने लगे। थानाध्यक्ष प्रसुंजय कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर हवाई फायरिंग होने की सुचना मिली है। किसी भी प्रकार की हताहत होने की सुचना नहीं है। किसी भी पक्ष की ओर से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। बिरौल नगर पंचायत बिरौल इन दिनों एक अजीब और गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है।

# पंचायत विकास दिवस तक नए राशन कार्ड निर्माण का लक्ष्य हर हाल में पूरा करें : जिलाधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने पंचायत विकास दिवस के अवसर पर पात्र परिवारों को नए राशन कार्ड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इस संबंध में जिला आपूर्ति शाखा द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अभियान के तहत 26 जुलाई पंचायत विकास दिवस तक अधिकतम नए राशन कार्ड निर्गत करने तथा 05 अगस्त तक निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि नए राशन कार्ड के लिए आवेदन के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे। सभी पात्र


जिलाधिकारी आनंद शर्मा

परिवारों के आवेदन पंचायत स्तर पर युद्धस्तर पर भरवाने, उनका समयबद्ध सत्यापन कराने तथा अनुमोदन की प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान की सफलता के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, पंचायत सचिव, विकास मित्र, जन वितरण प्रणाली विक्रेता तथा अन्य संबंधित कर्मियों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए। आवेदन प्राप्त होने के बाद भौतिक सत्यापन, ऑनलाइन सत्यापन, अनुमोदन एवं अंतिम निर्णय की प्रक्रिया क्रमबद्ध रूप से पूरी की जाएगी। जिला स्तर पर प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा सभी अनुमंडल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की निगरानी सुनिश्चित करेंगे।

**पत्र के अनुसार प्रत्येक चरण की समय-सीमा निर्धारित की गई है।**

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार मधुबनी जिले में के अंतर्गत 39,48,894 लाभार्थियों की सीमा निर्धारित है, जबकि वर्तमान में 36,91,643 लाभार्थी आच्छादित हैं। इस प्रकार जिले में 2,57,251 की शेष क्षमता उपलब्ध है। इस क्षमता के आधार पर जिले में 60,994 नए राशन कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें से 26 जुलाई 2026 तक 39,036 नए राशन कार्ड तथा 05 अगस्त 2026 तक अतिरिक्त 21,958 राशन कार्ड जारी किए जाएंगे। इसके लिए जिले का औसत दैनिक लक्ष्य 26 जुलाई तक 5,577 तथा 05 अगस्त तक 2,196 राशन कार्ड निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि पात्र परिवारों का कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए। अभियान की दैनिक प्रगति की सतत समीक्षा की जाएगी तथा निर्धारित लक्ष्य से पीछे रहने वाले प्रखंडों की विशेष निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और पंचायत विकास दिवस के अवसर पर इस अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जाए।

## बैरा पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित, ऑन-द-स्पॉट मामलों का हुआ निष्पादन

**जयनगर (एनएसबी)।** राज्य सरकार के निदेशानुसार मंगलवार को जयनगर प्रखंड की बैरा पंचायत में 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचाना तथा उनकी


शिविर में उमड़ी भीड़

समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना था। सुबह से ही विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर शिविर की तैयारियों में जुट गए। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी अपनी समस्याओं और आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचे। शिविर में राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन सहित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त किए गए। इसके अलावा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा दाखिल-खारिज, एलपीसी, परिमार्जन और अन्य राजस्व संबंधी मामलों का निबटारा किया गया। मनरेगा के तहत जॉब कार्ड, कृषि विभाग द्वारा कृषि इनपुट सब्सिडी, विभिन्न प्रमाण-पत्रों से जुड़े आवेदन तथा जन-शिकायतों का पंजीकरण भी किया गया। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर लाभुकों को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष मामलों के त्वरित निष्पादन का भरोसा दिया गया।शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि सरकार का उद्देश्य लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से बचाते हुए उनकी समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध कराना है। इस पहल से ग्रामीणों ने भी संतोष व्यक्त किया और इसे जनहित में उपयोगी कदम बताया।सहयोग शिविर को पूरी तरह पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तर के वरीय पदाधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। अधिकारियों की टीम विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लेती रही तथा संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी देती रही।इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बिपीन आंसू, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नागेंद्र पूर्वे, पंचायत के मुखिया, सरपंच, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।इधर, जयनगर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 12 एवं 4 में भी सहयोग शिविर आयोजित किया गया, जहां शहरी क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का पंजीकरण कर कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। शिविर के सफल आयोजन से ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सका।

## 30 जुलाई तक किसानों से अधिप्राप्त धान मिलरों तक पहुंचाएं पैक्स अध्यक्ष : एसडीएम

**जयनगर (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में धान अधिप्राप्ति एवं उसके समय पर उठाव की समीक्षा की गई। बैठक में सभी पैक्स अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि किसानों से अधिप्राप्त धान को हर हाल में 30 जुलाई तक संबंधित मिलरों के पास पहुंचाना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि सरकार की धान खरीद प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सभी की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


बैठक करते

बैठक में एसडीएम ने कहा कि कई पैक्सों में अभी भी अधिप्राप्त धान का उठाव लंबित है, जिससे किसानों के भुगतान और मिलिंग की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। उन्होंने पैक्स अध्यक्षों को निर्देश दिया कि लंबित धान का उठाव तत्काल कराएं तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर मिलरों तक उसकी आपूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही संबंधित मिलरों को भी समय पर धान प्राप्त कर मिलिंग कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया।

एसडीएम ने कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं। धान खरीद के बाद उसके उठाव में देरी होने से भंडारण की समस्या उत्पन्न होती है और किसानों को भी अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए सभी पैक्स अध्यक्ष और संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

बैठक के दौरान उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी पैक्स द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर धान मिलरों तक नहीं पहुंचाया जाता है या कार्य में लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित पैक्स अध्यक्ष एवं जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को नियमित रूप से निगरानी करने तथा प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

बैठक में धान अधिप्राप्ति से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने पैक्सवार धान उठाव की स्थिति की जानकारी दी तथा शेष कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का भरोसा दिलाया। बैठक में सहकारिता विभाग, आपूर्ति विभाग, पैक्स अध्यक्ष, संबंधित मिलर एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। एसडीएम ने सभी से सरकार के निदेशों का अक्षरशः पालन करते हुए किसानों के हित में कार्य करने की अपील की।

## सहयोग शिविर के माध्यम से आमजनों की समस्याओं को निर्धारित समयावधि में निष्पादित कराना है उद्देश्य. एसडीएम


सहयोग शिविर में उपस्थित पदाधिकारी

**बिस्फी (एनएसबी)।**प्रखंड क्षेत्र के सिंघासो पंचायत में एसडीएम सारंग पाणि पांडेय, एसडीपीओ अमित कुमार, पंचायत के मुखिया अमरेश कुमार झा ने पंचायत सरकार भवन के परिसर में सहयोग शिविर का शुभारंभ दीप प्रजवलित कर किया.शिविर में काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, महिला समूहों की सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे. सहयोग शिविर में पोर्टल के माध्यम से विभिन्न समस्याओं से संबंधित दस से अधिक आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुआ. जिसमें आवास,पेंशन से संबंधित आवेदन अधिक था. जिसमें कई आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया. वहीं शिविर के माध्यम से लगभग बीस से अधिक आवेदन जमा किया गया.पंचायत स्तर पर आयोजित इस शिविर में प्रशासन गांव तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं के समाधान एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने का कार्य किया.सहयोग शिविर के द्वारा आमजनों को सरकारी योजनाओं की जानकारी उनके पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराना, समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है.शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई तथा लोगों के आवेदन एवं शिकायती आवेदनों को प्राप्त किया गया.प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कारवाई करते हुए मौके पर ही निष्पादन भी किया गया. जिससे लोगों में विश्वास का माहौल बनता देखा गया. शिविर में उपस्थित एक-एक ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना . एसडीएम पांडेय ने कहा कि पंचायत स्तरीय एव प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करें तथा आमजनों की समस्याओं को निर्धारित समयसीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें. एसडीपीओ अमित कुमार ने पुलिस से संबंधित कार्यों एवं डायल 112 के माध्यम से त्वरित सहायता पहुचाए जाने आदि के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी.

### हाजीपुर में तैनात आत्मा के उप परियोजना निदेशक सीयाराम साहु की सड़क दुर्घटना में मौत,

**जयनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के दुल्लीपट्टी गांव निवासी एवं हाजीपुर में आत्मा के उप परियोजना निदेशक के पद पर कार्यरत सीयाराम साहु की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस दुखद खबर के मिलते ही दुल्लीपट्टी गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और घर में मातम का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि सीयाराम साहु की मौत एक सड़क दुर्घटना में हुई। घटना की सूचना मिलने के बाद उनके परिजन हाजीपुर के लिए रवाना हुए और पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव लाने की तैयारी शुरू कर दी गई। अंतिम यात्रा की तैयारियों में परिवार और ग्रामीण जुटे हुए हैं। बड़ी संख्या में रिश्तेदार, शुभचिंतक और ग्रामीण उनके आवास पर पहुंचकर शोक-संतप्त परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं।सीयाराम साहु अपने सरल स्वभाव, ईमानदार कार्यशैली और कृषि विकास के क्षेत्र में किए गए योगदान के लिए जाने जाते थे। उनके असामयिक निधन से कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय लोगों में गहरा शोक व्याप्त है। गांव में अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार की तैयारियां चल रही हैं। उनके निधन को क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।

# 15 दिनों तक घर-घर जाकर बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड और 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड

**मधुबनी (एनएसबी)।**जिले में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से 21 जुलाई से 15 दिवसीय विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, जिला क्रियान्वयन इकाई, मधुबनी के निदेशानुसार यह अभियान जिले के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान विकास मित्र घर-घर जाकर छूटे हुए पात्र लाभार्थियों तथा 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाएंगे। जिले में चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र परिवार स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभ से वंचित न रहे। योजना के तहत प्रत्येक पात्र परिवार को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध है, जबकि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ


घर जाकर कार्ड बनाते

नागरिकों को उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना आयुष्मान वय वंदना कार्ड से आच्छादित किया जाएगा।

**घर-घर जाकर किया जाएगा लाभार्थियों का पंजीकरण**

जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने निर्देश दिया है कि अभियान के दौरान विकास मित्र पात्र लाभार्थियों के घर पहुंचकर उन्हें योजना की जानकारी देंगे तथा आयुष्मान ऐप एवं वेब पोर्टल के माध्यम से कार्ड का निर्माण करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर लाभार्थियों को निकटवर्ती कॉमन सर्विस सेंटर ले जाकर भी निःशुल्क कार्ड बनवाया जाएगा। इसके लिए जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य नामित पदाधिकारी समन्वय स्थापित करेंगे, जबकि संचालकों को विकास मित्रों द्वारा भेजे गए लाभार्थियों का प्राथमिकता के आधार पर निःशुल्क कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया है।

**प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता की व्यवस्था।**

अभियान के सफल संचालन के लिए जिला कार्यक्रम समन्वयक , जिला आईटी प्रबंधक , जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी तथा से जुड़े अधिकारी प्रखंड स्तर के कर्मियों एवं विकास मित्रों को प्रशिक्षण देंगे। आवश्यकतानुसार यूजर आईडी उपलब्ध कराई जाएगी तथा अभियान के दौरान तकनीकी सहायता भी सुनिश्चित की जाएगी।

**दैनिक अनुश्रवण और सख्त निगरानी**

विशेष अभियान की निगरानी प्रखंड स्तर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी करेंगे, जबकि जिला स्तर पर नामित नोडल पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभियान की समीक्षा करेंगे। सिविल सर्जन एवं जिला कल्याण पदाधिकारी भी नियमित अनुश्रवण करेंगे।

आमजन को आयुष्मान ऐप के उपयोग के लिए किया जाएगा प्रेरित

*जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के आयुष्मान ऐप एवं व्हाट्सएप चैट सुविधा का उपयोग कर घर बैठे निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाएं या डाउनलोड करें। इसके अलावा कार्ड का वॉलेट बैलेंस, सूचीबद्ध अस्पतालों की जानकारी, उपचार का विवरण, शिकायत एवं सुझाव जैसी सुविधाओं का भी लाभ उठाया जा सकता है।

**कार्ड निर्माण पूरी तरह निःशुल्क, राशि मांगने पर होगी कार्रवाई:**

जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने स्पष्ट किया है कि आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड का निर्माण पूरी तरह निःशुल्क है। यदि कोई व्यक्ति कार्ड बनाने के नाम पर किसी प्रकार की राशि की मांग करता है तो उसके विरुद्ध शिकायत एवं साक्ष्य के आधार पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही विकास मित्रों को अपने क्षेत्र के सभी पात्र लाभार्थियों का शत-प्रतिशत कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। अभियान में लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर नियमानुसार सेवा समाप्ति सहित अन्य कार्रवाई भी की जा सकती है।

# तिरहुत वैशाली गंडक कैनाल का तटबंध टूटा

## खेतों में घुसा पानी, असामाजिक तत्वों पर शक


वैशाली गंडक कैनाल का टूटा तटबंध।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के साहेबगंज प्रखंड क्षेत्र स्थित विशुनपुर पट्टी के पास तिरहुत वैशाली गंडक कैनाल का तटबंध टूट जाने से आसपास के गांवों में हड़कंप मच गया। तटबंध टूटते ही नहर का पानी तेजी से खेतों और निचले इलाकों की ओर फैलने लगा, जिससे कई एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो गई। अचानक हुई इस घटना से किसानों और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, साहेबगंज प्रखंड में वैशाली कैनाल के 48 आरडी के पास लगभग 50 से 60 फीट हिस्से में तटबंध टूट गया। पानी खेतों में फैलने से धान सहित खरीफ फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही जल संसाधन विभाग के अभियंता और कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा स्थिति का जायजा लेकर तटबंध की मरम्मत का कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। विभाग के अधिकारी लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। स्थानीय ग्रामीण मुनि लाल भगत ने बताया कि इसी स्थान पर पहले भी तटबंध टूट चुका है। उस समय भी किसानों की धान और अन्य खरीफ फसलें बर्बाद हो गई थीं। उन्होंने कहा कि बार-बार हो रही ऐसी घटनाओं से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग से तटबंध की स्थायी मरम्मत और सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम करने की मांग की है।

**जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता बोले- प्रारंभिक जांच में करीब 50-60 फीट टूटा मिला है तटबंध**

इस मामले में जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में करीब 50 से 60 फीट हिस्से में तटबंध टूटा मिला है। पहली नजर में ऐसा प्रतीत होता है कि तटबंध को असामाजिक तत्वों द्वारा काटा गया हो, क्योंकि नहर में पानी का दबाव अधिक नहीं था और तटबंध पहले से भी क्षतिग्रस्त नहीं था। हालांकि, उन्होंने कहा कि पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तटबंध टूटने की घटना के बाद पूरे इलाके में चिंता का माहौल है। किसान अपनी फसलों को बचाने की कोशिश में जुटे हैं, जबकि विभाग युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य कराकर पानी के बहाव को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहा है।

# किशोरी अपहरण मामले में आरोपी को 5 साल की सश्रम कैद, पॉक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** विशेष पॉक्सो कोर्ट संख्या-1 के न्यायाधीश धीरेंद्र मिश्रा ने रामपुरहरि थाना क्षेत्र से एक किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपी छोटू कुमार को दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यदि दोषी जुमार्ने की राशि जमा नहीं करता है, तो उसे छह माह की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार ने अदालत के समक्ष पांच गवाहों के बयान और घटना से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत किए। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी के खिलाफ आरोपों को सिद्ध माना। मामले में पीड़िता की मां ने 22 मार्च को रामपुरहरि थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 18 मार्च की रात उनकी नाबालिग पुत्री शौच के लिए घर से बाहर निकली थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा खोजबीन करने पर जानकारी मिली कि आरोपी छोटू कुमार किशोरी का अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान आवश्यक साक्ष्य जुटाकर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विशेष पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी छोटू कुमार को किशोरी के अपहरण का दोषी करार देते हुए पांच वर्ष की सश्रम कैद और 20 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई।

## संक्षिप्त खबरें

### एसकेएमसीएच के मातृ-शिशु सदन में आग की अफवाह से मची अफरातफरी, जांच के आदेश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** एसकेएमसीएच के मातृ-शिशु सदन में मंगलवार को आग लगने की अफवाह फैलने से कुछ देर के लिए अफरातफरी और भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि, जांच में आग लगने की कोई घटना सामने नहीं


एसकेएमसीएच में आग की अफवाह से घबराकर बाहर निकले लोग।

आई और स्थिति को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक अस्पताल परिसर में आग लगने की सूचना फैलते ही वार्ड में भर्ती गर्भवती महिलाओं के परिजन घबरा गए। कई लोग मरीजों को लेकर जल्दबाजी में वार्ड से बाहर निकलने लगे, जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधक संजय कुमार साह सुरक्षा गार्डों और सुपरवाइजर के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल स्थिति का जायजा लिया और मरीजों व उनके परिजनों को समझाया कि अस्पताल में कहीं भी आग नहीं लगी है और यह केवल एक अफवाह है। सुरक्षा कर्मियों की तत्परता से स्थिति पर जल्द ही काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस दौरान किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। वही इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसकेएमसीएच के अधीक्षक डॉ. महेश प्रसाद ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने सुरक्षा प्रभारियों को निर्देश दिया है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थान में इस तरह की अफवाह फैलाने वाले लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। अस्पताल प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करें और किसी भी आपात स्थिति में केवल अस्पताल प्रशासन या अधिकृत अधिकारियों से मिली जानकारी पर ही भरोसा करें।

### मुजफ्फरपुर के कनिष्क नारायण यूनाइटेड किंगडम में बने कैबिनेट मिनिस्टर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम के अनुमोदन पर मंगलवार को मुजफ्फरपुर के कनिष्क नारायण ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मंत्री का शपथ लिया। उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला है। कनिष्क नारायण एसकेजे लॉ कॉलेज मुजफ्फरपुर के निदेशक जयंत कुमार के भतीजा हैं।


यूनाइटेड किंगडम में कैबिनेट मिनिस्टर बने कनिष्क नारायण।

कनिष्क नारायण का जन्म मुजफ्फरपुर के सोंधो हाउस, दामोचक में हुआ था। उनकी माता चेतना सिंहा तथा पिता संतोष कुमार यूनाइटेड किंगडम का महत्वपूर्ण देश वेल्स की राजधानी कार्डिफ में सॉलीसीटर हैं तथा उनके बड़े भाई गौतम नारायण लंदन में डॉक्टर हैं। पूरा परिवार मुजफ्फरपुर सोंधो परिसर दामोचक के निवासी हैं। कनिष्क नारायण के इस उपलब्धि पर मुजफ्फरपुर एवं सोंधो हाउस परिसर में उत्सव का माहौल है। कनिष्क के उपलब्धि पर एसकेजे लॉ कॉलेज के सचिव उज्ज्वला मिश्रा, सुशील कुमार मिश्रा, प्राचार्य डॉ विमल किशोर, आभा टीचर ट्रेनिंग के सचिव डॉ सतीश कुमार, विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डॉ रजनीश कुमार गुप्ता, आरपीएम लॉ कॉलेज के प्रो अंकज कुमार, प्राचार्य केकेएन तिवारी, डॉ एस पी चौधरी, डॉ रत्नेश भारद्वाज, आशुतोष कुमार, चंदन कुमार, आर ए सहाय, राहुल कुमार, सुधांशु सुमन व डॉ ललित किशोर ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### साहेबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप, पुलिस कार्रवाई तेज

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पीड़िता को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। पीड़िता ने गांव के ही कुछ युवकों पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि आरोपित युवक कथित तौर पर देशी शराब बनाने का काम करते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। पीड़िता के बयान और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में मेडिकल एवं फोरेंसिक जांच शुरू कर दी गई है। साथ हीं 5 नामितों पर प्राथमिकी एवं आवश्यक कार्यवाई की जा रही है।

## कटरा में 11 हजार वोल्ट लाइन की चपेट में आने से लाइनमैन की मौत, विरोध में फूटा गुस्सा

# आक्रोशित लोगों ने फीडर पर किया हंगामा और आगजनी

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले के कटरा प्रखंड में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में जजुआर पश्चिमी पंचायत के चंगेल निवासी विद्युत विभाग के लाइनमैन प्रकाश सहनी की 11 हजार वोल्ट विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया, जबकि आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को कटरा बसघट्टा फीडर के बाहर रखकर जोरदार प्रदर्शन और आगजनी की।

ग्रामीणों के अनुसार प्रकाश सहनी फीडर से शटडाउन लेकर लाइन पर मरम्मत का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान कथित तौर पर फीडर पर तैनात कर्मियों ने दोबारा बिजली आपूर्ति चालू कर दी, जिससे वे 11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय लोग फीडर कार्यालय के बाहर जुट गए। लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषी कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। मौके पर तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे। जानकारी के अनुसार, जिले से बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों के घटनास्थल पर पहुंचने की सूचना है।

ग्रामीणों का कहना है कि कटरा बसघट्टा फीडर में कार्यरत कर्मियों पर पहले भी लापरवाही के आरोप लगते रहे हैं। उनका दावा है कि इससे पहले भी


घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़।

कई लाइनमैन करंट लगने की घटनाओं में अपनी जान गंवा चुके हैं। ऐसे में लोगों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। हालांकि घटना के कारणों और लापरवाही के आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस और बिजली विभाग मामले की जांच में जुटी हैं। जांच रिपोर्ट के बाद ही हादसे की वास्तविक वजह और जिम्मेदारी स्पष्ट हो सकेगी। इस दुखद घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने दिवंगत लाइन मैन प्रकाश सहनी को मेहनती, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी बताते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जुए के विवाद में हुई राकेश उर्फ ब्लैकिया की हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार


गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देते सिटी एसपी।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अहियापुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ ढाबा के पास 14 जुलाई को हुई राकेश कुमार उर्फ ब्लैकिया की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कोल्हुआ पैगम्बरपुर निवासी मिंटू कुमार के रूप में हुई है। वहीं, मामले का दूसरा आरोपी धीरज कुमार उर्फ बाबा अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। सिटी एसपी मोहिल्बुला अंसारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस पूछताछ में मिंटू कुमार ने खुलासा किया कि उसने धीरज कुमार उर्फ बाबा के साथ मिलकर जुए के पैसे के विवाद को लेकर राकेश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपी के बयान के आधार पर पुलिस फरार धीरज की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

ज्ञात हो कि 14 जुलाई को अहियापुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ ढाबा के समीप पल्सर बाइक पर एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलने पर अहियापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू की थी। एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए थे। मृतक की पहचान मोतीपुर थाना क्षेत्र निवासी फगुनी भगत के 30 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार उर्फ ब्लैकिया के रूप में हुई थी। राकेश कोल्हुआ गांधी नगर में किराये के मकान में रहकर फ्लेक्स-बैनर लगाने का काम करता था। प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश या पुराने विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा था। हालांकि, जांच के दौरान पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए जुए के पैसे के विवाद को हत्या की वजह बताया है।

## सावन में निकलेगी बाबा गरीबनाथ व हरिहरनाथ की पालकी शोभायात्रा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सावन माह के पावन अवसर पर युवा बोलबम सेवा समिति की ओर से बाबा गरीबनाथ एवं बाबा हरिहरनाथ की भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर साहू पोखर में समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें शोभायात्रा की तैयारियों और विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार रजक ने बताया कि बाबा गरीबनाथ की पालकी शोभायात्रा में मिट्टी से निर्मित भगवान शिव की आकर्षक प्रतिमा तथा बाबा हरिहरनाथ की पालकी में भगवान विष्णु की प्रतिमा श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए आकर्षण का केंद्र होगी। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस भव्य धार्मिक आयोजन में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पालकी शोभायात्रा शहर के सीढ़ी घाट से प्रारंभ होकर विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए बाबा गरीबनाथ मंदिर पहुंचेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सावन माह में बाबा गरीबनाथ धाम आने वाले कांवरियों की सुविधा के लिए युवा बोलबम सेवा समिति की ओर से निःशुल्क कांवड़िया सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां श्रद्धालुओं को आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में संस्थापक पंकज साह, सचिव सुजीत कुमार, विशाल कुमार रमेश, संयोजक शिवा गुप्ता, सह उपाध्यक्ष धीरज एक्टर, महासचिव विक्की शर्मा, उपाध्यक्ष करण कुमार, सह सचिव मुकेश चौधरी, मीडिया प्रभारी अनिकेत कुमार सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। सभी ने शोभायात्रा एवं सेवा शिविर को सफल बनाने के लिए अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

# एसकेएमसीएच में जीवनरक्षक सीपीआर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम


राष्ट्रीय सीपीआर दिवस पर कार्यक्रम मे विभिन्न क्लबों के पदाधिकारी व प्रतिभागी।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय सीपीआर दिवस के अवसर पर एसकेएमसीएच, मुजफ्फरपुर में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर, रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर (युगल), रोटरैक्ट क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर एवं समस्त इनर व्हील क्लब्स के संयुक्त तत्वावधान में सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन एवं सामाजिक संगठनों के सदस्यों को जीवनरक्षक तकनीक सीपीआर के प्रति जागरूक करना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सही समय पर उचित प्राथमिक उपचार देने के लिए प्रशिक्षित करना था। कार्यक्रम में आईएपी के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सीपीआर की सही तकनीक का विस्तृत प्रदर्शन किया तथा बताया कि हृदय गति रुकने, अचानक बेहोशी, डूबने, गला अवरुद्ध होने तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर और सही तरीके से दिया गया सीपीआर किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सकों ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। सभी प्रतिभागियों ने स्वयं सीपीआर देने का अभ्यास किया तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी ढंग से कार्य करने की आवश्यक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, रोटेरियन्स, रोटरैक्टर्स, इनर व्हील सदस्यों एवं अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर रोटेरियन रूपा सिन्हा, रोटेरियन निश्चल शंकर, रोटेरियन मेनका गुप्ता एवं रोटेरियन सुमित गुप्ता सहित अनेक रोटेरियन्स उपस्थित रहे और प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान आईएपी के विशेषज्ञों ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सीपीआर का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए, क्योंकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में शुरूआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी सहभागी संस्थाओंइंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर, रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर (युगल), रोटरैक्ट क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर एवं समस्त इनर व्हील क्लब्स के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया तथा भविष्य में भी जन स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता से जुड़े ऐसे संयुक्त कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# मुजफ्फरपुर सदर अस्पताल की इमरजेंसी होगी हाईटेक

## रात में भी मिलेंगी विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं



सदर अस्पताल मुजफ्फरपुर का फोटो।

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मरीजों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी राहत देने वाला फैसला लिया है। सदर अस्पताल की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह सुदृढ़ और हाईटेक बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। नई व्यवस्था के तहत अब देर रात भी इमरजेंसी वार्ड में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी, जिससे गंभीर मरीजों को तत्काल बेहतर इलाज मिल सकेगा। स्वास्थ्य विभाग की नई व्यवस्था के अनुसार सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, शिशु रोग तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी। इससे सड़क दुर्घटना, हार्ट अटैक, गंभीर प्रसव और बच्चों की आपात स्थिति जैसे मामलों में मरीजों को शुरूआती और समय पर विशेषज्ञ उपचार मिल सकेगा।

दरअसल, राज्य सरकार आगामी 15 अगस्त से पूरे बिहार में रेफरल पॉलिसी समाप्त करने जा रही है। इसके मद्देनजर जिला अस्पतालों की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, ताकि मरीजों को छोटी-बड़ी जटिल बीमारियों के लिए मेडिकल कॉलेजों का रुख न करना पड़े। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सामने आया था कि रात के समय विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता के कारण मुजफ्फरपुर ही नहीं, बल्कि शिवहर, सीतामढ़ी और पूर्वी चंपारण से आने वाले बड़ी संख्या में मरीजों को एसकेएमसीएच रेफर करना पड़ता था। इससे मेडिकल कॉलेज पर मरीजों का दबाव बढ़ने के साथ कई गंभीर मरीजों की हालत रास्ते में ही बिगड़ जाती थी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद ऐसे मामलों में काफी कमी आने की उम्मीद है। सिर्फ डॉक्टरों की तैनाती ही नहीं, बल्कि सदर अस्पताल में प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों और तकनीकी कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। इमरजेंसी वार्ड में जीवनरक्षक उपकरण, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और 24 घंटे जांच की सुविधा को भी और बेहतर बनाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिला अस्पतालों में रात के समय दी जाने वाली आपातकालीन सेवाओं की मुख्यालय स्तर से नियमित निगरानी की जाएगी। यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि इस नई व्यवस्था से मरीजों को समय पर इलाज मिलेगा, मेडिकल कॉलेजों पर अनावश्यक दबाव कम होगा और जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर सीतामढ़ी धाम मे माता की रसोई कार्यक्रम का आयोजन

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर सीतामढ़ी धाम मे जुलाई माह के तीसरे मंगलवार को पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार *माता की रसोई* का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संध्या 7:30 बजे परम मंगलमयी माता श्री की विशेष पूजा अर्चना एवं संध्या आरती कर उन्हें चावल, दाल, आलू परवल चना की रसेदार सब्जी एवं भुना हुआ मिर्च का भोग लगाया गया तथा उसे



मंदिर अतिथि गृह में पाटिया पर बैठाकर श्रद्धापूर्वक 80 से अधिक जरूरतमंदों को दो ट्रिप में भरपेट भोजन कराया गया। माता श्री के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा श्री मुकेश बाबू, प्रोपराइटर एमआरभी केमिकल इंडस्टरीज दिल्ली तथा स्थाई निवासी विश्वनाथपुर डुमरा द्वारा की गई एवं सक्रिय भागीदारी संजीव कुमार सिंहा, अध्यक्ष मां वैष्णो देवी सेवा मंडल, राजीव कुमार राजा महासचिव मां वैष्णो देवी सेवा मंडल, सुजय कुमार पप्पू सदस्य मां वैष्णो देवी सेवा मंडल एवं समाजसेवी श्री रोहित कुमार एवं श्री सेशांत कुमार की उपस्थिति रही।

### शादी के एक महीने बाद गहने-नकदी लेकर घर छोड़ने वाली महिला मोतिहारी से बरामद

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शादी के महज एक महीने बाद पति के घर से गहने और नकदी लेकर लापता हुई महिला को मुजफ्फरपुर पुलिस ने पूर्वी चंपारण के मोतिहारी से बरामद कर लिया है। मामले ने रिश्तों और विश्वास को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस महिला से पूछताछ कर पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र निवासी मनीष कुमार ने सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा से मिलकर न्याय की गुहार लगाई थी। उन्होंने बताया कि उनकी शादी 19 जून 2026 को पूर्वी चंपारण जिले के मधुबनी गांव निवासी खुशबू कुमारी के साथ हुई थी। शादी के शुरूआती दिनों तक सब कुछ सामान्य रहा। पीड़ित पति के मुताबिक, 12 जुलाई 2026 की रात करीब 11 बजे उनकी पत्नी अचानक घर से लापता हो गई। आरोप है कि वह अपने साथ घर में रखे सोने-चांदी के गहने, करीब 50 हजार रुपये नकद और कुछ कपड़े भी लेकर चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। मनीष कुमार का आरोप है कि बाद में उन्हें जानकारी मिली कि उनकी पत्नी का पहले से ही अपने मायके के एक युवक के साथ प्रेम-प्रसंग था। उन्होंने आशंका जताई कि वह उसी युवक के साथ चली गई है। शिकायत मिलने के बाद एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद सिवाईपट्टी थाना पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में मोतिहारी से खुशबू कुमारी को बरामद कर लिया। फिलहाल पुलिस महिला से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह घर छोड़ने के बाद कहां रही, किसके साथ थी और अपने साथ ले जाए गए गहनों एवं नकदी के संबंध में क्या तथ्य हैं। पुलिस का कहना है कि पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मिठनसराय माधोपुर में हुए हादसें में 2 मृतक बच्चों के परिजनों को मिला आपदा मद से 4-4 लाख रुपए

**कांटी(एनएसबी) ।** कांटी प्रखंड क्षेत्र के लसगरीपुर पंचायत अंतर्गत मिठनसराय माधोपुर वार्ड संख्या-11 में सोमवार को ब्रह्मपुजा के दौरान पीपल के पेड़ की टहनी गिरने से एक बच्चे और एक बच्ची की हुई दर्दनाक मौत के मामले में मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार दोनों मृतक सोनू कुमार एवं मृतिका अनन्या कुमारी के परिजनों के घर पहुंचे एवं दोनों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें आपदा राहत कोष के तहत मिले 4 -4 लाख की अनुग्रह सहायता राशि का चेक सौंपा। स्थानीय विधायक अजीत कुमार ने कहा कि यह घटना पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत दुःखद और मर्माहत कर देने वाली है। उन्होंने कहा कि मासूम बच्चों की असमय मौत की भरपाई कोई नहीं कर सकता, लेकिन सरकार हर संभव सहायता के साथ पीड़ित परिवारों व इस हादसें में घायल हुए लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत बच्चों की आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस असहनीय दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की एवं घायल हुए सभी की जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर कांटी बीडीओ किशन चंद्रयान, सीओ मुकेश कुमार, स्थानीय मुखिया इंद्र मोहन झा, मदन कुमार, चंचल कुमार, सुनील कुमार सिंह, नन्हे उर्फ मोती सिंह, मोती सिंह, जय प्रकाश सिंह, पंकज सिंह, पंडित हेमंत झा, शिवनाथ ठाकुर, बैजू साह, समोद कुमार , मोहम्मद शगिर, बिरजू साह, गोपाल सिंह, अरुण पांडे, लक्ष्मण सहनी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय सर्राफा संघ के सहयोग से रॉयल मैरिज हॉल में हुआ विशेष कार्यक्रम

#### डीएम के नेतृत्व में 200 मरीजों को बांटे गए फूड बास्केट

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भारत सरकार द्वारा संचालित टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शहर के रॉयल मैरिज हॉल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी कुमार गौरव के नेतृत्व एवं उनकी उपस्थिति में अखिल भारतीय सरार्फा संघ के सहयोग से टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार से युक्त



सर्राफा संघ द्वारा आयोजित फूड बास्केट वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी कुमार गौरव।

फूड बास्केट का वितरण किया गया। इस कल्याणकारी पहल के तहत कुल 200 टीबी मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किए गए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उपचार प्रक्रिया के दौरान मरीजों को आवश्यक पोषण सहायता उपलब्ध कराना और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की दिशा में संबल प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कुमार गौरव, संचारी रोग पदाधिकारी डॉ सी के दास, एसीएस डॉ एस के पांडेय, 'डॉक्टर्स फॉर यू' के मुजफ्फरपुर जिला प्रतिनिधि उदय शंकर, डीपीसी अमिता कुमारी, संजीव कुमार एवं आमोद कुमार शुक्ला सहित अखिल भारतीय सरार्फा संघ के सदस्य एवं टीबी विभाग से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने मरीजों से संवाद किया तथा उन्हें नियमित रूप से समय पर दवा का सेवन करने की सलाह दी। इसके साथ ही रोग से मुक्ति पाने के लिए पौष्टिक आहार लेने और चिकित्सकीय निदेर्शों का पूरी तरह से पालन करने के लिए भी प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने टीबी उन्मूलन के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने देश को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए सभी से सामूहिक प्रयास करने का एक प्रेरणादायक संदेश दिया।

---

**आमजन की समस्याओं के समाधान में प्रशासन एवं पुलिस समन्वित रूप से कार्य करें : डीएम-एसपी**

# सहयोग शिविर के आवेदनों का करें समयबद्ध निष्पादन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने मंगलवार को परिहार प्रखंड के ग्राम पंचायत लहुरिया स्थित मध्य विद्यालय परिसर में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदन एवं शिकायतों का गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आमजनों की समस्याओं का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को अविलंब सहयोग पोर्टल पर अपलोड किया जाए तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।



सहयोग शिविर का निरीक्षण करने पहुँचे डीएम-एसपी का स्वागत करती स्थानीय पदाधिकारी।

उन्होंने विशेष रूप से राजस्व, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्र, पेयजल, स्वास्थ्य, आवास तथा अन्य जनसेवा से संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई से संबंधित मामलों में पुलिस प्रशासन पूर्ण संवेदनशीलता एवं निष्पक्षता के साथ कार्य करेगा। शिविर में उपस्थित लाभार्थियों एवं ग्रामीणों से प्राप्त फीडबैक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी, सरल एवं सुगम तरीके से पहुँचना चाहिए।

उन्होंने बिचौलियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पंचायत स्तर पर कार्यरत सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे प्रत्येक कार्य दिवस अपने-अपने पंचायत सरकार भवन अथवा पंचायत कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे, ताकि आमजन को स्थानीय स्तर पर ही आवश्यक सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जा सके। बिना उचित कारण अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

दोनों अधिकारियों ने सभी विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जनहित के प्रति उत्तरदायी एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रिची पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने उपचाररत टीबी मरीजों के बीच निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत पोषण सहायता स्वरूप फूड बास्केट का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नियमित दवा के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार टीबी से पूर्णतः स्वस्थ होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों के पोषण एवं उपचार सहयोग में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। सहयोग शिविर में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ प्रखंड स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## एसपी ने परिहार थाने का निरीक्षण कर अपराध पर की समीक्षा बैठक



परिहार थाना का निरीक्षण करते एसपी।

**सीतमढ़ी(एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी द्वारा मंगलवार को परिहार थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, अभिलेखों के संधारण, मालखाना, हाजत, आगंतुक पंजी, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीवी व्यवस्था, लंबित कांडों की समीक्षा तथा विधि-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सीसीटीएनएस के कार्यों को अद्यतन एवं समयबद्ध रूप से निष्पादित करने, ई-साक्ष्य एवं ई-समन प्रणाली का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने, निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप 60/90 दिनों के भीतर आरोप पत्र समर्पित करने, लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन, वारंट एवं कुर्की के निष्पादन में तेजी लाने, प्रभावी रात्रि गश्ती एवं वाहन जांच को और सुदृढ़ करने, अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं तस्करी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित करने का निर्देश दिया। साथ ही अपराधियों पर सतत निगरानी रखने, फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा आमजन के साथ संवेदनशील, सम्मानजनक एवं जनहितकारी व्यवहार बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन की शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## डॉ. वली को मिला बेस्ट फिजियोथेरेपिस्ट अवॉर्ड

**सीतामढ़ी (एनएससी)।** जिले के प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट एवं वरदान फिजियोथेरेपी सेंटर के निदेशक डॉ. वली को फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए बीआईबी संस्था द्वारा बेस्ट फिजियोथेरेपिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पटना के ताज सिटी सेंटर में आयोजित भव्य समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल के हाथों प्रदान किया गया। सम्मान मिलने पर जिले के चिकित्सकों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों ने डॉ. वली को बधाई देते हुए इसे सीतामढ़ी के लिए गौरव का क्षण बताया।



बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल के द्वारा सम्मानित होते डॉ वली।

सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ वली ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी मरीजों के विश्वास और सहयोग का सम्मान है, जिन्होंने वर्षों से उन पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य आधुनिक फिजियोथेरेपी तकनीकों के माध्यम से लोगों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना और मरीजों को बिना अनावश्यक दवाओं के स्वस्थ जीवन की ओर लौटाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे सेवा, गुणवत्ता और मरीजों के विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करते रहेंगे। डॉ वली ने कहा कि आज फिजियोथेरेपी केवल दर्द के उपचार तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि लकवा, स्पोर्ट्स इंजरी, सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटने की समस्या, ऑपरेशन के बाद पुनर्वास और बुजुर्गों की शारीरिक क्षमता बढ़ाने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस अवसर पर मुफ्ती ए आजम बिहार मुफ्ती सनाउल्लाह खान मडपावी, अब्दुल रशीद खान उर्फ छोटन खान एवं मोहिबुल्लाह खान ने कहा कि सेवा, समर्पण और ईमानदारी से किया गया कार्य हमेशा सम्मान दिलाता है। कहा कि डॉ वली ने चिकित्सा सेवा को केवल पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का माध्यम बनाया है। मरीजों के प्रति उनकी संवेदनशीलता और निष्ठा ही उन्हें इस मुकाम तक लेकर आई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सम्मान उन्हें समाज के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। जिले के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं गणमान्य लोगों ने भी डॉ. वली की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान जिले के लिए गर्व की बात है।

## कैट एवं एआईजेजीएफ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष ने की कैट के कार्यों की समीक्षा

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** कैट एवं एआईजेजीएफ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार ने सीतामढ़ी प्रवास के दौरान कैट, सीतामढ़ी के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सुन्दरका, सचिव आलोक कुमार एवं एआईजेजीएफ, सीतामढ़ी अध्यक्ष रामप्रवेश जी से मुलाकात की। सीतामढ़ी में संगठन के विस्तार, प्रशासनिक एवं व्यापारियों से जुड़े विभागों में कैट के प्रतिनिधित्व पर काम करने पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष श्री सुन्दरका ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व से बराबर सहयोग, दिशा निर्देश एवं व्यवसायियों के मुद्दों को प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का अनुरोध किया। कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खण्डेलवाल नई दिल्ली चांदनी चौक से सांसद भी हैं। इसके पूर्व सीतामढ़ी पहुंचने पर श्री अशोक जी एवं कैट के प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार निराला का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर गणमान्य लोगों ने भी स्वागत किया।



कैट के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते स्थानीय संगठन के स्थानीय पदाधिकारी गण।

**नया सवेरा अभियान-3.0' के तहत हुई निबंध प्रतियोगिता**

## बच्चों ने दिया बाल श्रम, मानव तस्करी व बाल विवाह मुक्त सीतामढ़ी का संदेश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार संचालित 'नया सवेरा अभियानझ्र3.0' के अंतर्गत सीतामढ़ी पुलिस एवं अदिथी कवच परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में सोनबरसा प्रखंड के भुतही स्थित आर.बी.बी.सी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं श्री जागेश्वर उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाल श्रम, मानव तस्करी, बाल विवाह एवं बंधुआ मजदूरी उन्मूलन विषय पर छात्र-छात्राओं के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में बिहार नव निर्माण फाउंडेशन का भी सक्रिय सहयोग रहा। प्रतियोगिता में दोनों विद्यालयों के 110 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने निबंधों के माध्यम से मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता का संदेश देते हुए "बाल श्रम, मानव तस्करी एवं बाल विवाह मुक्त सीतामढ़ी" के निर्माण का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी, मानव तस्करी निरोध इकाई सुशील कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों की भागीदारी ऐसे अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाती है तथा जागरूक समाज के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। बाल अधिकार कार्यकर्ता मुकुंद कुमार चौधरी, बिहार नव निर्माण फाउंडेशन के सचिव मो. कमर अख्तर एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भी छात्र-छात्राओं को बाल संरक्षण संबंधी कानूनी प्रावधानों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों की जानकारी देते हुए इन कुरीतियों के विरुद्ध सजग रहने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को कल आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। मौके पर प्रधानाध्यापक पंकज कुमार, प्रधानाध्यापक अकिल अहमद, शिक्षक सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राओं उपस्थित थे।





प्रतियोगिता में शामिल स्कूली बच्चों को संबोधित करते पुलिस अधिकारी।

**सीतामढ़ी जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित हुआ साइबर जागरूकता अभियान**

# विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश के आलोक में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी अमित रंजन के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में व्यापक स्तर पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बताया गया कि वर्तमान समय में अधिकांश वित्तीय लेन-देन डिजिटल माध्यमों से हो रहे हैं।

ऐसे में थोड़ी-सी असावधानी भी आर्थिक नुकसान का कारण बन सकती है। इसलिए ऑनलाइन लेन-देन करते समय विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जाने वाले विभिन्न तरीकों, जैसे फर्जी कॉल, फर्जी मैसेज, क्यूआर कोड, संदिग्ध APK फाइल, सोशल मीडिया, फर्जी निवेश योजनाएं, KYC/OTP फ्रॉड, जॉब स्कैम तथा तथाकथित डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर ठगी की घटनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही इनसे बचाव के व्यावहारिक उपायों से भी अवगत कराया गया। प्रतिभागियों से अपील की गई कि वे किसी भी परिस्थिति में अपना OTP, PIN, CVV, पासवर्ड, बैंक खाते से संबंधित जानकारी अथवा अन्य गोपनीय सूचनाएं किसी के साथ साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग पूरी सावधानी एवं जिम्मेदारी के साथ करें। साथ ही विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से अपने परिवार, मित्रों तथा आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि साइबर ठगी की घटना होने के बाद का प्रथम एक घंटा (गोल्डन आवर) अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि पीड़ित इस अवधि में त्वरित कार्रवाई करता है, तो ठगी गई राशि को वापस प्राप्त करने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल अथवा निकटतम थाना में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को "सतर्क रहें, सुरक्षित रहें" का संदेश देते हुए कहा गया कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता, सतर्कता एवं समय पर की गई कार्रवाई है।



कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को डिजिटल सुरक्षा के संबंध में जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

## सम्पादकीय

# जंतर-मंतर की पुकार : क्या शिक्षा सिर्फ डिग्री देगी या भविष्य भी गढ़ेगी

जब युवाओं की आवाज व्यवस्था से सवाल करती है, तो उसे शोर नहीं, लोकतंत्र की चेतावनी समझना चाहिए । नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर उठने वाली हर आवाज केवल नारों का शोर नहीं होती। वह अक्सर उन सवालों की प्रतिध्वनि होती है, जिन्हें समाज लंबे समय से अनसुना करता आया है। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में जंतर-मंतर केवल एक स्थान नहीं, बल्कि जनभावनाओं का प्रतीक रहा है। जब भी यहाँ छात्र, शिक्षक, युवा या आम नागरिक अपनी बात लेकर खड़े होते हैं, तो उनका उद्देश्य केवल विरोध दर्ज कराना नहीं होता, बल्कि व्यवस्था का ध्यान उन मुद्दों की ओर आकर्षित करना होता है, जिनका संबंध देश के वर्तमान और भविष्य दोनों से होता है।

आज शिक्षा को लेकर उठ रही चिंताएँ भी कुछ ऐसी ही हैं। यदि शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना, अंक दिलाना और डिग्रियाँ बाँटना भर रह जाए, तो वह अपने मूल दायित्व से भटक जाती है। शिक्षा का अर्थ केवल रोजगार नहीं है, शिक्षा का अर्थ है विवेक, संवेदनशीलता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नैतिकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक चेतना का विकास। यदि इन मूल्यों की उपेक्षा होती है, तो डिग्रियों की संख्या बढ़ सकती है, लेकिन समाज में विचारशील नागरिकों की कमी महसूस होने लगती है।

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके विश्वविद्यालयों, विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में तैयार होने वाली पीढ़ी होती है। वहीं से भविष्य के वैज्ञानिक, शिक्षक, चिकित्सक, न्यायविद, किसान, उद्यमी, प्रशासक और जनप्रतिनिधि निकलते हैं। इसलिए शिक्षा से जुड़े किसी भी प्रश्न को केवल एक वर्ग विशेष का मुद्दा मानना दूरदर्शिता नहीं होगी। यह पूरे समाज और राष्ट्र के भविष्य का प्रश्न है।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि वह संवाद की गुंजाइश देता है। असहमति लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी ताकत है। जब युवा किसी नीति, व्यवस्था या शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखते हैं, तो आवश्यक है कि उनकी बात को गंभीरता से सुना जाए। हर आंदोलन सही हो, यह आवश्यक नहींय लेकिन हर आवाज को सुना जाना चाहिए। संवाद का विकल्प कभी टकराव नहीं हो सकता।

आज दुनिया तेजी से बदल रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल तकनीक, शोध, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल शिक्षित जनसंख्या तैयार करना नहीं, बल्कि ऐसी पीढ़ी तैयार करना है जो प्रश्न पूछने का साहस रखे, समाधान खोजने की क्षमता रखे और समाज के प्रति उत्तरदायी भी हो।

दुर्भाग्य से कई बार शिक्षा की सफलता को केवल परीक्षा परिणाम, प्लेसमेंट और डिग्रियों के आँकड़ों से मापा जाता है। यह अधूरा दृष्टिकोण है। एक उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था वह है, जो विद्यार्थियों को केवल नौकरी के योग्य नहीं, बल्कि जीवन के योग्य बनाए। जो उन्हें केवल प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि संवेदनशील भी बनाए। जो उन्हें केवल सफल नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक भी बनाए।

इतिहास साक्षी है कि बड़े सामाजिक और राष्ट्रीय परिवर्तन हमेशा किसी न किसी प्रश्न से शुरू हुए हैं। स्वतंत्रता आंदोलन हो, सामाजिक सुधार हों या शिक्षा में परिवर्तन हर युग में युवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसलिए किसी भी लोकतांत्रिक आवाज को केवल भीड़ या विरोध का नाम देकर खारिज करना उचित नहीं होगा।

यह भी उतना ही आवश्यक है कि आंदोलन संविधान और कानून के दायरे में रहें तथा संवाद का वातावरण बना रहे। दूसरी ओर, नीति-निर्माताओं और प्रशासन की भी जिम्मेदारी है कि वे शिक्षा से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर खुलकर चर्चा करें, तथ्यों के आधार पर निर्णय लें और विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के साथ भरोसे का रिश्ता मजबूत करें।

भारत यदि विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है, तो उसकी सबसे बड़ी पूंजी उसके युवा हैं। युवाओं के सपनों, उनकी आशंकाओं और उनकी अपेक्षाओं को समझे बिना विकास की कोई भी परिकल्पना अधूरी रहेगी। शिक्षा केवल पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

जंतर-मंतर पर उठती आवाजें इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे हमें यह याद दिलाती हैं कि शिक्षा केवल कक्षाओं की चारदीवारी तक सीमित विषय नहीं है। यह हर परिवार, हर समाज और पूरे देश के भविष्य का प्रश्न है।

आज आवश्यकता इस बात की नहीं कि आवाजें दबाई जाएँ, बल्कि इस बात की है कि संवाद के दरवाजे खोले जाएँ। क्योंकि इतिहास बताता है हर बड़ा परिवर्तन किसी शोर से नहीं, बल्कि एक ईमानदार सवाल से शुरू होता है। और जो समाज अपने युवाओं के सवाल सुनना बंद कर देता है, वह भविष्य की संभावनाओं से भी धीरे-धीरे दूर होने लगता है।

# छात्र राजनीति : लोकतंत्र की नर्सरी और समाज परिवर्तन का संकल्प



प्रो. नवल किशोर

**छात्र राजनीति केवल चुनाव जीतने या नेतृत्व हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और जनसेवा की भावना विकसित करने की प्रक्रिया है। यह युवाओं को विचार, संघर्ष, संवाद और नेतृत्व का व्यावहारिक प्रशिक्षण देती है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर लोकतंत्र की रक्षा के अनेक ऐतिहासिक आंदोलनों में छात्रों ने निर्णायक भूमिका निभाई है। इसलिए छात्र राजनीति का आधार वैचारिक प्रतिबद्धता, नैतिकता और सामाजिक न्याय होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्वार्थ या अवसरवाद। विश्वविद्यालय लोकतंत्र की प्रयोगशाला हैं, जहाँ से भविष्य के जनप्रतिनिधि, प्रशासक, शिक्षक, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता तैयार होते हैं। जब छात्र राजनीति लोकसेवा, समता, संवैधानिक मूल्यों और जनहित से प्रेरित होती है, तभी वह राष्ट्र निर्माण की सशक्त शक्ति बनती है। यह लेख छात्र राजनीति के उद्देश्य, उसकी प्रासंगिकता और उसके आदर्श स्वरूप पर गंभीर एवं संतुलित विमर्श प्रस्तुत करता है।**

यदि राजनीति शब्द का व्युत्पत्तिमूलक विश्लेषण किया जाए तो इसके दो प्रमुख घटक दिखाई देते हैं - राज और नीति। राज का संबंध शासन, प्रशासन और सामाजिक व्यवस्था के संचालन से है, जबकि नीति का आशय उन सिद्धांतों, नियमों और कार्यनीतियों से है जिनके आधार पर समाज को संचालित किया जाता है। इस प्रकार राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति की कला नहीं, बल्कि समाज को न्यायपूर्ण, समतामूलक और मानवीय दिशा प्रदान करने का विज्ञान तथा दर्शन भी है।

प्राचीन भारतीय चिंतन में राजनीति को लोककल्याण का माध्यम माना गया। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में स्पष्ट कहा था - प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है और प्रजा के हित में ही राजा का हित। राजनीति का सर्वोच्च उद्देश्य सत्ता का उपभोग नहीं, बल्कि जनकल्याण है। इसी भाव को आगे बढ़ाते हुए अब्राहम लिंकन ने लोकतंत्र को जनता का, जनता के द्वारा और जनता के लिए शासन कहा था।

यही कारण है कि किसी भी समाज में युवाओं और विशेषतः छात्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। छात्र केवल भविष्य के नागरिक नहीं होते, वे वर्तमान के सबसे जागरूक, ऊर्जावान, रचनात्मक और परिवर्तनकारी वर्ग होते हैं। विश्वविद्यालय और शिक्षण संस्थान केवल डिग्रियाँ प्रदान करने वाले केंद्र नहीं, बल्कि विचारों की प्रयोगशाला और लोकतंत्र की प्रशिक्षणशाला भी हैं। छात्र राजनीति इसी लोकतांत्रिक प्रशिक्षण की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण माध्यम है।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास इस सत्य का साक्षी है। असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन और अनेक राष्ट्रीय अभियानों में विद्यार्थियों ने अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर योगदान दिया। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में 1974 का छात्र आंदोलन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जिसने सत्ता को यह संदेश दिया कि युवाओं की चेतना किसी भी अन्यायपूर्ण व्यवस्था को चुनौती देने की क्षमता रखती है। बिहार और गुजरात के छात्र आंदोलनों ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

### किन्तु प्रश्न यह है कि छात्र राजनीति क्यों की जाए

छात्र राजनीति का उद्देश्य व्यक्तिगत लाभ, पद, प्रतिष्ठा या भविष्य की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की सीढ़ी बनना नहीं होना चाहिए। उसका मूल उद्देश्य समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। राजनीति तब सार्थक होती है जब वह व्यक्ति को स्वयं से ऊपर उठकर समाज के लिए सोचने की प्रेरणा दे। यदि राजनीति केवल निजी स्वार्थ, अवसरवाद और व्यक्तिगत लाभ का माध्यम बन जाए तो वह अपने मूल चरित्र से भटक जाती है।

महात्मा गाँधी ने राजनीति को नैतिकता से पृथक मानने से इनकार करते हुए कहा था - धर्मविहीन राजनीति मृत्यु का फंदा है। डा. भीमराव अंबेडकर ने युवाओं को शिक्षित, संगठित और संघर्षशील बनने का आह्वान किया, जबकि डा. राममनोहर लोहिया राजनीति को समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने का माध्यम मानते थे। इन महान विचारकों के लिए राजनीति सत्ता प्राप्ति का नहीं, समाज परिवर्तन का साधन थी।

### सवाल ये भी उठता है कि छात्र राजनीति कैसी हो

छात्र राजनीति विचाराधारित हो, व्यक्तिपूजक नहीं, संवादपरक हो, संघर्षप्रिय लेकिन हिंसारहित हो, लोकतांत्रिक हो, अवसरवादी नहीं। उसे परिसर की समस्याओं से लेकर समाज के व्यापक प्रश्नों शिक्षा, समानता, सामाजिक न्याय, पर्यावरण, रोजगार और संवैधानिक मूल्यों - तक अपनी दृष्टि विकसित करनी चाहिए। छात्र नेता बनने से पहले एक सजग छात्र और संवेदनशील नागरिक बनना अधिक आवश्यक है।

इतिहास गवाह है कि अनेक युवाओं ने समाज और राष्ट्र के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, परन्तु उन्हें कोई पद, पुरस्कार या प्रसिद्धि नहीं मिली। फिर भी उनका योगदान अमूल्य रहा। इसलिए छात्र राजनीति का मूल्यांकन इस आधार पर नहीं होना चाहिए कि उससे किसी व्यक्ति को क्या प्राप्त हुआ, बल्कि इस आधार पर होना चाहिए कि उससे समाज को क्या मिला। वास्तव में छात्र राजनीति लोकतंत्र की नर्सरी है। यहाँ से निकलने वाले युवा भविष्य के विधायक, सांसद, प्रशासक, शिक्षक, पत्रकार, न्यायविद और सामाजिक कार्यकर्ता बनते हैं। यदि छात्र राजनीति मूल्यनिष्ठ, वैचारिक और जनोन्मुख होगी तो राष्ट्र का लोकतांत्रिक भविष्य भी सुदृढ़ होगा।

अतः छात्र राजनीति को सत्ता की सीढ़ी नहीं, समाज-निर्माण की साधना के रूप में देखा जाना चाहिए। राजनीति का सर्वोच्च आदर्श वही है जिसे गाँधी ने लोकसेवा, अंबेडकर ने सामाजिक न्याय और लोहिया ने समता एवं अंतिम जन के उत्थान के रूप में परिभाषित किया। जब छात्र राजनीति इन मूल्यों से प्रेरित होगी, तभी वह राष्ट्र के लिए रचनात्मक शक्ति बन सकेगी और लोकतंत्र को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकेगी।

*(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्राध्यापक है ।)*
*(ये लेखक के निजी विचार है।)*

# बिहार के युवाओं को वैश्विक रोजगार से जोड़ने की पहल

**विदेशों** में रोजगार के लिए जाने वाले बिहार के कामगारों के सुरक्षित और सुव्यवस्थित प्रवासन को सुनिश्चित करने की दिशा में बिहार सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत बिहार राज्य समुद्रपार नियोजन ब्यूरो की ओर से सोमवार को नियोजन भवन स्थित प्रतिबिंब सभागार में प्रस्थान पूर्व उन्मुखीकरण प्रशिक्षण (पीडीओटी ) प्रशिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता नियोजन एवं प्रशिक्षण के निदेशक-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं बिहार राज्य समुद्रपार नियोजन ब्यूरो के निदेशक सुनील कुमार ने की।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता बिहार के युवाओं को सुरक्षित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण विदेशी रोजगार उपलब्ध कराना है, ताकि वे वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राज्य के आर्थिक विकास में भी योगदान दे सकें। उन्होंने प्रशिक्षकों से कहा कि विदेशों में रोजगार उपलब्ध कराने वाली अधित नियोक्ता एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए, जिससे युवाओं को सुरक्षित माध्यम से रोजगार के अवसर मिल सकें।

सुरक्षित प्रवासन के हर पहलू पर दिया गया प्रशिक्षण : कार्यशाला में प्रशिक्षकों को विदेश जाने वाले श्रमिकों के लिए प्रस्थान पूर्व आवश्यक तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें कार्यस्थल पर अधिकार एवं दायित्व, संबंधित देशों के श्रम कानून, स्थानीय संसति एवं सामाजिक रीति-रिवाज, सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश तथा विदेश में आने वाली चुनौतियों से निपटने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

ई-माइग्रेंट पोर्टल के संचालन का मिला प्रशिक्षण : प्रशिक्षण सत्र के दौरान ई-माइग्रेंट पोर्टल एवं विदेश मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट के उपयोग, प्रशिक्षक एवं संस्थान लग-इन प्रक्रिया, श्रमिकों के पंजीकरण, डाटा एंट्री तथा बैच प्रबंधन की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। साथ ही आवश्यक दस्तावेज, आपातकालीन संपर्क नंबर, भारतीय दूतावास की भूमिका और सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध अनलाइन पोर्टलों के उपयोग से भी प्रशिक्षकों को अवगत कराया गया।

# जियोस्टार इस फेस्टिव सीजन को बनाएगा और भी 'बिग्ग'

**भारत** जैसे ही फेस्टिव सीजन की तैयारियों में जुटा है, जियोस्टार देश के सबसे बड़े रियलिटी एंटरटेनमेंट फ्रेंचाइजी "बिग बॉस" के छह संस्करणों हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बांग्ला को लॉन्च करने जा रहा है। पहली बार देशभर के दर्शक एक साथ विभिन्न भाषाओं में बिग बॉस का रोमांच, ड्रामा और फैनडम अनुभव करेंगे, जो भारतीय रियलिटी मनोरंजन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी।

सितंबर 2026 से ये सभी संस्करण जियोस्टार के टेलीविजन नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित किए जाएंगे। इस भव्य आयोजन को और खास बनाएगी शो की प्रतिष्ठित होस्ट्स की टीम सलमान खान, विजय सेतुपति, नागार्जुन, किच्चा सुदीप और मोहनलालजो अपने-अपने क्षेत्रों में बिग बॉस का पर्याय बन चुके हैं। इस बार बंगाल के गौरव और देश के प्रिय 'दादा' सौरव गांगुली भी इस फ्रेंचाइजी से जुड़ रहे हैं, जिससे इसकी स्टार पावर और मजबूत होगी।

इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने के लिए जियोस्टार ने 'इंडियाज बिग्ग रियलिटी' नामक देश की पहली डेटा-समृद्ध कॉफी टेबल बुक भी लॉन्च की है, जो बिग बॉस की यात्रा, सांस्कृतिक प्रभाव और विरासत को विस्तार से प्रस्तुत करती है।

**पूरे भारत में एक साथ लॉन्च होंगे बिग बस के छह संस्करण**

**पेश की गई भारत की पहली 'बिग्ग रियलिटी' कॉफी टेबल बुक**

दो दशकों की विरासत को समेटे 'इंडियाज बिग्ग रियलिटी यह दिखाती है कि कैसे बिग बॉस भारत के सबसे बड़े मनोरंजन फ्रेंचाइजी में से एक बनकर ब्रांड्स के लिए विकास का प्रभावशाली मंच साबित हुआ है। वर्ष 2025 में इस फ्रेंचाइजी ने 500 मिलियन से अधिक दर्शकों तक पहुंच बनाई, 438 बिलियन से अधिक व्यूइंग मिनट्स दर्ज किए और छह भाषाई संस्करणों में 47 प्रतिशत साल-दर-साल वृद्धि के साथ शानदार एंगेजमेंट हासिल किया।

625 से अधिक ब्रांड्स ने इस मंच का उपयोग अपने उत्पाद लॉन्च करने, ब्रांड अवेयरनेस बढ़ाने और उपभोक्ताओं से गहरे जुड़ाव बनाने के लिए किया है। जियोहॉटस्टार पर हर 10 में से 6 दर्शक बिग बॉस का 24 गुना 7 लाइव फीड देखते हैं, जो दर्शकों की गहरी भागीदारी को दर्शाता है।

यह पुस्तक बताती है कि बिग बॉस केवल पारंपरिक ब्रांड प्लेसमेंट तक सीमित नहीं है, बल्कि ब्रांड्स को कहानी का हिस्सा बनाकर दर्शकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करता है। नवाचारों ने ब्रांड्स को अधिक प्रभावी तरीके से दर्शकों तक पहुंचने और सहभागिता बढ़ाने का अवसर दिया है।

महेश शेट्टी, हेड एंटरटेनमेंट सेल्स, टीवी, जियोस्टार ने कहा, पिछले दो दशकों में बिग बॉस ने लगातार खुद को नया रूप दिया है और हर सीजन के साथ अपने पैमाने, सहभागिता और सांस्कृतिक प्रभाव को बढ़ाया है। यह फेस्टिव सीजन हमारे लिए अब तक का सबसे बड़ा पड़ाव है, जब छह भाषाओं के संस्करण एक साथ दर्शकों के सामने आएंगे। बिग बॉस की सबसे बड़ी ताकत इसकी दर्शकों को लगातार जोड़कर रखने और ऐसे सांस्कृतिक क्षण बनाने की क्षमता है, जो ब्रांड्स के लिए वास्तविक व्यावसायिक परिणामों में बदलते हैं। 'इंडियाज बिग्ग रियलिटी' इसी यात्रा को डेटा और इनसाइट्स के माध्यम से प्रस्तुत करती है और यह दर्शाती है कि कैसे यह फार्मेट एक सांस्कृतिक घटना बन गया। जियोस्टार में हमारा मानना है कि बिग बस जैसे शो सिर्फ उत्सव मनाने के लिए नहीं, बल्कि दस्तावेजीकरण के भी पात्र हैं।

भास्कर रमेश, हेड एंटरटेनमेंट सेल्स, डिजिटल, जियोस्टार" ने कहा, फेस्टिव सीजन के दौरान जब दर्शकों का ध्यान कई दिशाओं में बंटा होता है, तब बिग बॉस एक शक्तिशाली आकर्षण का केंद्र बनकर सामने आता है और साल के सबसे महत्वपूर्ण बिक्री महीनों में बड़े पैमाने पर एकीकृत दर्शक ध्यान उपलब्ध कराता है। 24गुना 7 लाइव फीड, अरबों वोट्स और लाखों लाइव चौट्स के कारण शो में 47 प्रतिशत साल-दर-साल एंगेजमेंट वृद्धि दर्ज की गई है। यह दर्शकों को केवल देखने वाला नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदार बनाता है। ब्रांड्स के लिए यह ऐसा मंच है जहां कंटेंट, संस्कृति और कामर्स का अनूठा संगम देखने को मिलता है।'

कॉफी टेबल बुक यह भी बताती है कि बिग बॉस केवल एक शो नहीं, बल्कि दर्शकों की सक्रिय भागीदारी वाला एक विशाल इकोसिस्टम है। जियोहाटस्टार पर 9.32 बिलियन से अधिक वोट डाले गए और 43 मिलियन लाइव चैट्स रिकार्ड की गई। हर चार में से लगभग तीन दर्शक शो से केवल देखने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि सक्रिय रूप से जुड़ते हैं।

2025 में बिग बास ने 17 बिलियन से अधिक सोशल एंगेजमेंट्स और 30 मिलियन यूजर-जनरेटेड मीम्स उत्पन्न किए, जिससे यह इंटरनेट पर सबसे अधिक चर्चा में रहने वाले शो में शामिल हो गया। इस निरंतर चर्चा से ब्रांड अभियानों का प्रभाव प्रसारण के बाद भी लंबे समय तक बना रहता है।

इंडियाज बिग्ग रियलिटी शो की क्षेत्रीय पहुंच और सांस्कृतिक प्रभाव को भी दर्शाती है। हिंदी भाषी क्षेत्रों में बिग बस 200 मिलियन से अधिक दर्शकों तक पहुंचता है।

## विश्व क्लेफ्ट जागरूकता दिवस पर स्माइल ट्रेन इंडिया की जागरूकता पहल

### 8 लाख से अधिक मुफ्त क्लेफ्ट सर्जरी पूरी की, समय पर पहचान पर दिया जोर

**हर साल** 20 जुलाई को दुनिया भर में विश्व क्लेफ्ट जागरूकता दिवस (वर्ल्ड क्लेफ्ट अवेयरनेस डे) मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2025 में स्माइल ट्रेन ने की थी, ताकि क्लेफ्ट (कटे होंठ और तालू) के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़े और इस विषय को सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण चर्चा का विषय बनाया जा सके। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्लेफ्ट के साथ जन्म लेने वाले हर बच्चे को समय पर और पूरा इलाज मिल सके।

इस वर्ष क्लेफ्ट उपचार के क्षेत्र में काम करने वाली देश की अग्रणी गैर-लाभकारी संस्था स्माइल ट्रेन इंडिया ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2000 से अब तक संस्था ने पूरे भारत में 8 लाख से अधिक बच्चों की मुफ्त क्लेफ्ट सर्जरी कराने में मदद की है। इस बड़ी उपलब्धि के बाद अब संस्था का मुख्य ध्यान लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर है, ताकि क्लेफ्ट के साथ जन्म लेने वाले हर बच्चे की समय रहते पहचान हो सके और उसे सही समय पर इलाज मिल सके, जिससे वह स्वस्थ और बेहतर जीवन जी सके।





भारत में हर साल लगभग 25,000 बच्चे क्लेफ्ट (कटे होंठ या कटे तालू) के साथ जन्म लेते हैं। लेकिन जागरूकता की कमी, गलत धारणाओं, गलत जानकारी और सामाजिक भेदभाव के कारण कई बच्चों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। इलाज में देरी होने से बच्चों को दूध पीने और खाना खाने में परेशानी, कुपोषण, बोलने और सुनने में दिक्कत जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही, उन्हें आगे चलकर सामाजिक और भावनात्मक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। समय पर क्लेफ्ट की पहचान और सही समय पर सर्जरी कराने से बच्चों का इलाज बेहतर तरीके से हो सकता है और उन्हें जरूरी सभी चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिल सकता है। विश्व क्लेफ्ट जागरूकता दिवस का उद्देश्य लोगों को क्लेफ्ट के बारे में जागरूक करना, इससे जुड़ी गलत धारणाओं को दूर करना और यह सुनिश्चित करना है कि क्लेफ्ट के साथ जन्म लेने वाले हर बच्चे को समय पर सही इलाज मिल सके।

स्माइल ट्रेन इंडिया केवल सर्जरी तक ही अपनी सेवाओं को सीमित नहीं रखती। संस्था बच्चों के संपूर्ण उपचार और देखभाल पर ध्यान देती है। इसके तहत बच्चों को पोषण सहायता, स्पीच थेरेपी (बोलने की थेरेपी) और दांतों व जबड़ों के इलाज (ऑर्थोडन्टिक उपचार) जैसी सुविधाएं भी दी जाती हैं, ताकि बच्चे स्वस्थ और बेहतर जीवन जी सकें। इसके साथ ही, स्माइल ट्रेन इंडिया लंबे समय तक प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय सर्जनों, एनेस्थेटिस्ट (बेहोशी विशेषज्ञ), नर्सो और क्लेफ्ट उपचार से जुड़े विशेषज्ञों की टीम को प्रशिक्षण और सहयोग देती है। इससे बच्चों को अपने घर के पास ही उच्च गुणवत्ता वाला मुफ्त क्लेफ्ट उपचार मिल पाता है। साथ ही, साझेदार अस्पतालों को मजबूत बनाकर संस्था स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं को भी अधिक सक्षम और मजबूत बनाने में मदद कर रही है।

इस वर्ष के जागरूकता अभियान को लोगों का अच्छा समर्थन मिला। स्माइल ट्रेन इंडिया के साझेदार अस्पतालों, दानदाताओं, ब्रांड एंबेसडरों, क्लेफ्ट से प्रभावित लोगों और उनके परिवारों, शुभचिंतकों तथा समाज के कई लोगों ने मिलकर विश्व क्लेफ्ट जागरूकता दिवस मनाया। कई लोगों ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर अपने अनुभव और संदेश साझा कर क्लेफ्ट के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। इससे यह अभियान केवल डॉक्टरों और अस्पतालों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आम लोगों और हर घर तक भी पहुंचा।

स्माइल ट्रेन एशिया क्षेत्र की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और रीजनल डायरेक्टर ममता कैरोल ने कहा, हमने क्लेफ्ट के इलाज को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में अच्छी प्रगति की है, लेकिन जागरूकता की कमी आज भी हमारी सबसे बड़ी चुनौती है। हर दिन हमारे पास ऐसे बच्चे आते हैं, जिन्हें इलाज के लिए कई महीने या कभी-कभी कई साल बाद लाया जाता है। इसकी वजह इलाज की कमी नहीं, बल्कि यह है कि कई परिवारों को पता ही नहीं होता कि क्लेफ्ट का सफल इलाज संभव है। इसके अलावा समाज में फैली गलत धारणाएं और डर भी इलाज में देरी का कारण बनते हैं। अगर हम जागरूकता की इस कमी को दूर कर सकें, तो हर बच्चे तक समय पर इलाज पहुंचाया जा सकता है और कोई भी बच्चा इलाज से वंचित नहीं रहेगा।ß

विश्व क्लेफ्ट जागरूकता दिवस के अवसर पर स्माइल ट्रेन इंडिया ने माता-पिता, देखभाल करने वालों, स्वास्थ्यकर्मियों, नीति-निर्माताओं, मीडिया और समाज के सभी लोगों से अपील की है कि वे क्लेफ्ट के बारे में जागरूकता बढ़ाएं, समय पर पहचान और इलाज को बढ़ावा दे इससे जुड़ी गलत धारणाओं को दूर करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

मुफ्त क्लेफ्ट उपचार या अधिक जानकारी के लिए स्माइल ट्रेन इंडिया की टोल-फ्री हेल्पलाइन पर संपर्क करें - 1800 103 8301।

## प्रवचन

# अपराधी को उचित दंड देना भी क्षमा है : जीयर स्वामी

**अपराधी को दंड से मुक्ति देना और दिलाना अपराध है**

**गृहस्थ व राज धर्म से प्रशस्त होता मुक्ति का मार्ग**

**राष्ट्रहित में शहीद होने वालों को मिलती है मुक्ति**

अपराधी को उचित दंड देना भी क्षमा है। अपराधी को दंड नहीं देना अपने आप में अपराध है। परिवार के मुखिया एवं राजा यदि धर्म और मर्यादापूर्वक अपना कार्य करते हैं तो उनकी मुक्ति होती है, क्योंकि वे गृहस्थ धर्म एवं राज धर्म का पालन करते हुए शरीर त्यागते हैं। सेना का जवान राष्ट्रहित में अपनी छाती पर गोली खाकर वीर गति प्राप्त करता है तो उसे भी मुक्ति मिलती है, क्योंकि उसका देह-त्याग परिवार और समाज से ऊपर राष्ट्रहित में होता है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मस्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि धर्म से कोई भी वस्तु या जीव वंचित नहीं रहा सकता, क्योंकि धर्म स्वभाव है। स्वभाव त्याग वस्तु का स्वरुप त्याग है। जैसे जल का स्वभाव प्यास बुझाना है। यदि किसी कारणवश जल में यह स्वभाव नहीं है तो जल जल नहीं। जन्म से मृत्यु तक धर्म हमारे साथ रहता है। न्यायालय में भी जिस धर्म का व्यक्ति होता है उसे उसी धर्म ग्रंथ की शपथ दिलायी जाती है।

उन्होंने धर्म और कानून की चर्चा करते हुए कहा कि जिस नारी से वैदिक धर्म से विवाह हुआ उसे त्यागना अधर्म है। दूसरी नारी को अपनाना अधर्म और पाप है। जिसे शास्त्र पहले ही अधर्म घोषित कर देता उसे कानून भी न्याय संगत नहीं मानता। उन्होंने कहा कि परस्त्री के स्पर्ष मात्र को अधर्म बताया गया है। इसे कानूनी तौर पर छेड़खानी का आरोप करार देकर न्यायालय सजा दे देती है। इसलिये धर्म से कुछ भी अलग नहीं।

श्री जीयर स्वामी ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के तहत बताया कि भरत के बड़े पुत्र सुमति भी अंतिम समय में वंष परम्परा (राजा ऋषभवेद एवं भरत आदि) के अनुसार राज-पाठ से विरक्ति ले योग-साधना करने लगे। कुछ लोगों ने उनके आचरण को स्वीकार कर एक नया धर्म कहा गया। यही पंथ कलियुग में बौद्ध धर्म के रुप में प्रचलित हो गया। अर्थात राजा सुमति के दादा ऋषभदेव के अनुयायी (कर्नाटक नरेश अर्हत) ने जैन धर्म और सुमित के अनुयायियो द्वारा चलाये गये श्रमण पंथ गौतम बुद्ध के बाद 'बौद्ध धर्म' के बतौर विख्यात हुआ।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र में बुद्धि के लिये प्रार्थना की जाती है कि मेरी बुद्धि ठीक हो। भगवान नारायण में अपनी वुद्धि मिला देना ही बौद्ध दर्शन है। बुद्ध का अर्थ ज्ञान और बौद्ध का अर्थ बुद्धि में डुबा रहना है।

स्वामी जी ने गंगावतरण की चर्चा करते हुए कहा कि भगवान वामन राजा बलि द्वारा दिये गये तीन पग भूमि माप रहे थे। उनके एक पैर का विस्तार ब्रह्म लोक तक चला गया। ब्रह्मा जी ने स्तुति कर भगवान का चरण अपने कमण्डलु में धोया। वहां गंगा विष्णुपदी कहलायीं। देव लोक से जब धरती के लिये चलीं तो भगवान आसुतोष जटा में घुमाते रहे। वहाँ वे जटाशंकरी कहलायीं। जब धरती पर आयी तो हरिद्वार में भागीरथी गंगा, बिहार में जाह्न्वी गंगा और अंत में गंगा सागर कहलायी।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### बोलेरो पर लदे भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ चालक सह कारोबारी गिरफ्तार

**मोतिहारी(एनएसबी)।** उत्पाद थाना सदर टीम को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जहां टीम ने वाहन जांच के दौरान बोलेरो पर लदे भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ चालक सह कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी सहायक आयुक्त मद्यनिषेध ओमप्रकाश कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि उत्पाद थाना सदर टीम को सूचना मिली थी कि एक बोलेरो जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर ठत्व4श्रध्6195 पर भारी मात्रा में विदेशी शराब लेकर मोतिहारी की तरफ आने वाला है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु निरीक्षक सह थानाध्यक्ष मद्यनिषेध शिवेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा कोटवा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर बेलवा माधो चौक के समीप सघन वाहन जांच शुरू की गयी।इसी दौरान उक्त बोलेरो तेजी से आ गयी।जिसका टीम द्वारा जांच की गयी।जांच के क्रम में उक्त बोलेरो से आफिसर च्वाइस ब्रांड का 180 एम एल का 480 पीस टेट्रा पैक कुल 86400 लीटर बरामद किया गया और साथ ही चालक सह कारोबारी पिपरा थाना के सरियतपुर गांव निवासी किशुन राय के पुत्र मनीष कुमार यादव को मौके से दबोच लिया गया। जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी में निरीक्षक सह थानाध्यक्ष मद्यनिषेध सदर श्री कुमार के अलावे अवर निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार, रमेश कुमार, मद्धनिषेध सिपाही रवि कुमार व उपेन्द्र पासवान शामिल थे।

### विद्युत स्पर्शाघात से एक भैंस की मौत

**अरेराज(एनएसबी)।** मंगलवार को स्थानीय शिव नगरी के बहादुरपुर वार्ड संख्या 14 में विद्युत स्पर्शाघात से एक भैंस की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरेराज नगर पंचायत बहादुरपुर वार्ड संख्या 13 के पुनदेव यादव की भैंस बहादुरपुर वार्ड संख्या 14 मे नहर के पास घास अपना चारा ( चर ) खा रही थी। इसी बीच रंजीत दास के घर के निकट बिजली के एक पोल के पास करंट लगने से भैंस की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जैसे तैसे भैंस के चरवाहे की जान बची। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस 112 तथा नगर पंचायत अध्यक्ष अमितेश कुमार पांडे एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों को दी गई। अंचलाधिकारी विनोद कुमार पांडे ने बताया कि घटना की सूचना पर हल्का कर्मचारी को भेजा गया है। स्थानीय प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी अवधेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे तथाजांच पड़ताल किया गया और उसे अंतिम रूप दिया गया। मृत भैंस के परिजन पुनदेव यादव ने बताया की एक लाख रुपये की हमारी भैंस थी। स्थानीय विद्युत विभाग की लापरवाही से उसकी जान चली गई। नगर अध्यक्ष अमितेश कुमार पांडे समाजसेवी लालबाबू यादव वार्ड पार्षद प्रभु प्रसाद सरपंच प्रतिनिधि विनोद तिवारी दीनदयाल पांडे आदित्य राज पांडे समेत अनेक लोगों ने स्थानीय शासन प्रशासन तथा विद्युत विभाग से पीड़ित को मुआवजा देने की मांग की है। पीड़ित गरीब परिवार पर पहाड़ टूट टूट कर गिर पड़ा है तथा उसके घर चीख पुकार मची है।

### सहयोग शिविर का आयोजन

**कल्याणपुर(एनएसबी)।** प्रखंड के छह पंचायतों में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन हुआ।शिविर विभिन्न विभागों में 639 आवेदन प्राप्त हुआ।जिसमें 539 आवेदन का निष्पादन किया गया। छह पंचायतों में सीतलपुर, वृंदावन बरहरवा महानंद,पकड़ी दीक्षित व सिसवासोब शामिल है।मुखिया संघ के अध्यक्ष सिसवासोब मुखिया हेमंत कुमार सिंह शिविर में जनमानस के सहयोग में तत्पर दिखे।वही नोडल अधिकारी शंकर शरण ने विभिन्न शिविरों का जायजा लिया।

# सहयोग शिविर का डीडीसी ने किया औचक निरीक्षण, लोगों से समस्याओं के समाधान के लिए आगे आने की अपील

**मोतिहारी(एनएसबी)।** सहयोग शिविर के पांचवें चरण के तहत शुक्रवार को सदर प्रखंड की सिरसा माल एवं ढेकहा पश्चिमी पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का उप विकास आयुक्त (डीडीसी) ड प्रदीप कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं और विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया।डीडीसी ने कहा कि जिला प्रशासन स्वयं जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास कर रहा है। ऐसे में आम लोगों का भी दायित्व है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग शिविर में पहुंचकर आवेदन दें। उन्होंने बताया कि सहयोग पोर्टल के माध्यम से अनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। इसके



निरीक्षण करते डीडीसी।

अलावा शिविर आयोजित होने से पहले लगाए गए कैंपों में भी आवेदन लिए जा रहे हैं, जिनका एक माह के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया गया है।उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। शिविर में बेहतर व्यवस्था के लिए उन्होंने सदर प्रखंड के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सराहना की।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सा टीम भी सक्रिय रही। मेडिकल टीम ने 65 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक दवाइयों का निरूशुल्क वितरण किया। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए डीडीसी ने मेडिकल टीम के सभी सदस्यों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जन शिक्षण संस्थान, मोतिहारी, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के जिला प्रबंधक श्री दिलीप रंजन एवं संस्थान के निदेशक श्री दिनेश कुमार ने कार्यालय परिसर तथा उसके आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में संस्थान के सभी प्रशिक्षणार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सफाई अभियान चलाया तथा अपने संस्थान को सदैव स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान निदेशक श्री दिनेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि इसे अपनी दैनिक आदतों का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चाहे घर हो, कार्यालय हो या सार्वजनिक स्थान, प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में योगदान देस इस स्वच्छता अभियान में संस्थान के सभी कर्मचारी, प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई, जिसकी सभी ने सराहना की।

## कोल्डड्रिंक की दुकान से चोरों ने 23 हजार नगदी समेत 95 हजार का सामान चुराया

### सीसीटीवी कैमरे से पुलिस ने की चोरों की शिनाख्त, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** बोरिंग चौक निमोईय मोड़ के समीप कोल्डड्रिंक व लस्सी के हमसफर नामक दुकान से चोरों ने 23 हजार नगद व करीब 95 हजार का सामान चोरी कर ली है। कवलपुर गांव का दुकानदार धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि रोजाना की तरह दुकान बंद करके रात्रि में वह घर चला गया था। जब सुबह दुकान पहुंचा तो देखा कि एग्जस्ट फैन टूटा हुआ है और पिछे का दरवाजा खुला हुआ है। दुकान के काउंटर से नगदी 23 हजार रुपए व करीब 95 हजार का सामान गायब है। दुकान में 'चार सीसीटीवी कैमरे' लगा हुआ है। जिसमें चोरी का करतूत रिकर्ड है। घटना को लेकर थाना में आवेदन दिया गया है। 'थानाध्यक्ष रंजीत कुमार' ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई है। 'चोर की पहचान भी कर ली गई है।' गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है, लेकिन चोर घर से फरार है। बहुत जल्द पकड़ा जाएगा।

## सोनम वांगचुक के समर्थन में माकपा एवं ऑटो रिक्शा चालक संघ पूर्वी चंपारण ने किया धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला दहन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** मोतिहारी स्थित बलुआ चौक पर माकपा एवं अटो संघ पूर्वी चंपारण सिटू मोतिहारी के तत्वावधान मे सोनम वांगचुक के समर्थन में धर्मेन्द्र प्रधान के त्यागपत्र के लिए प्रधान मंत्री एवं धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला दहन किया गया।कार्यक्रम का शुरुआत बलुआ चौक पार्क में गोलबंद पार्टी कार्यकर्ता सरकार विरोधी नारा देते हुए अटो स्टैंड में आये जहां पुतला दहन किया गया और सभा में तब्दील हो गयी।सभा को संबोधित करते हुए माकपा नेताओ ने कहा कि आये दिन रोज परीक्षा में पेपर लीक हो रहे हैं तथा शिक्षा माफिया को केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्री का संरक्षण प्राप्त है। जिसके विरोध में सोनम वांगचुक 19 दिनों से अनशन पर थे जिन्हें वीना किसी सूचना के शासक वर्ग के द्वारा उठाना लोकतांत्र पर हमला है।समय रहते इन्साफ नहीं मिला तो प्रतिरोध उग्र होगा जिसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी।कार्यक्रम को माकपा जिला मंत्री सत्येन्द्र कुमार मिश्र,शक्ति नाथ तिवारी, अटो चालक संघ के जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता, विपिन बिहारी दुबे, हमराज हाशमी पप्पू शाह, दीपक शर्मा, सुरेंद्र मिश्र, प्रदीप सहनी, विकास कुमार , अशोक तिवारी, ध्रुव त्रिवेदी , फिरोज आलम सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया।

## पोस्टिंग के नाम पर 25 लाख की कथित रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**मोतिहारी(एनएसबी)।** सदर एसडीओ अरुण कुमार से पोस्टिंग के नाम पर 25 लाख रुपये की कथित रंगदारी मांगने वाले शातिर आरोपी राजन जायसवाल को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे मोकामा में वंदे भारत एक्सप्रेस से पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ ने आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए मोतिहारी साइबर थाना पुलिस के हवाले कर दिया, जहां उससे गहन पूछताछ की जा रही है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार राजन जायसवाल मूल रूप से सीवान जिले का रहने वाला है। मामले में सदर एसडीओ अरुण कुमार की शिकायत पर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।एसडीओ ने अपनी शिकायत में बताया है कि 12 जुलाई को उनकी मोतिहारी सदर अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पोस्टिंग हुई थी। अधिसूचना जारी होने से कुछ दिन पहले से ही स्वयं को सीवान का निवासी बताने वाला राजन जायसवाल व्हाट्सएप कल और मैसेज के जरिए उनसे संपर्क कर रहा था। पोस्टिंग के बाद आरोपी ने लगातार व्हाट्सएप कल और संदेश भेजकर पदस्थापना के एवज में 25 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी।शिकायत मिलने के बाद साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी अनुसंधान और एसटीएफ की कार्रवाई के दौरान आरोपी की लोकेशन ट्रेस की गई और मोकामा में वंदे भारत ट्रेन से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।फिलहाल साइबर थाना पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपी ने इस तरह की वारदात अन्य अधिकारियों या लोगों के साथ भी की है या नहीं तथा उसके नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी नीरज कुमार ने आकांक्षी योजना का किया जांच

**कल्याणपुर(एनएसबी)।** नीति आयोग की आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा को लेकर केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी सह सूचना एवं प्रसारण विभाग के निदेशक निरज कुमार के चार दिवसीय दौरे के क्रम में मंगलवार को कल्याणपुर का दौरा किया। धरातल पर योजनाओं की वास्तविकता जानने के लिए प्रखंड स्थित सरकारी विद्यालयों के पठन पाठन के स्तर पर बुनियादी सुविधाओं की जांच, आंगन बाड़ी केन्द्र में बच्चों व सगर्भा माताओं के पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन, चिकित्सा सुविधाओं दवाओं की उपलब्धता ओपीडी सेवाओं का जायजा एवं अन्य विकास योजनाओं का जायजा लिया। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत जिले की रैंकिंग में सुधार किया जा सके। अधिकारी ने श्री शालिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाकरपुर में छात्रों से मिले उनकी समस्या से अवगत हुए। आंगनबाड़ी केंद्र पर शौचालय की व्यवस्था की करने को कहा। स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव के कुछ उपकरण का अभाव देखा। आंगनबाड़ी केंद्रों पर साफ सफाई रखने की बात कही। गर्भवती महिलाओं व बच्चों को पोषण युक्त आहार मिले। इसके लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर जागरूक किया जाय। मौके पर डीपीओ राहुल रंजन, बीडीओ चन्द्रगुप्त बैठा, प्रभारी बीईओ विनय कुमार तिवारी,प्रधानाध्यापक मोहम्मद मुस्तफा आदि पदाधिकारी थे।



जांच करते अधिकारी।

## 30 अक्टूबर तक हर हाल में पूरा हो छतौनी फ्लाईओवर : डीएम

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, एनएच के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर छतौनी में निर्माणाधीन फ्लाईओवर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की।बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि छतौनी फ्लाईओवर का निर्माण हर हाल में 30 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने के लिए कार्यबल की संख्या बढ़ाने तथा सभी आवश्यक संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।डीएम ने फ्लाईओवर के दोनों ओर स्थित सर्विस रोड को भी एक माह के भीतर दुरुस्त कराने का निर्देश दिया, ताकि यातायात सुचारु हो सके और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



संबोधित करते डीएम

## रक्सौल के बाटा चौक का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, जाम से निजात के लिए दिए सख्त निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी )।** रक्सौल शहर में लगातार लगने वाले जाम की समस्या के समाधान को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने शुक्रवार को बाटा चौक का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बाटा चौक पर जाम की समस्या के कारणों की समीक्षा की और इसके स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी को सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को शीघ्र हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए नियमित अभियान चलाया जाए तथा अवैध रूप से सड़क पर खड़े वाहनों के विरुद्ध लगातार जुर्माना वसूला जाए। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कहा कि ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी निर्धारित ट्रैफिक वर्दी में रहेंगे और वाहन चालकों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा का पालन कराने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर यातायात पुलिस ट्रली की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने और आम लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए प्रशासन लगातार अभियान चलाएगास इस दौरान उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार, सहायक समाहर्ता राज ष्ण झा, अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल तथा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



निरीक्षण करते डीएम व एसपी ।

# रामगढ़वा प्रखंड के रामगढ़वा में आयोजित सहयोग शिविर में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने की शिरकत

**मोतिहारी(एनएसबी)।** रामगढ़वा प्रखंड अंतर्गत रामगढ़वा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर के निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण प्रभात ने सहयोग शिविर में खुद शिरकत की एवं आम जनों से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन का संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। इस दौरान जिला के शीर्ष पदाधिकारी गण के द्वारा आम जनों से मिलकर सहयोग शिविर की व्यवस्था, उसके संचालन एवं पदाधिकारी द्वारा लोगों से मिलने के विषय तथा आम जनों के संतुष्ट होने की जानकारी प्राप्त की गई।सहयोग शिविर के पांचवे चरण अंतर्गत पूर्वी चंपारण जिला में आज कुल 71 पंचायत में शिविर



शिकायते सुनते डीएम व एसपी।

का आयोजन किया गया।रामगढ़वा में आयोजित शिवर शिरकत कर डीएम और एसपी के द्वारा सहयोग शिविर में आए आमजन से संवाद स्थापित किया गया और शिविर के महत्व को बताया। डीएम ने कहा कि आपको अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराना होगा और तत्पर रहना होगा। ष्सहयोग शिविरष पंचायत स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए सरकार के द्वारा बनाई गई एक समुचित व्यवस्था है जहां पर लोग अपनी समस्याओं को रख रहे हैं और उसका समाधान करा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का 10 दिन के अंदर संबंधित पदाधिकारी के द्वारा समाधान नहीं किए जाने पर स्वतरूही स्पष्टीकरण हो रहा है।प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़वा के द्वारा बताया गया है कि रामगढ़वा प्रखंड में आयोजित सहयोग शिविर में आज कुल 288 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 121 का अनस्पट निष्पादन किया गयास

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ लोकसभा की संभावनाओं के बीच तेज हुई सियासी सरगर्मी, ज्ञानू सिंह के नाम की चर्चा

#### क्षेत्रीय दौरे और वरिष्ठ नेताओं से मुलाकातों को लेकर राजनीतिक गलियारों में कयासों का दौर

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ को भविष्य में लोकसभा क्षेत्र का दर्जा मिलने की संभावनाओं के बीच स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि यदि भविष्य में बाढ़ लोकसभा क्षेत्र का गठन होता है, तो भाजपा से निवर्तमान विधायक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह श्ज्ञानूश संभावित दावेदारों में प्रमुख चेहरा हो सकते हैं। हाल के दिनों में ज्ञानू सिंह लगातार क्षेत्र का व्यापक दौरा कर रहे हैं। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और जनसंपर्क कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से लगातार मुलाकातों को लेकर राजनीतिक चर्चाओं का बाजार गर्म है। उनके बढ़ते जनसंपर्क अभियान को संभावित राजनीतिक रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। हालांकि, भाजपा की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा या संकेत नहीं दिया गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उम्मीदवारों का चयन समय और परिस्थितियों के अनुसार पार्टी नेतृत्व तय करेगा। फिलहाल क्षेत्र में चल रही गतिविधियों और राजनीतिक सक्रियता के आधार पर विभिन्न तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। बहरहाल, बाढ़ की राजनीति में इन चर्चाओं ने नई ऊर्जा भर दी है और आने वाले दिनों में राजनीतिक समीकरण किस दिशा में आगे बढ़ते हैं, इस पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलते ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ज्ञानू।

### शॉर्ट सर्किट से कबाड़ी गोदाम में भीषण आग लाखों का सामान स्वाहा, बड़ा हादसा टला

**फतुहा।** शहर के वार्ड नंबर तीन स्थित सब्जी मंडी के पास मंगलवार तड़के एक कबाड़ी गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग की भयावह लपटों ने देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि घनी आबादी के बीच हुई इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विजय कुमार के कबाड़ी गोदाम से धुएं का गुबार और आग की लपटें उठती देखी गईं। कबाड़ गोदाम में भारी मात्रा में प्लास्टिक, कागज व अन्य ज्वलनशील सामग्रियां मौजूद थीं, जिसके कारण आग ने बेहद तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय निवासियों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और अगिशमन विभाग को दी। घटना की जानकारी मिलते ही खुसरूपुर थाना पुलिस टीम और दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। संकरे और घने आवासीय क्षेत्र में आग फैलने का गंभीर खतरा बना हुआ था। स्थानीय लोगों ने भी तत्परता दिखाते हुए दमकलकर्मियों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य में हाथ बंटाया। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो आसपास स्थित दर्जनों मकान इसकी चपेट में आ सकते थे और एक बड़ा हादसा हो सकता था। प्राथमिक रूप से आग लगने का कारण शर्ट सर्किट से निकली चिंगारी को माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन द्वारा अगिकांड के कारणों तथा कुल संपत्ति के नुकसान का सटीक आकलन किया जा रहा है।

### नदी थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई अवैध हथियार और 5 किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**पटना।** जिले के नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजीपुर पाल टोला में पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर अवैध हथियार और मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। मंगलवार को फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने प्रेस कन्फ्रेंस कर बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक पटना के आदेशानुसार चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण एवं नशा रोकथाम अभियान के तहत नदी थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ अवधेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पहली कार्रवाई में पुलिस ने मौजीपुर पाल टोला निवासी जितेन्द्र प्रसाद (26 वर्ष), पिता- स्व सुरेन्द्र राय के घर पर छापेमारी की। कमरे में बक्से के नीचे छिपाकर रखा गया एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस संबंध में नदी थाना में कांड संख्या-294ध्2026 दर्ज कर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दूसरी कार्रवाई सूखा नशा और मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए की गई। एसडीपीओ ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मौजीपुर पाल टोला का ही रहने वाला बलिंदर राय का पुत्र गुड्डु कुमार (23 वर्ष), अपने घर में गांजा रखकर बेच रहा है। मजिस्ट्रेट की मौजूी में पुलिस टीम ने गुड्डु कुमार के घर की तलाशी ली, जहां चौकी के नीचे छिपाकर रखा गया 5 किलोग्राम 10 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इस मामले में नदी थाना कांड संख्या-293ध्2026 के तहत छक्ै एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी टीम में नदी थानाध्यक्ष पुअनि सद्दाम हुसैन, ेि विवेक कुमार, ेि देवकर्ण बंटी, ेि मनोज कुमार सिंह, ेि संतोष कुमार, पीटीसी राजेश कुमार सहित सशस्त्र एवं महिला बल शामिल थे। पुलिस गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजने की अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

### कमजोर पड़ा मानसून, अच्छी बारिश के आसार नहीं, अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना

**समस्तीपुर(एनएसबी)।** मानसून के कमजोर पड़ने से अच्छी बारिश के आसार तो नहीं हैं लेकिन उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों आगामी 5 दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। इस बाबत ड़ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय षि विश्व विद्यालय के ग्रामीण षि मौसम सेवा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा जारी 26 जुलाई, 2026 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, पूर्वानुमानित अवधि में उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों में अच्छी वर्षा होने की संभावना नहीं है। हलांकि, 23-24 जुलाई को आसपास गोपालगंज, मधुबनी, सीतामढ़ी, सीवान, पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिलों के कुछ स्थानों स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। जबकि अन्य जिलों में बिजली चमकने एवं तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है। पूर्वानुमान की अवधि में हवा में काफी नमी बने रहने की संभावना है। इसलिए तापमान में कमी आने से गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। ज्यादातर स्थानों में अधिकतम तापमान 30-33त् सेल्सियस के बीच तथा न्यूनतम तापमान 25-28त् सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। सुबह के समय सापेक्ष आर्दता 85-95 प्रतिशत तथा दोपहर के समय 50-60 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। इस दौरान मुख्यतरू 05 से 15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पुरवा हवा चलने की संभावना है।

## संक्षिप्त खबरें

### छह पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित, सैकड़ों लोगों की समस्याओं का हुआ समाधान



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र की देहद सहित छह पंचायतों में मंगलवार को प्रशासन की ओर से सहयोग शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर के दौरान सैकड़ों लोगों की समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया गया तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र और मनरेगा रोजगार कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान देहद पंचायत में सहयोग शिविर का उद्घाटन डीसीएलआर धीरज कुमार सिंह मुखिया रेणु देवी, सरपंच रानी कुमारी, पंचायत समिति सदस्या सरिता देवी राजस्व पदाधिकारी शैयद बादशाह ने किया। साथ ही अन्य पंचायतों में सहयोग शिविर आदर्श मध्य विद्यालय शाहपुर, पंचायत सरकार भवन बैठमुसहरी, मध्य विद्यालय मोकमा, पंचायत सरकार भवन कोपा तथा मध्य विद्यालय महुआ बाजार परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आम लोगों की शिकायतें सुनीं और आवश्यक मामलों का त्वरित निष्पादन किया। हालांकि, एक साथ छह पंचायतों में शिविर आयोजित होने के कारण कई स्थानों पर दोपहर करीब दो बजे तक अधिकांश काउंटर खाली हो गए। एक ही दिन छह पंचायतों में शिविर आयोजित करने से पदाधिकारियों एवं कर्मियों में काफी परेशानी का माहौल देखा गया। इस दौरान देहद पंचायत में तैनात कर्मी एवं अधिकारी भी दोपहर बाद शाहपुर शिविर में चले गए, जिससे वहां के सभी काउंटर बंद हो गए और बाद में पहुंचे लोगों को थोड़ा परेशानी का सामना करना पड़ा। विभिन्न पंचायतों में शिविर का निरीक्षण अपर समाहर्ता गणेश कुमार, डीसीएलआर धीरज कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सुजीत कुमार वर्णवाल, पुलिस उपाधीक्षक कल्याण आनंद तथा धीरेन्द्र कुमार पांडे ने किया। इस दौरान संबंधित पंचायतों के मुखिया, सरपंच, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित आनंद, अंचलाधिकारी ललन चैधरी एवं राजस्व पदाधिकारी सैयद बादशाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### चार पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित, अधिकारियों ने किया पौधारोपण

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** पतरघट प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायतो में आयोजित सहयोग शिविर में कुल 185 मामले का निष्पादन किया गया।इस दौरान विभिन्न विभाग के नये मामले की जल्द से जल्द निष्पादन करने की बात मौजूद पदाधिकारियों के द्वारा कही गई। वही जम्हरा पंचायत में सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभुकों से आवेदन भी प्राप्त किए गए। इस अवसर पर जिला




पंचायती राज पदाधिकारी सुनैना कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी इन्द्रदेव कुमार निराला सहित अन्य अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आम का पौधा लगाकर पौधारोपण किया। अधिकारियों ने लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और विभिन्न योजनाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दिए। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे सहयोग शिविरों के माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ लोगों तक आसानी से पहुंचाया जा रहा है।इस मौके पर अंचलाधिकारी संजय कुमार,प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अरबिंद कुमार, पीटीसी धर्मबीर चैधरी, मुखिया धीरेन्द्र महतो, उपमुखिया मुकेश कुमार सिंह, सरपंच दीपक शर्मा, समिति प्रतिनिधि शलेन्द्र सादा, समिति मनमोहन पासवान, मुखिया प्रतिनिधि राकेश कुमार, पतरघट मुखिया प्रतिनिधि अमित कुमार, बिजेंद्र प्रसाद, विजय भूषण गुप्ता,पामा मुखिया विनोद कुमार पप्पू, समिति सदस्य रंजीत साह, पस्तपार मुखिया रीना देवी, मुखिया प्रतिनिधि मंटुन यादव, सरपंच गुड्डी देवी अभिषेक कुमार सिंह, अजीत सिंह, सुमन कुमार, अशोक मंडल, राणा सिंह, विकाश मित्र, संजूला कुमारी, सुनील पटेल, टिंकू सिंह, मिथुन यादव सहित बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बाढ़ के पानी से घिरा विद्यालय, संचालन स्थगित करने की मांगी अनुमति

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय, भेरहा टोला में बाढ़ का पानी चारों ओर फैल जाने से विद्यालय का संचालन प्रभावित हो गया है। विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए प्रधानाध्यापक चंदा कुमारी ने विद्यालय का संचालन अस्थायी रूप से स्थगित करने की अनुमति मांगी है। प्रधानाध्यापक ने प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी गुलशन कुमार झा को दिए आवेदन में बताया है कि विद्यालय चारों ओर से बाढ़ के पानी से घिर गया है। ऐसे में छात्र-छात्राओं का विद्यालय तक सुरक्षित पहुंचना संभव नहीं है। इस स्थिति में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। आवेदन में बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अनुरोध किया गया है कि बाढ़ का पानी रहने तक विद्यालय का संचालन स्थगित रखने की अनुमति प्रदान की जाए। साथ ही कहा गया है कि सामान्य स्थिति बहाल होते ही विद्यालय का संचालन पुनः शुरू कर दिया जाएगा। इधर स्थानीय अभिभावकों ने भी वर्तमान परिस्थितियों में बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर विद्यालय बंद रखने को उचित बताया है। इस संबंध में प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी गुलशन कुमार झा ने बताया कि प्रधानाध्यापक का आवेदन प्राप्त हो गया है। इसे आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को अग्रसारित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी से जो भी निर्देश प्राप्त होंगे, उसी के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### नीट-2026 में सफल छात्रों को टैगोर पब्लिक स्कूल के निर्देशक द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में रविवार को नीट-2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अनुमंडल क्षेत्र के मेधावी छात्रों का भव्य सम्मान समारोह टैगोर पब्लिक स्कूल के निर्देशक सह विद्वान शिक्षाविद् प्रमोद भगत द्वारा टैगोर पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. आनंद भगत, भारत विकास परिषद के शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, वरिष्ठ सदस्य कमलेश वर्मा, तथा अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन करके किया गया। स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों व सफल प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों एवं सफल छात्रों को मिथिला पाग-चादर एवं फूल मालाओं से सम्मानित किया। समारोह में तन्नु प्रिया (566), रवि रोशन (571), आदित्य राज (500), सत्यम भारती (633), तपिश राठौर (586), संजीव कुमार (574), राजेश कुमार (593), रोहन कुमार (563), बादल प्रकाश (601), विभांशु राज (593), मिस्बाह-उल-हक (655), शम्स जाहिद (577) तथा इंजमाम किरमानी (552) सहित सभी सफल विद्यार्थियों को माला, मिथिला पाग, मोमेंटो, डायरी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने विशेष रूप से घुड़दौर निवासी मिस्बाह -उल-हक की सराहना की। जिन्होंने 655 अंक प्राप्त कर सहरसा जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सलखुआ प्रखंड के हरिनसारी निवासी सत्यम भारती ने 633 अंक के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। मुख्य अतिथि डॉ. आनंद भगत एवं डॉ. जाहिद अख्तर ने विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र में सेवा, समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ समाप्त हुआ। इस मौके पर सैकड़ों गणमान्य अभिभावकों व अधिकारी व शिक्षक मौजूद थे।



### घटिया सामग्री के आरोप पर ग्रामीणों ने रुकवाया करोड़ों की लागत से बन रहा नाला निर्माण कार्य

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार से मनौरी गांव तक बुडको द्वारा करीब 1.05 करोड़ रुपये की लागत से कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य को मंगलवार को ग्रामीणों ने घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता की ईंट, सीमेंट, सरिया एवं मैटल का उपयोग किया जा रहा है।

# गेस्ट फैकल्टी की सेवा सुरक्षा, नियमितीकरण एवं आयु सीमा से जुड़े मुद्दों पर राज्यपाल से मिले विधायक आईपी गुप्ता

**राज्यपाल ने दिए आश्वासन, किसी भी गेस्ट फैकल्टी की नहीं जाएगी नौकरी**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा विधायक ई आईपी गुप्ता ने राजभवन में बिहार के महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन से मुलाकात किए। उनके साथ प्रतिनिधिमंडल में रमेश झा महिला महाविद्यालय के डॉ. श्वेता शरण और खगड़िया के अभय कुमार गुड्डू भी थे। मुलाकात का मुख्य उद्देश्य बिहार के सभी डिग्री कॉलेजों में कार्यरत हजारों गेस्ट फैकल्टी की सेवा सुरक्षा, नियमितीकरण एवं आयु सीमा से जुड़े गंभीर मुद्दों पर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। पिछले दिनों विधायक ई.आईपी गुप्ता रमेश झा महिला महाविद्यालय पहुँचे थे। डा.श्वेता शरण के आमंत्रण पर उन्होंने महिला गेस्ट फैकल्टी से मुलाकात भी की थी। इस दौरान शिक्षिकाओं ने बताया कि बिहार में 211 डिग्री कॉलेजों में प्रोफेसरों की बहाली के बाद वर्षों से कार्यरत गेस्ट फैकल्टी के सामने नौकरी जाने का संकट खड़ा हो गया है। अधिकतम आयु सीमा पार होने के कारण अधिकांश गेस्ट फैकल्टी नई नियुक्तियों के लिए आवेदन भी नहीं कर पा रहे है। उन्होंने उसी


राज्यपाल से मिलते सहरसा विधायक

समय शिक्षकों को भरोसा दिलाया था कि उनकी मांग को सीधे राज्यपाल के समक्ष रखा जाएगा। अपने वादे के अनुरूप सोमवार को राजभवन पहुंचकर उन्होंने महामहिम राज्यपाल से मुलाकात की। ज्ञापन पर गंभीरता से विचार करते हुए महामहिम राज्यपाल ने सदर विधायक को आश्वस्त किया कि किसी भी गेस्ट फैकल्टी की नौकरी नहीं जाएगी तथा उन्हें 65 वर्ष की आयु तक सेवा का अवसर सुनिश्चित करने के लिए बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को आवश्यक पत्र भेजा जाएगा। राजभवन में हुई इस मुलाकात के दौरान विधायक ई.गुप्ता ने तांती-ततवा-पान समाज के आरक्षण से जुड़े मुद्दे तथा खगड़िया के अवध बिहारी संस्कृत महाविद्यालय की 1034 एकड़ भूमि से जुड़े मामले पर भी एक अलग ज्ञापन सौंपे जिन पर राज्यपाल ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## सिमरी विधायक ने शिक्षा मंत्री से महिषी राजकीय संस्कृत उच्च विद्यालय के भवन निर्माण एवं योग्य शिक्षकों के पदस्थापन की मांग

**सहरसा शहर (एनएसबी)** सिमरी बख्तियारपुर विधायक संजय कुमार सिंह ने बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री एवं सहरसा जिला के प्रभारी मंत्री मिथिलेश कुमार तिवारी से भेंट कर महिषी स्थित ऐतिहासिक राजकीय संस्कृत उच्च विद्यालय के भवन निर्माण एवं योग्य शिक्षकों के पदस्थापन हेतु मांग-पत्र सौंपा। दिए ज्ञापन में विधायक श्री सिंह कहा कि महिषी, महान दार्शनिक एवं अद्वैत वेदांत के प्रकांड विद्वान महामहोपाध्याय पंडित मंडन मिश्र एवं माता भारती की पावन कर्मभूमि तथा हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक धरोहर है। वर्ष 1962 में स्थापित यह राजकीय संस्कृत उच्च विद्यालय आज भवन एवं शिक्षकों के अभाव में उपेक्षा का शिकार है। इस ऐतिहासिक विद्यालय के पुनर्जीवन, नए भवन के निर्माण तथा नियमित शिक्षकों की नियुक्ति हेतु माननीय मंत्री से आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। मंत्री मिथिलेश कुमार तिवारी ने विषय की गंभीरता को समझते हुए तत्काल संज्ञान लिया तथा संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुशंसा भी कर दी। उनके इस सकारात्मक एवं संवेदनशील निर्णय से महिषी क्षेत्र के लोगों में नई आशा का संचार हुआ है। महिषी की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक विरासत के संरक्षण तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति उनके सहयोग, स्नेह, बहुमूल्य समय एवं त्वरित पहल के लिए मैं उनका हृदय से बहुत-बहुत आभार एवं हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। विधायक श्री सिंह ने कहा सिमरी बख्तियारपुर के जनहित और क्षेत्र के विकास के लिए मेरा प्रयास निरंतर जारी रहेगा।


शिक्षा मंत्री से मिलते विधायक संजय

## सहरसा में छात्रों की गूंज कार्यक्रम की तैयारी तेज, कोशी क्षेत्र के छात्रों का होगा महाजुटान


बैठक में जिलाध्यक्ष व अन्य

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भारतीय युवा कांग्रेस एवं भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के नेतृत्व में देशभर के 120 स्थानों पर आयोजित किए जा रहे राष्ट्रव्यापी छात्रों की गूंज अभियान के तहत सहरसा में भी व्यापक स्तर पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कांग्रेस प्रवक्ता मृत्युंजय कुमार सिंह ने बताया कि छात्रों के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी ने देशभर के विभिन्न केंद्रों पर विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। सहरसा में आयोजित कार्यक्रम के लिए भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव चंद्र यादव, छत्तीसगढ़ के विधायक राघवेंद्र सिंह तथा बिहार प्रदेश एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं एआईसीसी सदस्य केसर कुमार सिंह को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा विशेष पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने बताया कि युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कोशी क्षेत्र के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से लगातार हो रहे प्रश्नपत्र लीक,नीट सहित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं, युवाओं के भविष्य तथा शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर मुद्दों पर छात्रों की आवाज बुलंद की जाएगी।जिला कांग्रेस कमेटी ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने के बजाय उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। पार्टी ने शिक्षा व्यवस्था में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं की जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए कहा कि इन घटनाओं के लिए केवल केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ही नहीं, बल्कि केंद्र सरकार भी जिम्मेदार है। साथ ही, दिल्ली पुलिस केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन होने का उल्लेख करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की नैतिक जिम्मेदारी तय करने और इस्तीफे की मांग भी की गई।कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारी व्यापक जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। एनएसयूआई के पूर्व संयोजक मनीष कुमार, प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव मृणाल कामेश, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष नितीश कुमार, आलोक राज, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नीरज निराला, बंटी झा, दिवाकर ठाकुर सहित युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता छात्र-छात्राओं और युवाओं से लगातार संपर्क कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं।आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि सहरसा में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम कोशी क्षेत्र के छात्रों और युवाओं की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने का महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

## बिहार राज्य निर्माण कामगार यूनियन सीटू द्वारा श्रम मंत्री का किया पुतला दहन

**सहरसा शहर (एनएसबी)** बिहार राज्य निर्माण कामगार यूनियन सीटू जिला कमिटी सहरसा की ओर से मजदूर पड़ाव पूरब बाजार हटिया गाछी में मंगलवार को बिहार सरकार के श्रम मंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। निर्माण मजदूरों द्वारा श्रम मंत्री के विरोध में जमकर नारे लगाए। पुतला दहन का संयुक्त रूप से यूनियन के जिला सचिव नसीम उद्दीन ने अपने सम्बोधन मे कहा मजदूरों के लिए बनाए गए बिहार बोर्ड एक सहारा था लेकिन अब बेसहारा होकर सिमटता जा रहा है। कागजों पर तथा प्रचार प्रसार में बहुत कुछ दिखता है लेकिन सर जमीन पर सिर्फ मजदूरों को मुंगेरीलाल का सपना दिखाया जा रहा है। बिहार सरकार के श्रम मंत्री तथा श्रम विभाग सहरसा की मिली भगत से नया नया नियम तथा नई पोर्टल का बहाना बताकर योजनाओं में साजिश रची जा रही है। इसलिए सहरसा जिला के विभिन्न प्रखंडों से निमंत्रित निर्माण मजदूर भारी से भारी संख्या में भाग लेंगें। कार्यकारणी अध्यक्ष दुखी शर्मा ने कहा मजदूरों के हक अधिकार के लिए लंबे संघर्षो के बाद मजदूरों के लिए बिहार बोर्ड का गठन हुआ। निर्माण मजदूर का युद्ध स्तर पर पूरे सहरसा जिला में निबंधन होना शुरू हुआ लेकिन अभी वर्तमान मे मजदूरों को योजनाओं से वंचित करने की साजिश रची जा रही है जो अब बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा 10 अगस्त को जिला पदाधिकारी के समक्ष एकजुट कर भाग ले। पुतला दहन मे सीटू सदस्य मकसूद, रंजीत शर्मा, असलम, इनामुल,मनोज शर्मा, रंजीत शर्मा, नसीम मिस्त्री, दिलीप शर्मा, कारी शर्मा, मुस्तकीम,सलाम सैयद, हासिम रहमान,समसुल, लखन शर्मा, मन्ना, तजमुल, राजू, सिरमान सहित अन्य मौजूद थे।


पुतला दहन करते कामगार यूनियन

### सीनेट सदस्य के नेतृत्व में एमएलटी कालेज शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**सहरसा शहर (एनएसबी)** बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित उच्च शिक्षा विधेयक, 2026 के माध्यम से बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 में किए जाने वाले प्रस्तावित संशोधनों के विरोध में मंगलवार को एमएलटी कॉलेज शिक्षक संघ सचिव सह सीनेट सदस्य डॉ संजीव कुमार झा के नेतृत्व में शिक्षकों ने महाविद्यालय परिसर में शांतिपूर्ण एवं सांकेतिक विरोध-प्रदर्शन किया। डॉ झा ने कहा कि प्रस्तावित संशोधनों के अंतर्गत अंगीभूत डिग्री महाविद्यालयों एवं स्नातकोत्तर विभागों के लिए पृथक संवर्ग के गठन तथा विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता एवं शिक्षकों के वैधानिक अधिकारों को प्रभावित करने वाले प्रावधानों की चर्चा से पूरे राज्य के शिक्षकों में गहरी चिंता और असंतोष है। महाविद्यालय शिक्षक संघ ने कहा कि यदि शिक्षकों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों की उचित चिंताओं पर सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो राज्यव्यापी लोकतांत्रिक आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। प्रदर्शन में डॉ विनीत शर्मा, डॉ अन्नू कुमारी, डॉ वीणा कुमारी, डॉ बिजेन्द्र झा, डॉ दीप्ति कुमारी, डॉ राम नरेश रॉय, डॉ कविता कुमारी, डॉ अनीता कुमारी, डॉ संजय कुमार, डॉ अपर्णा कुमारी सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

## 2011 की जनगणना के आधार पर होगा पंचायतों का परिसीमन, बदलेगा राजनीतिक समीकरण

रौशन कुमार सिंह

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में पंचायत परिसीमन को लेकर अधिसूचना जारी होते ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। गांव-गांव और चैपाल से लेकर राजनीतिक गलियारों तक नए पंचायत क्षेत्रों और संभावित चुनावी समीकरणों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। संभावित दावेदार, जनप्रतिनिधि और राजनीतिक रणनीतिकार नए परिसीमन के आधार पर अपने-अपने क्षेत्र का गुणा-भाग करने में जुट गए हैं। बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ग्राम पंचायतों का गठन वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर राजस्व ग्रामों को ध्यान में रखते हुए नए सिरे से किया जाएगा। जिस गांव की आबादी सबसे अधिक होगी, उसी गांव के नाम पर पंचायत का नाम रखा जाएगा। अधिक जनसंख्या वाले वार्डों का विभाजन भी किया जा सकता है, हालांकि किसी गांव को अनावश्यक रूप से विभाजित नहीं किया जाएगा। यदि एक से अधिक गांवों को मिलाकर नई पंचायत बनाई जाती है तो पंचायत मुख्यालय उसी गांव में स्थापित होगा जिसकी जनसंख्या सर्वाधिक होगी। वहीं, यदि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों की संयुक्त आबादी कुल आबादी के 50 प्रतिशत से अधिक होगी, तो मुख्यालय उस गांव में बनाया जाएगा जहां इन वर्गों की आबादी सबसे अधिक होगी। परिसीमन की पूरी प्रक्रिया की निगरानी प्रमंडलीय आयुक्त करेंगे। जिला स्तर पर तैयार प्रारूप का प्रकाशन पंचायत, प्रखंड और जिला कार्यालयों के सूचना पट पर किया जाएगा। प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों पर विचार करने के बाद जिला पदाधिकारी अंतिम पंचायत क्षेत्र का निर्धारण करेंगे। बदल सकते हैं चुनावी समीकरण नए परिसीमन का सबसे बड़ा असर आगामी पंचायत चुनाव पर पड़ने की संभावना है। पंचायतों और वार्डों की सीमाएं बदलने से कई वर्तमान जनप्रतिनिधियों का पारंपरिक वोट बैंक प्रभावित हो सकता है, जबकि नए क्षेत्रों में कई नए चेहरे मजबूत दावेदार के रूप में उभर सकते हैं। कई संभावित उम्मीदवारों की रणनीति बदलनी पड़ सकती है और उन्हें नए क्षेत्रों में राजनीतिक जमीन तैयार करनी होगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि परिसीमन के बाद पंचायतों की सामाजिक और जातीय संरचना में भी बदलाव देखने को मिलेगा, जिससे चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं। फिलहाल संभावित प्रत्याशी नए नक्शे और जनसंख्या के आंकड़ों का अध्ययन कर अपने राजनीतिक भविष्य की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। आगामी पंचायत चुनाव से पहले यह परिसीमन पूरे प्रखंड की राजनीति की दिशा और दशा बदलने वाला अहम फैसला माना जा रहा है।

## 32वीं बाल विज्ञान कांग्रेस द्वारा जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)** सूचना-प्रौद्योगिकी भारत सरकार एवं राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के तत्वाधान में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद व बिहार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के उत्प्रेरण में साइंस फॉर सोसाइटी के द्वारा 32वीं बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एकलव्या सेंट्रल स्कूल सुलिंदाबाद में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंड के कई शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। एनसीएससी के इस बार का मुख्य विषय निरंतरता के लिए विज्ञान एवं नवाचार को रखा गया है। मुख्य विषय को पाँच उप विषय में बाँटा गया है। अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा, जल, भोजन एवं कृषि व निरंतरता के लिए भारतीय ज्ञान प्रणालियों का अनुप्रयोग में मुख्य विषय को वगीर्कृत किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत साइंस फॉर सोसाइटी के जिला समन्वयक राम बिलास यादव, शैक्षिक समन्वयक कुमार विक्रमादित्य, पूर्व समन्वयक शंभु प्रसाद यादव, पूर्व क्षेत्रीय समन्वयक बालमुकुंद साह, एकलव्या स्कूल के डायरेक्टर अजय सिंह व मुकेश सिंह एवं प्रधानाध्यापक रोशन कुमार चैधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। राजकीय सम्मान से सम्मानित प्रधानाध्यापक, लेखक व शैक्षिक समन्वयक कुमार विक्रमादित्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि छात्रों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करते हुए ही बेहतर प्रोजेक्ट का निर्माण करवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बाल विज्ञान कांग्रेस में छात्र स्थानीय समस्याओं के समाधान व उपलब्ध संसाधनों के बेहतर व निरंतर उपयोग हेतु विभिन्न प्रोजेक्ट पर काम करते हैं। जिला समन्वयक राम बिलास यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में 10 से 17 वर्ष के बच्चे भाग लेते हैं। यह कार्यक्रम जिला स्तर से शुरू होकर राष्ट्रीय स्तर तक होती है। पूर्व समन्वयक बाल मुकुंद साह ने प्रोजेक्ट निर्माण के कई


32वीं बाल विज्ञान कार्यक्रम में अतिथि

महत्वपूर्ण बातों को सबके सामने रखा और बताया कि कैसे शिक्षक अपने बच्चों को प्रोजेक्ट निर्माण हेतु प्रेरित करें। एकलव्या स्कूल के डायरेक्टर अजय सिंह ने विज्ञान के कई महत्त्वपूर्ण पहलुओं को आधुनिक समय से जोड़ते हुए प्रोजेक्ट निर्माण की बात कही वही मुकेश सिंह ने विज्ञान के प्रयोग को आदत में लाने की बात पर बल दिया। रोशन कुमार चैधरी ने बताया कि कैसे कोई अदना सा नवाचार लोगों की जिंदगी को बदल देता है। कार्यशाला में विभिन्न प्रखंडों के शिक्षकों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। सभी प्रतिभागियों ने आश्वासन दिया कि कल से ही विद्यालय में वे अपने बाल वैज्ञानिकों के साथ मिलकर विभिन्न टॉपिक पर कार्य करेंगे ताकि आगामी जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस हेतु उन्हें तैयार किया जा सके। कार्यक्रम में पावस कुमार, पशुपति नाथ मिश्रा, विनय कुमार पाठक, सुधांशु कुमार, आभा कुमारी, नीरज कुमार, संतोष कुमार, मनोज कुमार, संजीव कुमार, नीलम कुमारी, सरिता कुमारी, वीणा कुमारी, रविकांत कुमार, अजय कुमार, सरोज कुमार, देव मुकुंद, कमलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# फ्लड कंट्रोल टीम ने लिया तटबंध का जायजा


नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लेते अधिकारी।

**चौथम डीह मुनि टोल के पीछे तटबंध के कटाव की सूचना मिलने पर पहुंचे अधिकारी**

**एसडीओ ने कहा - फिलहाल तटबंध पूरी तरह सुरक्षित, तत्काल किसी प्रकार का खतरा नहीं**

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित बीएन तटबंध के आठ किलोमीटर चौथम डीह मुणी टोला के पीछे कटाव की सूचना मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन और फ्लड कंट्रोल विभाग पूरी तरह सक्रिय हो गया। अंचल अधिकारी रविराज तथा फ्लड कंट्रोल विभाग के एसडीओ मनोज कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तटबंध का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान विभाग के कर्मी मुकेश कुमार, स्थानीय जनप्रतिनिधि नीरज कुमार सहित कई ग्रामीण भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के बाद फ्लड कंट्रोल विभाग के एसडीओ मनोज कुमार ने बताया कि फिलहाल तटबंध पूरी तरह सुरक्षित है और किसी प्रकार का तत्काल खतरा नहीं है। उन्होंने बताया कि संभावित आपदा से निपटने के लिए विभाग ने पहले से ही मिट्टी से भरी हजारों बोरियां मौके पर रख दी हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत उनका उपयोग किया जा सके। विभाग की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा प्रशासन पर भरोसा बनाए रखने की अपील की।

स्थानीय जनप्रतिनिधि नीरज कुमार तथा ग्रामीण सुरेश मुनि, इंदल राय, बंधन मुनि, चंदन मुनि और राकेश मुनि सहित अन्य लोगों ने तटबंध की दीर्घकालीन सुरक्षा के लिए अस्थायी कटावरोधी कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने पर इस क्षेत्र में कटाव की आशंका बनी रहती है, इसलिए समय रहते सुरक्षा कार्य कराना जरूरी है। इस पर फ्लड कंट्रोल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस स्थल पर अस्थायी एंटी इरोजन (कटावरोधी) कार्य कराने का प्रस्ताव पहले ही विभाग को भेजा जा चुका है। स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू होने की संभावना है। अंचल अधिकारी रविराज ने कहा कि स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। तटबंध की नियमित निगरानी की जा रही है। जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। प्रशासन के इस निरीक्षण और तैयारियों से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि ग्रामीणों ने स्थायी कटावरोधी उपायों को जल्द लागू करने की मांग दोहराई, ताकि भविष्य में किसी भी संभावित खतरे से क्षेत्र को सुरक्षित रखा जा सके।

# बाढ़ पूर्व तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे अधिकारी

**सीओ ने बताया-प्रखंड में वर्तमान में 35 आपदा मित्र और प्रशिक्षित गोताखोर उपलब्ध हैं**

**15 नावों की व्यवस्था कर ली गई है, इनका निबंधन भी कराया जा चुका है**

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ की आशंका को देखते हुए चौथम अंचल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। खासकर बाढ़ प्रभावित पंचायतों में किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशासन ने अभी से व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने राहत एवं बचाव कार्यों से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्य तेज कर दिया है, ताकि बाढ़ आने की स्थिति में लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े।

पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठक में बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया था। बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने, सामुदायिक रसोई की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृ करने तथा गर्भवती महिलाओं, वृद्धजनों, बच्चों एवं गंभीर मरीजों के लिए आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध, माल भविष्य के चारा की व्यवस्था कराने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया। प्रशासन ने संबंधित विभागों को सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने का निर्देश दिया है। अंचलाधिकारी ने बताया कि संभावित बाढ़ को देखते हुए प्रखंड में 15 नावों की व्यवस्था कर ली गई है तथा सभी नावों का विधिवत निबंधन भी कराया जा चुका है। आवश्यकता पड़ने पर इन नावों के माध्यम से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य तेजी से संचालित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रखंड में वर्तमान में 35 आपदा मित्र एवं प्रशिक्षित गोताखोर उपलब्ध हैं, जिन्हें अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात किया गया है। आपदा की स्थिति उत्पन्न होने पर ये सभी राहत एवं बचाव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के लिए 18 ऊंचे स्थानों की पहचान एवं चिन्हांकन किया गया है, जहां आवश्यकता पड़ने पर अस्थायी राहत शिविर संचालित किए जा सकेंगे। अंचलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ जैसी प्रातिक आपदा से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। राहत सामग्री, बचाव उपकरण, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को लगातार सतर्क रहने तथा किसी भी आपात सूचना पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि बाढ़ की स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन को दें। प्रशासन का प्रयास है कि समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर संभावित बाढ़ के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सके तथा लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क निर्माण की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** चौढ़ली से गांधी नगर-इतमादी को जोड़ने वाली मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ का निर्माण पिछले दो वर्षों से कराया जा रहा है लेकिन आज तक काम पूरा नहीं हुआ। जो हिस्सा बन भी गया है, वह तकनीकी अनियमितता की भेंट चढ़ गया है। सबसे बड़ी गड़बड़ी लेवल को लेकर हुई है। चौढ़ली गांव के समीप बने उच्च स्तरीय पुल से सड़क का लेवल नहीं मिलाया गया। नतीजा यह कि करोड़ों की लागत से बनी सड़क पहली ही बरसात में डूबने की कगार पर पहुंच गई है। यही सड़क बाढ़ और बरसात के दिनों में गांधीनगर, इतमादी और सहरौन को जोड़ने वाली जीवनरेखा है। अगर यह डूब गई तो हजारों लोगों का संपर्क मुख्यालय से कट जाएगा। ग्रामीणों का कहना है चौढ़ली जमींदारी बांध से लेकर पुल तक पहुंचने का रास्ता तक नहीं बन पाया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का उद्देश्य गांव-गांव को बारहमासी सड़क से जोड़ना है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और पथ निर्माण विभाग से मांग की है कि पूरे निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई हो, और सड़क को निर्धारित मानक के अनुसार फिर से बनाया जाए।

### न्याय की आस में दर-दर भटकने को मजबूर हैं पीड़ित

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** कंजरी पंचायत अंतर्गत गवास तिवारी टोला निवासी शंकर सिंह भूमि विवाद को लेकर न्याय की आस में दर-दर भटकने को मजबूर हैं। पीड़ित ने मामले को लेकर तत्कालीन अंचलाधिकारी अमित कुमार को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी, लेकिन उनका स्थानांतरण हो जाने के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया। पीड़ित शंकर सिंह के अनुसार, अपने भाई के साथ चले आ रहे भूमि विवाद में उन्हें पूर्व में ही आदेश प्राप्त हो चुका था। इसके बावजूद विपक्षी द्वारा उन पर लगातार अत्यधिक अत्याचार किया जा रहा है और आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है। तंग आकर पीड़ित ने अपर समाहर्ता के आदेश के आलोक में मामले को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार उचित कार्रवाई की मांग की थी। पीड़ित परिवार द्वारा यह आवेदन 9 मई, 2026 को दिया गया था। हालांकि, आवेदन देने के कुछ ही समय बाद तत्कालीन अंचलाधिकारी अमित कुमार का तबादला हो गया, जिसके चलते अंचल कार्यालय स्तर से इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। अधिकारी के चले जाने और फंसाव के कारण पीड़ित परिवार आज भी न्याय पाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहा है। पीड़ित ने नए अंचलाधिकारी और वरीय अधिकारियों से प्रशासनिक हस्तक्षेप कर तत्काल कार्रवाई करने और उन्हें न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

### राज्यपाल से विधायक आईपी गुप्ता ने की जांच की मांग

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहरसा के विधायक इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता ने राज्यपाल सह कुलाधिपति से मुलाकात कर अवध बिहारी संस्कृत महाविद्यालय रहीमपुर खगड़िया की 1034 एकड़ भूमि की बंदोबस्ती का मामला उठाया। विधायक गुप्ता ने महामहिम को दिए आवेदन में महाविद्यालय के भूमि प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण अभिलेखों के गायब होने तथा राजभवन द्वारा पूर्व में मांगी गई जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराए जाने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। सहरसा विधायक ने महामहिम से जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान कुलाधिपति ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए राजभवन स्तर से इसकी जांच कराने की बात कही तथा महाविद्यालय की 1034 एकड़ भूमि की बंदोबस्ती खुली डाक के माध्यम से कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया।

### अज्ञात बदमाशों ने युवक पर किया जानलेवा हमला



**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** महिनाथ नगर बहियार में खेत से घर लौट रहे युवक पर अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित महिनाथ नगर पंचायत के वार्ड संख्या-7 निवासी विलास मंडल का पुत्र धीरज कुमार है। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सहरसा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिजनों के अनुसार धीरज कुमार खेत में अपना काम निपटाकर पैदल ही घर लौट रहे थे। उसी दौरान महिनाथ नगर और गोंगी बहियार में पहले से घात लगाए बैठे अज्ञात बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। हमले में धीरज का सिर फट गया। घायल के पिता विलास मंडल ने बताया कि महिनाथ नगर-गोंगी मार्ग पर पिछले कुछ समय से आपराधिक गतिविधियां काफी बढ़ गई हैं, जिससे इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीर हमेशा खौफ के साए में रहते हैं। उन्होंने कहा कि धीरज के स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार होते ही बेलदौर थाने की पुलिस को लिखित आवेदन सौंपा जाएगा। घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए महिनाथ नगर राइस मिल के प्रोपराइटर मनोज कुमार मंडल ने खगड़िया पुलिस अधीक्षक से इस मार्ग पर नियमित पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की। उन्होंने बताया कि इस सुनसान रास्ते पर पहले भी बैंक सीएसपी कर्मियों से लूटपाट जैसी वारदातें हो चुकी हैं। यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था कड़ी नहीं की गई तो भविष्य में बड़ी अनहोनी हो सकती है।

### यूडीआईडी कार्ड निर्गत करने को लेकर लगेगा शिविर

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी कार्ड निर्गत करने हेतु प्रखंड वार विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार केंद्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ शुरु की गई यूडीआईडी परियोजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए यूनिवर्सल आईडी जारी करने के लिए समग्र प्रणाली का निर्माण करना है। उल्लेखनीय है कि 01.04.2021 से ऑफलाईन निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र राज्य में मान्य नहीं है एवं उसकी जगह ऑनलाईन सत्यापित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र ही मान्य है। खगड़िया जिलान्तर्गत प्रमाणित दिव्यागजंनों के लिये यूडीआईडी कार्ड निर्माण हेतु 15269 आवेदन स्वलंबन पोर्टल पर किये गए हैं, जिसमें से अब तक 11109 दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड बना कर लोगों को उपलब्ध कराया जा चुका है। 3003 दिव्यांगजन ऐसे है जिन्होंने स्वाबलंबन पोर्टल पर यूडीआईडी कार्ड निर्गत करने हेतु आवेदन किया है, परंतु मेडिकल बोर्ड के समकक्ष उपस्थित नहीं हुए जिसकी वजह से उनका यूडीआईडी कार्ड निर्गत नहीं किया गया। दिव्यांजनों को मेडिकल बोर्ड के सामने उपस्थित होने को लेकर खगड़िया सदर अस्पताल आने की समस्या को आसान करने हेतु उनके सहूलियत के लिए प्रखंड वार विशेष मेडिकल बोर्ड का कैंप आयोजित किया जा रहा है। सभी दिव्यांजन अपने प्रखंड में आयोजित शिविर में आयें ताकी यूडीआईडी कार्ड निर्गत हो सके। इसी को लेकर दिव्यांगजनों के लिये यूडीआईडी कार्ड निर्गत करने को लेकर 20 जुलाई से 5 अगस्त तक प्रखंडवार विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# विस में फिर गूंजा खगड़िया मेडिकल कॉलेज का मुद्दा

**मानसून सत्र में विधायक मंडल ने उठाया मुद्दा**

दैनिक नवसंदेश


विधायक बबलू कुमार मंडल।

**मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिल चुकी है, संसारपुर में जमीन भी चिह्नित की जा चुकी है पर कॉलेज भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है**

**खगड़िया।** खगड़िया में स्वीकृत मेडिकल कॉलेज के निर्माण का मामला एक बार फिर बिहार विधानसभा में गूंजा। मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने विधानसभा में इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाते हुए मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ कराने की मांग की।

विधायक ने सदन का ध्यान खगड़िया की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और जिले की भौगोलिक परिस्थितियों की ओर आकृष्ट कराते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण जिले के लिए बेहद आवश्यक है। इसके शुरू होने से न सिर्फ खगड़िया, बल्कि आसपास के कई जिलों के लोगों को भी बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि खगड़िया बिहार के पिछड़े जिलों में शामिल है और यहां आज भी उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं की कमी है। खगड़िया में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके निर्माण के लिए संसारपुर में जमीन भी चिह्नित कर संबंधित विभाग को भेजी जा चुकी है, लेकिन अब तक मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। निर्माण में हो रही देरी का सीधा असर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में गंभीर बीमारी अथवा दुर्घटना के शिकार मरीजों को बेहतर उपचार के लिए अक्सर पटना, भागलपुर या दूसरे बड़े शहरों के अस्पतालों में रेफर करना पड़ता है। ऐसे में मरीजों के साथ उनके परिजनों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बाहर जाकर इलाज कराना और भी मुश्किल हो जाता है। कई बार मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाने की समस्या भी सामने आती है। विधायक ने सदन में खगड़िया की विशिष्ट भौगोलिक स्थिति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि खगड़िया सात नदियों से घिरा हुआ जिला है। जिले के कई इलाकों से मरीजों को पहले सदर अस्पताल तक पहुंचने में ही काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से सुदूर ग्रामीण एवं दियारा क्षेत्रों के लोगों के लिए यह समस्या और गंभीर है। ऐसे इलाकों से जिला मुख्यालय पहुंचने में ही काफी समय लग जाता है।

विधायक बबलू कुमार मंडल ने खगड़िया की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी का उल्लेख करते हुए कहा कि यह जिला सहरसा, मधेपुरा, दरभंगा, बेगूसराय, भागलपुर और मुंगेर जैसे महत्वपूर्ण जिलों से जुड़ा हुआ है। ऐसे में खगड़िया में मेडिकल कॉलेज बनने का लाभ केवल जिले की आबादी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आसपास के जिलों से आने वाले मरीज भी यहां बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। खगड़िया रेल और सड़क मार्ग के लिहाज से भी महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है। इसलिए यहां आधुनिक सुविधाओं से युक्त मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल स्थापित होने से यह क्षेत्र चिकित्सा सेवाओं के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हो सकता है। इससे आसपास के सरकारी अस्पतालों पर मरीजों का दबाव कम करने में भी मदद मिल सकती है।

विधायक ने मेडिकल कॉलेज को केवल स्वास्थ्य सुविधा से जोड़कर नहीं देखा, बल्कि इसे जिले की शिक्षा और रोजगार की संभावनाओं के लिए भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना से फरकिया क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति आएगी। जिले और आसपास के युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज बनने से डॉक्टर, नर्स, तकनीकी कर्मचारी, स्वास्थ्यकर्मी और अन्य सहायक सेवाओं के लिए अवसर बढ़ेंगे। साथ ही मेडिकल कॉलेज के आसपास विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं भी पैदा होंगी। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर विकसित हो सकते हैं। विधायक ने कहा कि मेडिकल कॉलेज खगड़िया की वर्षों पुरानी आवश्यकता है। स्वीकृति और जमीन चिह्नित होने के बाद अब इसके निर्माण में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने सरकार और संबंधित विभाग से आग्रह किया कि संसारपुर में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के निर्माण की प्रक्रिया को तेज करते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि खगड़िया सहित आसपास के जिलों के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले और फरकिया क्षेत्र चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी नई पहचान बना सके।

# डीएम ने सहयोग शिविर में सुनीं जनसमस्याएं



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी विक्रम वीरकर ने कसिमपुर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में स्वयं उपस्थित होकर आमजन से संवाद स्थापित किया तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता सुना। जिलाधिकारी ने शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ बिना किसी अनावश्यक विलंब के प्राप्त हो सके। उन्होंने शिविर में ग्रामीणों से जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी प्राप्त की तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं से शत-प्रतिशत आच्छादित करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने लोगों से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर योजनाओं का लाभ उठाने एवं अपनी समस्याओं को निःसंकोच प्रशासन के समक्ष रखने की अपील की। सहयोग शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों का पंजीकरण किया गया तथा कई मामलों का स्थल पर ही निष्पादन किया गया। शेष आवेदनों के त्वरित एवं नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य प्रशासन को आमजन के द्वार तक पहुँचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

# अब गांवों में खुलेंगे जीविका सुधा बिक्री केंद्र, महिलाएं होंगी सशक्त

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जीविका ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जीविका एवं कमफेड के संयुक्त प्रयास से पंचायतों में जीविका सुधा बिक्री केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इस योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा तथा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की बिक्री को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत कुल 75,000 का निवेश किया जाएगा, जिसमें 60,000 की सहायता सरकार द्वारा तथा 15,000 का अंशदान लाभार्थी द्वारा दिया जाएगा। चयनित महिलाओं को डीप फ्रीजर, विजी कूलर, दुकान की ब्रांडिंग, मरम्मत एवं पेंटिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं स्वरोजगार आधारित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर जीविका महिलाओं को आजीविका के नए अवसरों से जोड़ रही है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, ऋण सुविधा तथा उद्यम स्थापित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाता है।

# महद्दीपुर बाजार जाने वाले लोगों को जलजमाव से मिलेगी राहत

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** महद्दीपुर में वार्ड 2 और 8 के बीच कुआं के पास बरसात के दिनों में घुटने भर पानी लग जाने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। स्थिति यह थी कि पानी का निकास नहीं होने के कारण उसमें से दुर्गंध भी उठने लगी थी, जिससे स्थानीय निवासियों और बाजार आने-जाने वाले लोगों का जीना मुहाल हो गया था। इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने के लिए अब उक्त सड़क पर पीसीसी निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। इस संबंध में महाद्दीपुर के मुखिया प्रतिनिधि अमन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण विकास कार्य में बाधा आ रही थी। जनता की इस विकट समस्या को देखते हुए ग्रामीणों के साथ एक आवश्यक बैठक की गई, जिसके बाद आपसी सहमति से इस जलजमाव वाली मुख्य सड़क पर पीसीसी ढ़लाई का कार्य कराया जा रहा है। मुखिया प्रतिनिधि के इस सकारात्मक और त्वरित कदम का स्थानीय ग्रामीणों ने दिल से स्वागत किया है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से इस मार्ग पर जलजमाव एक नासूर बन चुका था, जिससे पैदल चलना भी दूभर हो गया था।

# पिपरा और नीरपुर में जन सहयोग शिविर आयोजित



**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** पिपरा एवं नीरपुर पंचायत में मंगलवार को जन सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ दोनों पंचायतों में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के बाद अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टलों का निरीक्षण कर लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, पंचायती राज, षि, आपूर्ति सहित विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टल लगाए गए थे। प्रत्येक स्टल पर विभागीय कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों का निपटारा किया, जबकि अन्य आवेदनों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादित करने का आश्वासन दिया। शिविर में सबसे अधिक मामले सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से संबंधित सामने आए। बड़ी संख्या में वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग लाभार्थियों ने शिकायत दर्ज कराई कि केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने के बावजूद उनके बैंक खातों में पेंशन की राशि नहीं पहुंच रही है। लाभार्थियों ने बताया कि कई महीनों से भुगतान बंद रहने के कारण उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित अधिकारियों ने ऐसे मामलों की जांच कर शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। पेंशन के बाद भूमि विवाद एवं राजस्व संबंधी मामलों की संख्या भी काफी अधिक रही। ग्रामीणों ने दाखिल-खारिज, परिमार्जन, जमाबंदी, सीमांकन तथा अन्य राजस्व मामलों से जुड़े आवेदन अधिकारियों को सौंपे।

# पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**रोज बड एकेडमी में वन महोत्सव का आयोजन**

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** रोज बड एकेडमी में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक अमीकर डेनियल एवं प्राचार्या रंजू सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। विद्यार्थियों ने पौधों की देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक अमीकर डेनियल ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। वहीं प्राचार्या रंजू सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है और बच्चों को बचपन से ही प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना आवश्यक है। विद्यार्थियों ने वृक्ष, फूल, फल एवं प्रकृति से संबंधित आकर्षक वेशभूषा धारण कर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने गीत, कविता एवं संदेशों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका ममता दुबे, दीपा एवं अनुपम सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय द्वारा 400 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

# अधिकारियों ने किया निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण



**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** इतमादी पंचायत के सरस्वती नगर में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का कार्य आवंटन की कमी के कारण अधर में लटक गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और जांच-पड़ताल की। जांच टीम में डीपीआरओ के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरभ कुमार, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी प्रमोद कुमार तथा राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा मुख्य रूप से मौजूद रहे। अधिकारियों ने आधा-अधूरा बने भवन का भौतिक सत्यापन किया और निर्माण करा रही संबंधित कार्य एजेंसी से काम रुकने का कारण पूछा। कार्य एजेंसी के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि पर्याप्त आवंटन उपलब्ध न होने के कारण निर्माण कार्य को बीच में ही रोकना पड़ा है।

संक्षिप्त खबरें

### स्कूल में नम आंखों से दी गई शिवम को श्रद्धांजलि

**जमालपुर (मुंगेर)।** संत माइकल उच्च विद्यालय, बलीपुर जमालपुर में मंगलवार सुबह दिवंगत छात्र शिवम कुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। प्रार्थना सभा से पहले प्राचार्य चंदन माइकल के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाओं और लगभग 800 छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्राचार्य ने कहा कि शिवम



श्रद्धांजलि देते छात्र-छात्रा।

विद्यालय के मेधावी छात्रों में शामिल था। उसकी असामयिक मृत्यु पूरे विद्यालय परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### सोनपुर मंडल का मेगा टिकट जांच अभियान जारी

#### एक दिन में 3,393 मामले पकड़े गए

**सोनपुर (एनएसबी)** सोनपुर मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। दिनांक 20 जुलाई 2026 को मंडल रेल



टिकट चेकिंग अभियान।

प्रबंधक श्री अमित सरन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार के निर्देशन में सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों जैसे सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी, खगड़िया, नवगछिया एवं ट्रेनों में विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में टिकट जांच कर्मियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से सघन जांच की। इस अभियान के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा करने वाले '3,393' यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे ध '30,01,980' ध- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। जुलाई माह (20 जुलाई 2026 तक) में सोनपुर मंडल द्वारा कुल '41,948' मामलों का निपटारा करते हुए ध '3,67,12,484' ध- का राजस्व अर्जित किया गया है। वहीं,विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक मंडल द्वारा कुल '2,67,031' मामलों में कार्रवाई करते हुए ध '19,17,57,846' ध- का रेल राजस्व प्राप्त किया गया है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें तथा यात्रा के दौरान रेलवे के नियमों का पालन करें। बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट के यात्रा करने पर रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाती है। सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं पारदर्शी रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ रेलवे राजस्व की सुरक्षा हेतु भविष्य में भी ऐसे विशेष टिकट जांच अभियान निरंतर जारी रखेगा।

### अनुमंडल कार्यालय सोनपुर में नो पार्किंग के सामने लम्बी कतार

**सोनपुर (एनएसबी)** अनुमंडल कार्यालय, सोनपुर के परिसर में मोटरसाईकल चालक नो पार्किंग वाली स्थान पर अनगिनत मोटरसाईकल खड़ा कर वकालत खाना में अधिवक्ताओं से मिलने और काम निपटाने में बिना किसी भय अपने आप व्यस्त रहते हैं। पिछले दिनों जूर्माना भी किया गया। इसके बावजूद भी मनमानी इनकी थमने का नाम नहीं ले रहा। अनुमंडल कार्यालय के मुख्य प्रवेष द्वार से कार्यालय के मुख्य द्वार तक अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियो आने-जाने आरसीसी सड़क बनी। जैसे-तैसे मोटरसाइकल खड़ा कर आधी सड़क तक कब्जा जमाए रहते। जिसमें कार्यालय कक्ष आने-जाने रुकावट आ रही है। मोटरसाइकल चालक की मनमानी देख ष्नो पार्किंगष बैनर अनुमंडल पदाधिकारी ने लगवा दी।

# सहयोग शिविर में एक ही छत के नीचे सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं, सरकारी योजनाओं के लाभुकों को मिला लाभ

## नए आवेदनों का भी किया गया निष्पादन, इंदरुख पश्चिमी पंचायत में सहयोग शिविर

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर प्रखंड की इंदरुख पश्चिमी पंचायत स्थित उच्च विद्यालय परिसर में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया तथा नए आवेदनों का भी निष्पादन किया गया।शिविर का निरीक्षण डीसीएलआर अनु कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी श्वेता कुमारी ने किया। इस दौरान मुखिया कल्पना देवी, बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के प्रखंड उपाध्यक्ष मनीष



सहयोग शिविर में स्वीति पत्र देते डीसीएलआर बीडीओ मुखिया सहित अन्य।

दयाल गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। इसके लिए समय-समय पर आयोजित होने वाले ऐसे सहयोग शिविरों का लाभ उठाकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं और आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा करें।बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष मनीष दयाल गोस्वामी ने ग्रामीणों से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों से भी जनसमस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील तरीके से निष्पादन सुनिश्चितद्मद्म करने का आग्रह किया।शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। विभिन्न विभागों के स्टल पर लोगों ने योजनाओं की जानकारी प्राप्त की,आवेदन जमा किए तथा कई लाभुकों को मौके पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।शिविर के सफल आयोजन से ग्रामीणों में संतोष का माहौल देखा गया।

## शिवम हत्याकांड को लेकर भड़का हंगामा थाने में भी हुआ तीखी नोकझोंक

**जमालपुर (मुंगेर) ।** खलासी मोहल्ला सदर बाजार निवासी 16 वर्षीय छात्र शिवम कुमार की हत्या के पांच दिन बाद भी मामले का खुलासा नहीं होने पर मंगलवार को जमालपुर थाना परिसर में उस समय तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई, जब मृतक के स्वजन और समाज के लोग पुलिस से जांच की प्रगति जानने पहुंचे। इस दौरान पुलिस और परिजनों के बीच तीखी नोकझोंक, कहासुनी और हंगामा हुआ। करीब आधे घंटे तक थाना परिसर का माहौल गरमाया रहा। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,मृतक के पिता वीरेंद्र बिंद,माता सुनीता देवी,भाई अमरदीप सहित समाज के लोग पुलिस से यह जानना चाहते थे कि जांच आखिर किस चरण में है और अब तक किसी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। इसी दौरान बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस होने लगी। स्थिति बिगड़ते देख सर्किल इंस्पेक्टर एस.एन. मंडल मौके पर पहुंचे और हस्तक्षेप कर माहौल को शांत कराया।परिजनों का आरोप है कि पुलिस जांच में अपेक्षित तेजी नहीं दिखा रही है और उनके साथ उचित व्यवहार भी नहीं किया गया। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चल रही है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने कल डिटेल रिकर्ड (सीडीआर) के आधार पर दो छात्रों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। जांच के दौरान मिले कुछ तथ्यों और एक कथित प्रेम पत्र को भी पुलिस अहम सुराग मानकर जांच कर रही है। हालांकि पुलिस ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है।थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से जांच कर रही है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा फरार संदिग्धों की तलाश जारी है। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दोषियों को कानून के शिकंजे में लाया जाएगा।



थाना परिसर में हंगामे के दौरान जुटी भीड़।

## छात्र शिवम की मौत मामले में निष्पक्ष जांच की मांग, थाना पहुंचीं चेयरमैन पार्वती देवी

**जमालपुर (मुंगेर) ।** संत माइकल स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र शिवम कुमार की संदिग्ध मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। नगर परिषद जमालपुर की मुख्य पार्षद (चेयरमैन) पार्वती देवी जमालपुर आदर्श थाना पहुंचीं और थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान से मुलाकात कर मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच की मांग की।पार्वती देवी ने कहा कि छात्र की मौत अत्यंत दुखद है और पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने पुलिस से मामले के हर पहलू की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। गौरतलब है कि शिवम 15 जुलाई की शाम अपने घर से निकला था। इसके बाद वह लापता हो गया। 17



निष्पक्ष जांच को लेकर थानाध्यक्ष से बात करते चेयरमैन पार्वती देवी।

जुलाई की सुबह उसका शव मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मनियाचक गंगा घाट के समीप गंगा नदी से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक अनुसंधान (एफएसएल) की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि मामले की जांच हर बिंदु पर की जा रही है। मृतक के मोबाइल का कल डिटेल रिकर्ड (सीडीआर) प्राप्त हो गया है, जिसके आधार पर जांच को तेज कर दिया गया है। पुलिस ने पूछताछ के लिए दो नाबालिग युवकों को भी थाना बुलाया था और उनसे आवश्यक जानकारी ली गई है।उन्होंने कहा कि पुलिस मृतक के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है और सभी संभावित पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का दावा है कि वैज्ञानिक साक्ष्यों और तकनीकी जांच के आधार पर मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा। मौके पर सामाजिक नेत्री मधु कुमारी, वार्ड पार्षद कैलाश सिंह आलोक कुमार, प्रतिनिधि दिलीप लिट्टी पानी सहित मृतक छात्र के माता-पिता एवं समाज के लोग मौजूद थे।

## लग्जरी गाड़ी में शराब पी रहे युवक गिरफ्तार 100 एमएल शराब के साथ गाड़ी हुआ जप्त

**जमालपुर(मुंगेर) ।** ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र में लग्जरी गाड़ी में शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार हुआ है। गिरफ्तार युवक की पहचान मुंगरौरा रमन कुमार पोद्दार के रूप में हुआ है। थानाध्यक्ष वीरभद्र सिंह ने बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान सूचना मिली कि अल्बर्ट रोड स्थित खड़ी एक गाड़ी में कुछ युवक शराब पी रहे हैं। इसकी सूचना पर गश्ती दल में शामिल पदाधिकारी एएसआई नवीन कुमार मौके पर पहुंच कर रंगे हाथ शराब का सेवन कर रहे युवक को गिरफ्तार किया और उनके पास से 100 एमएल शराब भी बरामद की है। बरामद शराब एवं गिरफ्तार युवा के साथ गाड़ी को जप्त कर थाना लाया गया। जहां उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की बात थानाध्यक्ष ने कहा।



जप्त लग्जरी गाड़ी एवं गिरफ्तार शराब तस्कर।

### मरीजों की एंबुलेंस बनी कर्मियों की सवारी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पंडारक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का एक कथित वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा का विषय बनी हुई हैं। इन तस्वीरों में एंबुलेंस का उपयोग मरीजों के बजाय स्वास्थ्य कर्मियों के आवागमन के लिए किए जाने का दावा किया जा रहा है, जिससे सरकारी संसाधनों के उपयोग पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि पीएचसी की एंबुलेंस से प्रतिदिन सुबह स्वास्थ्य कर्मियों को लाने-ले जाने का काम किया जाता है। कुछ लोगों का यह भी दावा है कि इसके एवज में एक निश्चित राशि तय होने की चर्चा है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।लोगों का कहना है कि एक ओर अनुमंडल प्रशासन सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग पर सख्ती बरतने की बात करता है, वहीं दूसरी ओर यदि एंबुलेंस का उपयोग निजी सुविधा के लिए किया जा रहा है, तो इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

## शिविर में गूंजे मूलभूत सुविधाओं के मुद्दे

**जमालपुर(मुंगेर)।** नगर परिषद के वार्ड संख्या-6 स्थित बिसहरी स्थान परिसर में सोमवार को मुख्य पार्षद पार्वती देवी की अध्यक्षता में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम, स्वच्छता प्रभारी सोनम राज तथा वार्ड पार्षद कुमुद देवी की उपस्थिति में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान को लेकर आवश्यक पहल का आश्वासन दिया गया।शिविर के दौरान वार्डवासियों ने जल-नल योजना की अनियमितता, पेयजल आपूर्ति, खराब स्ट्रीट लाइट, जल निकासी की समस्या तथा रेलवे के बंद पड़े नाले की सफाई का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। विमल चंद्र चौरसिया, सुबोध मंडल, मीरा देवी, सीता देवी और दुखमती देवी सहित कई लोगों ने अधिकारियों से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने कहा कि नगर परिषद वार्डवासियों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्राथमिकता के आधार पर गंभीर समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि लोगों को जल्द राहत मिल सके।सहयोग शिविर से पूर्व वार्ड पार्षद कुमुद देवी एवं पूर्व वार्ड पार्षद अमर शक्ति ने मुख्य पार्षद और उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद कैलाश सिंह, आलोक कुमार, नंदकिशोर चौरसिया, मनोज मंडल, प्रमोद मंडल, नीरज मंडल, बिट्टू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। शिविर के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिला।



शिविर में समस्या सुनते मुख्य पार्षद।

# दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में सपा ने फूंका सरकार का पुतला

**मुंगेर (एनएसबी)।** संसद मार्च के दौरान दिल्ली में नीट के सवालों पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठी चार्ज सोनम वांगचुक को प्रताड़ित करने यूपी में जौहर विश्वविद्यालय को गिराने एवं बिहार में बढते अपराध से आक्रोशित समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को जिला मुख्यालय में केंद्र व राज्य सरकार का पुतला फूंक अपना आक्रोश व्यक्त किया । पुतला दहन के पूर्व पार्टी के अस्थायी कार्यालय से सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में सपाइयों ने जुलूस निकाल जिला मुख्यालय के मुख्य मार्गो पर प्रदर्शन करते हुए राजीव गांधी चौक पहुंच प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के पुतले को आग में झोंका। इस दौरान प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री इस्तीफा दो गृह मंत्री हाय हाय लोकतंत्र का हत्यारा बीजेपी सरकार होश में आओ सम्राट चौधरी मुरादाबाद आदि नारे लगा रहे थे। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि अराजकता फैलाकर देश को विध्वंसक मुहाने पर पहुंचने वाली केन्द्र सरकार अपने नाकामी और कुत्यों को छुपाने के लिए लोकतंत्र की हत्या कर रही है लेकिन दिल्ली के प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज भाजपा सरकार के ताबूत की अंतिम कील साबित होगी वहीं उन्होंने आगे कहा की अगर राष्ट्रपति में जरा भी नैतिकता और लोकतंत्र के प्रति आस्था बची है ऐसे सरकार को बर्खास्त कर देश को अस्थिर होने से बचा ले।समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा ने कहा कि प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज सोनम वांगचुक को जबरन आंदोलन से हटाना यूपी के गौहर विश्वविद्यालय पर बुलडोजर चलवाने की साजिश इस सरकार के मानसिक दिवालियेपन का उदाहरण है और ऐसे सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

वही महासचिव मिथिलेश यादव प्रवक्ता गणेश पोद्दार सचिव नकुल यादव मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर मंडल ने कहा कि जब से सम्राट चौधरी की सरकार आई है बिहार में अपराध का बाढ़ आ गया है केवल मुंगेर में 15 दिनों में दर्जनों व्यक्तियों की हत्या इस बात का संकेत है कि बिहार विकास की नहीं विनाश की राजनीति शुरू हो गई।

मौके पर उपाध्यक्ष रामनाथ राय महासचिव अशोक भारत मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति बरियारपुर प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र यादव गोपाल वर्मा मथुरी यादव छडपन मंडल दिनेश साहू कालेश्वर महतो विशेश्वर मंडल मनीष यादव चंद्रदेव मंडल अशोक शर्मा चंदन शाह योगेंद्र मंडल लक्ष्मण महतो गौतम कुमार अरुण मंडल भोला दास सोनू यादव सहित दर्जनों लोग शामिल थे।



प्रदर्शन एवं पुतला दहन करते समाजवादी पार्टी।

संक्षिप्त खबरें

### बिहार में शिक्षकों के महास्थानांतरण का आगाज बदलेगी स्कूलों की तस्वीर या बढ़ेंगी नई चुनौतियाँ

#### शिक्षा विभाग की सबसे बड़ी कवायद शुरू, लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा फैसलाय पारदर्शिता और संतुलन होगी सफलता की कसौटी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश) ।** बिहार की सरकारी शिक्षा व्यवस्था एक बड़े बदलाव के दौर से गुजरने जा रही है। वर्षो बाद राज्य सरकार ने सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के व्यापक स्थानांतरण की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसे शिक्षा विभाग की अब तक की सबसे बड़ी प्रशासनिक कवायद माना जा रहा है। इस निर्णय से हजारों शिक्षकों का कार्यस्थल बदल सकता है, जबकि इसका सीधा प्रभाव राज्य के लाखों विद्यार्थियों, हजारों विद्यालयों और पूरे शैक्षणिक तंत्र पर पड़ने की संभावना है। शिक्षा विभाग का लक्ष्य स्पष्ट हैजहाँ शिक्षकों की कमी है वहाँ पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध कराना, विषयवार असंतुलन दूर करना और प्रत्येक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करना। लंबे समय से यह शिकायत सामने आती रही है कि कई विद्यालय शिक्षकविहीन या विषय विशेषज्ञों की कमी से जूझ रहे हैं, जबकि कुछ विद्यालयों में आवश्यकता से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। ऐसे में यह स्थानांतरण अभियान वर्षो से चली आ रही इस असमानता को दूर करने की दिशा में निर्णायक कदम माना जा रहा है। हालाँकि इस निर्णय ने पूरे शिक्षा जगत में नई बहस भी छेड़ दी है। शिक्षकों के बीच उत्सुकता के साथ अनिश्चितता का माहौल है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या स्थानांतरण पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और आवश्यकता-आधारित होगा यदि ऐसा हुआ तो सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है। लेकिन यदि प्रक्रिया में किसी प्रकार की अपारदर्शिता, पक्षपात या तकनीकी त्रुटि सामने आई तो यह महत्वाकांक्षी पहल विवादों में भी घिर सकती है।शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह केवल तबादले की प्रक्रिया नहीं, बल्कि शिक्षा सुधार का अवसर है। उनका कहना है कि शिक्षक उपलब्धता का सीधा संबंध विद्यार्थियों के सीखने के स्तर से होता है। जिन विद्यालयों में वर्षो से शिक्षक नहीं हैं या विषयवार कमी बनी हुई है, वहाँ इस अभियान से नई उम्मीद जगी है। यदि प्रत्येक विद्यालय को उसकी वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप शिक्षक उपलब्ध हो जाएँ, तो कक्षा संचालन नियमित होगा, परीक्षा परिणाम बेहतर होंगे और सरकारी विद्यालयों पर समाज का विश्वास भी बढ़ेगा। दूसरी ओर, शिक्षकों की अपनी व्यावहारिक चिंताएँ भी कम नहीं हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियाँ, बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ, बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल, लंबी दूरी का आवागमन और सामाजिक परिस्थितियाँ ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। शिक्षक संगठनों का भी मानना है कि स्थानांतरण नीति में मानवीय ष्टिकोण को समान महत्व मिलना चाहिए।शिक्षा विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल स्थानांतरण आदेश जारी करना नहीं, बल्कि उसके बाद की व्यवस्था को भी प्रभावी बनाना है। नए विद्यालयों में समय पर योगदान, विषयवार पदस्थापन, आधारभूत संसाधनों की उपलब्धता, प्रशिक्षण, शैक्षणिक अनुश्रवण और सीखने के परिणामों की नियमित समीक्षा इस पूरी प्रक्रिया की सफलता तय करेगी।ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालय इस अभियान के सबसे बड़े लाभार्थी बन सकते हैं। वर्षो से ऐसे विद्यालयों में शिक्षक कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित होती रही है। यदि इन क्षेत्रों में पर्याप्त और योग्य शिक्षक उपलब्ध कराए गए, तो सरकारी शिक्षा व्यवस्था में वास्तविक बदलाव दिखाई दे सकता है।शिक्षाविदों का मानना है कि शिक्षक केवल सरकारी कर्मचारी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इसलिए स्थानांतरण नीति का उद्देश्य केवल प्रशासनिक संतुलन नहीं, बल्कि शैक्षणिक उत्ष्टता होना चाहिए। सेवा अवधि, रिक्तपद, विषयवार आवश्यकता और विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखकर लिए गए निष्पक्ष निर्णय ही इस अभियान को सफल बनाएँगे।राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में भी यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा, दक्षता आधारित शिक्षण और नई मूल्यांकन प्रणाली तभी सार्थक होगी, जब प्रत्येक विद्यालय में पर्याप्त और योग्य शिक्षक उपलब्ध होंगे।अब पूरे बिहार की निगाहें इस ऐतिहासिक प्रक्रिया पर टिकी हैं। यदि सरकार पारदर्शिता, निष्पक्षता और विद्यार्थी-केंद्रित ष्टिकोण के साथ इस अभियान को सफलतापूर्वक लागू करती है, तो यह केवल शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं, बल्कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नई शुरुआत साबित हो सकता है। लेकिन यदि प्रक्रिया में असंतुलन या अपारदर्शिता की गुंजाइश रह गई, तो यही अभियान शिक्षा विभाग के लिए सबसे बड़ी चुनौती भी बन सकता है।फिलहाल इतना तय है कि बिहार में शिक्षकों का यह महास्थानांतरण केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था के भविष्य की दिशा तय करने वाला ऐतिहासिक कदम बन चुका है। इसकी सफलता अब पूरी तरह पारदर्शी क्रियान्वयन, मानवीय संवेदनशीलता और विद्यार्थियों के सर्वोच्च हित को केंद्र में रखने पर निर्भर करेगी।

### मंडल कारा में रोशनी की पहल 55 बंदियों की हुई निःशुल्क नेत्र जांच

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मंडल कारा बाढ़ में सामाजिक सरोकार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नेत्रदान समिति, बाढ़ के तत्वावधान में निरूशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 55 बंदियों की आंखों की विस्तृत जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई।जांच के दौरान बंदियों की ष्टि संबंधी समस्याओं का परीक्षण किया गया तथा जिन बंदियों में नेत्र रोग के लक्षण पाए गए, उन्हें आवश्यक उपचार एवं आगे की चिकित्सकीय जांच कराने की सलाह दी गई। शिविर का उद्देश्य बंदियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और आंखों से जुड़ी बीमारियों की समय रहते पहचान सुनिश्चित करना रहा।मंडल कारा प्रशासन ने नेत्रदान समिति के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर बंदियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होते हैं। वहीं नेत्रदान समिति के सदस्यों ने भविष्य में भी इस प्रकार के जनसेवा कार्यक्रम जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### शिक्षकों का स्थानांतरण बिहार की शिक्षा व्यवस्था के लिए निर्णायक अवसर, इसे पारदर्शी और मानवीय बनाना समय की मांग : रामबली प्रसाद

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश) ।** बिहार में शिक्षकों के व्यापक स्तर पर होने जा रहे स्थानांतरण को लेकर पूरे राज्य में चर्चाओं का दौर तेज है। इस बीच शिक्षा जगत से एक महत्वपूर्ण और संतुलित ष्टिकोण सामने आया है। बाढ़ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हासनचक के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् रामबली प्रसाद ने कहा कि यदि शिक्षकों का स्थानांतरण पारदर्शी, निष्पक्ष, आवश्यकता-आधारित और मानवीय ष्टिकोण के साथ लागू किया जाता है, तो यह बिहार की सरकारी शिक्षा व्यवस्था में वर्षो से अपेक्षित बदलाव की मजबूत शुरुआत साबित हो सकता है। यह केवल शिक्षकों के कार्यस्थल बदलने की प्रशासनिक कवायद नहीं है, बल्कि लाखों विद्यार्थियों के भविष्य, विद्यालयों के शैक्षणिक वातावरण और राज्य की शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता से जुड़ा ऐतिहासिक निर्णय है। रामबली प्रसाद ने कहा, षशिक्षक किसी सरकारी कार्यालय का सामान्य कर्मचारी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का शिल्पकार होता है। इसलिए उसका स्थानांतरण भी केवल पदस्थापन नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की दिशा और दशा तय करने वाला निर्णय है।ष्वर्षो से अनेक विद्यालय शिक्षक असंतुलन की समस्या झेल रहे हैं। कहीं विद्यार्थियों की तुलना में शिक्षक कम हैं तो कहीं अपेक्षात अधिक शिक्षक होने के बावजूद छात्र संख्या सीमित है। ऐसी व्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपेक्षा करना कठिन है। उन्होंने कहा, ष्यदि प्रत्येक विद्यालय को उसकी वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप शिक्षक उपलब्ध हो जाएँ, तो यह बदलाव सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और सीखने के स्तर में व्यापक सुधार का आधार बनेगा।ष्वरिष्ठ शिक्षाविद् ने स्पष्ट कहा कि स्थानांतरण प्रक्रिया केवल डिजिटल सूची या सफ्टवेयर आधारित चयन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। नीति बनाते समय शिक्षकों की पारिवारिक परिस्थितियों, गंभीर बीमारी, दिव्यांगता, छोटे बच्चों की जिम्मेदारी तथा अन्य मानवीय पहलुओं को भी प्राथमिकता मिलनी चाहिए।उन्होंने कहा, ष्सरकारी नीति तभी आदर्श कही जाएगी, जब उसमें नियमों के साथ संवेदना भी दिखाई दे। न्याय केवल प्रक्रिया से नहीं, बल्कि मानवीय ष्टिकोण से भी स्थापित होता है।ष पूरी प्रक्रिया की सफलता उसकी पारदर्शिता पर निर्भर करेगी। यदि सेवा अवधि, रिक्तपद, विद्यालय की आवश्यकता और निर्धारित मानकों के अनुसार स्थानांतरण होगा तो अनावश्यक विवादों की गुंजाइश नहीं बचेगी। लेकिन यदि कहीं पक्षपात या प्रभाव की शिकायतें सामने आती हैं, तो इससे शिक्षकों का विश्वास कमजोर होगा और पूरी व्यवस्था पर प्रश्नचि खड़े होंगे।, ष्पारदर्शिता किसी भी स्थानांतरण नीति की सबसे बड़ी शक्ति होती है। शिक्षक को यह भरोसा होना चाहिए कि उसके साथ निष्पक्ष व्यवहार हुआ है।ष शिक्षक का स्थानांतरण केवल एक कर्मचारी का स्थान परिवर्तन नहीं होता, बल्कि उसके पूरे परिवार का जीवन प्रभावित होता है। बच्चों की शिक्षा, बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल, आवागमन की कठिनाइयाँ और आर्थिक जिम्मेदारियाँ भी उससे जुड़ी होती हैं। इसलिए सरकार को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिससे शिक्षकों को नई पदस्थापना के अनुरूप स्वयं को व्यवस्थित करने का पर्याप्त समय और सहयोग मिल सके।

# भोजपुर की 42 पंचायतों, 32 नगर निकायों में सहयोग शिविर

दैनिक नवसंदेश

**आरा।** भोजपुर जिले की 42 पंचायतों एवं 32 नगर निगम/नगर पंचायत क्षेत्रों में सहयोग शिविरों का आयोजन किया गया। आरा प्रखंड के दौलतपुर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना तथा उनके त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील निष्पादन हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**जिलाधिकारी ने कई सहयोग शिविरों का किया निरीक्षण**



आरा प्रखंड के दौलतपुर में सहयोग शिविर में संवाद करते डीएम

जिला पदाधिकारी ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि सहयोग शिविरों का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। जिले में अब तक सहयोग शिविरों के माध्यम से लगभग 33 हजार आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया गया है। जिला पदाधिकारी ने कुछ आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन कर लाभार्थियों को तत्काल राहत प्रदान की।

आरा नगर निगम क्षेत्र के नागरी प्रचारिणी परिसर में 20 वार्डों के नागरिकों के लिए आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण जिला पदाधिकारी ने किया। उन्होंने कई नागरिकों से स्वयं आवेदन प्राप्त किए तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का शीघ्र डिजिटाइजेशन करते हुए उसका समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक को योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में महापौर, सभी वार्ड पार्षद, नगर आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, सहायक समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त, नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिला पदाधिकारी ने छात्र से किया सहज संवाद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा सदर प्रखंड के बलुआ ग्राम में आयोजित सहयोग शिविर के निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने वहां उपस्थित एक स्कूली छात्र से संवाद किया। संवाद के दौरान जिला पदाधिकारी ने छात्र से उसकी पढ़ाई, नियमित विद्यालय आने, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन तथा विद्यालय में उपलब्ध अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। छात्र ने प्रश्नों का उत्तर दिया तथा विद्यालय में संचालित व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया।



उन्होंने छात्र को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रत्येक बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। नियमित अध्ययन से व्यक्तित्व का समग्र विकास सुनिश्चित होता है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मध्याह्न भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके।

## शाहपुर नगर पंचायत व दो पंचायतों में सहयोग शिविर में आए 145 आवेदन

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शाहपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या तीन, पांच एवं नौ के लिए सहयोग शिविर का आयोजन प्रखंड परिसर स्थित रैन बसेरा भवन में किया गया। शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं जनसमस्याओं से संबंधित कुल 45 आवेदन आनलाइन एवं आफलाइन माध्यम से सहयोग पोर्टल पर दर्ज किए गए। कनीय अभियंता जननंदन चौधरी एवं कार्यपालक सहायक अखिलेश कुमार ने बताया कि शिविर में लोगों की समस्याओं का मौके पर पंजीकरण कर संबंधित विभागों को भेजने की प्रक्रिया अपनाई गई। प्रधान सहायक सुशील कुमार वर्मा, प्रिंस कुमार वर्मा, विकास कुमार समेत नगर पंचायत के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। झौवां बेलवनिया एवं डुमरिया पंचायत में भी सहयोग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सभी विभागों द्वारा अलग-अलग स्टल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी गईं और आवेदन प्राप्त किए गए। मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र साह, बिनोद साह सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रखंड विकास पदाधिकारी शत्रुंजय कुमार सिंह ने बताया कि डुमरिया पंचायत में 74 तथा झौवां बेलवनिया पंचायत में 26 आवेदन सहयोग पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुए।



### कोइलवर सहयोग शिविर में उमड़ी भीड़, आये 520 आवेदन

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोइलवर प्रखंड क्षेत्र के गोपालपुर, सकड्डी, कायमनगर तथा नगर पंचायत के कटकैरा और वार्ड संख्या-8 में मंगलवार को विशेष सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। विशेष रूप से गोपालपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में आयोजित शिविर में सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी रही और विभिन्न विभागों के काउंटरों पर आवेदन जमा किए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक ने बताया कि सभी शिविरों को मिलाकर कुल 520 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें गोपालपुर शिविर में 275, सकड्डी में 111 तथा कायमनगर में 144 आवेदन प्राप्त हुए। गोपालपुर शिविर में अपर समाहर्ता मीनू कुमारी एवं राजस्व पदाधिकारी राजभूषण सिंह ने भी लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के कर्मियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। प्राप्त 520 आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।



### छवरही जंगल महाल पंचायत के सहयोग शिविर में आए 108 आवेदन

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के छवरही जंगल महाल पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन गहवर टोला में आयोजित सहयोग शिविर में कुल 108 आवेदन पंजीत किए गए। इनमें से कई मामलों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया। जबकि अन्य आवेदनों का निष्पादन अगले 30 दिनों के अंदर करने का भरोसा संबंधित आवेदकों को दिया गया। सहयोग शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, अंचलाधिकारी रवीश कुमार, मुखिया फूल कुमारी देवी व सुरेन्द्र कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया। यहां शिविर में आम लोगों की शिकायत व समस्या के समाधान के लिए अलग-अलग विभागों के काउंटर बनाए गए थे जहां संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे। शिविर में आए सबसे अधिक 44 आवेदन खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित थे। भूमि राजस्व से संबंधित 25 आवेदन प्राप्त हुए। समाज कल्याण के 20, विद्युत विभाग के चार, पंचायती राज विभाग के तीन, बाल विकास परियोजना के चार व आपदा प्रबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग, पुलिस विभाग से एक-एक आवेदन सुनवाई के लिए आए।



## संक्षिप्त खबरें

### निवर्तमान बीडीओ कर्पूरी ठाकुर को दी गयी विदायी



**उदवंतनगर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जनप्रतिनिधि भवन में मंगलवार को निवर्तमान बीडीओ कर्पूरी ठाकुर एवं नवपदस्थापित बीडीओ अनुराधा के सम्मान में आयोजित विदाई-सह-सम्मान समारोह भावनात्मक माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, कर्मियों और अधिकारियों ने कर्पूरी ठाकुर के दो वर्षों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें कुशल प्रशासक, समयनिष्ठ अधिकारी और गरीबों का सच्चा हमदर्द बताया। निवर्तमान बीडीओ कर्पूरी ठाकुर ने कहा, 14 वर्षों के प्रशासनिक जीवन में उदवंतनगर का दो वर्ष मेरे लिए सबसे यादगार रहा। मैं आपको भूल नहीं सकता, आप भी मुझे हमेशा याद रखेंगे। यहां के कर्मियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और आम लोगों का जो स्नेह व सहयोग मिला, वह जीवनभर नहीं भूलूंगा। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से उदवंतनगर एसआईआर कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने के साथ विधानसभा चुनाव एवं मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सफल संचालन कर सका। उदवंतनगर पूरे बिहार का ऐसा प्रखंड रहा, जहां पंचायत समिति के पक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों के बीच हमेशा बेहतर सामंजस्य बना रहा और उनके कार्यकाल में किसी ने भी प्रशासनिक कार्यशैली पर अंगुली नहीं उठाई। नवपदस्थापित बीडीओ अनुराधा ने कहा कि वह उदवंतनगर की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगी। वहीं नवपदस्थापित अंचलाधिकारी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर के अनुभव की कमी जरूर खलेगी। समारोह के अंत में निवर्तमान बीडीओ, नवपदस्थापित बीडीओ एवं सीओ को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंचायत सचिव उमाशंकर साहू ने किया। मौके पर राजीव कुमार, अजीत कुमार, पूर्व मुखिया रामबचन सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, उपप्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन सिंह, मुखिया अभय सिंह समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### वज्रपात से मृत तीन व्यक्तियों के आश्रितों को 24 घंटे में अनुग्रह राशि

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वज्रपात से हुई तीन अलग-अलग मृत्यु की घटनाओं में मृतकों के आश्रितों को जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार मात्र 24 घंटे के भीतर आपदा राहत मद के अंतर्गत 4 लाख की दर से अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान सुनिश्चित कर दिया गया है। सुल्तानिया ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि आपदा की प्रत्येक घटना में पीड़ित परिवारों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में सभी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा समन्वित एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

### लूट कांड में दो वर्ष से फरार आरोपित गिरतार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** संदेश थाने की पुलिस ने लूट कांड में दो वर्ष से फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी फुलाड़ी गांव स्थित अभियुक्त के घर से सोमवार को की गयी। गिरफ्तार आरोपित संदेश थाना क्षेत्र का फुलाड़ी गांव निवासी राहुल कुमार है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस नोट जारी कर दी। बता दें कि बीते 13 अगस्त, 2024 की रात संदेश थाना क्षेत्र के काजीचक गांव स्थित 18 (बी) बालू घाट पर हथियारबंद अपराधियों द्वारा लूट के दौरान दो युवकों को गोली मार दी थी।

### टीबी मरीजों के बीच निक्षय पोषण किट का वितरण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में निक्षय मित्र पहल के तहत टीबी मरीजों के बीच निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. शिवेंद्र कुमार सिन्हा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रवि रंजन, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. ए अहमद ने निक्षय मित्र के रूप में सात टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट प्रदान कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। निक्षय मित्र पहल के माध्यम से मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराकर उनके उपचार को प्रभावी एवं सफल बनाया जा सकता है। साथ ही लोगों से टीबी के प्रति जागरूक रहने, समय पर जांच कराने एवं उपचार पूरा करने की अपील की गई।

### विद्यालयों में चलाया गया साइबर जागरूकता अभियान

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देश पर मंगलवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी दी गई। इसके अलावे उन्हें सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड रखने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने तथा किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत या बैंकिंग जानकारी साझा ना करने की भी सलाह दी गई। साथ ही किसी प्रकार के साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल (1930) हेल्पलाइन नम्बर अथवा संबंधित साइबर थाने में संपर्क करने एवं सदैव सतर्क व जागरूक रहने की अपील की गयी।

### 34वें स्थापना दिवस पर अखंड हरिकीर्तन आज से

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बिहिया चौरस्ता स्थित श्रीहनुमान मंदिर का 34वां स्थापना दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर 22 जुलाई से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू होगा जिसमें उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रसिद्ध भजन-कीर्तन कलाकारों के साथ कई क्षेत्रीय कीर्तन मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी।

## जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को सुगमता और पारदर्शिता से मिले : तनय

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया ने सदर प्रखंड की दौलतपुर पंचायत अंतर्गत बलुआ स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में संबंधित जन वितरण प्रणाली की दुकान बंद मिली। इस पर जिला पदाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल दुकान खुलवाने का निर्देश दिया। दुकान खुलने के बाद उन्होंने उपलब्ध खाद्यान्न एवं स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया।

**डीएम ने जन वितरण प्रणाली दुकान का किया औचक निरीक्षण**

स्टॉक में अंतर पाए जाने पर गंभीर असंतोष व्यक्त किया तथा मामले की विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से इस संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुगमता एवं पारदर्शिता के साथ पहुंचना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## विधानसभा में गूंजा जवइनिया कटाव निरोधी कार्य का मुद्दा

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** विधानसभा सत्र के शून्यकाल में शाहपुर के विधायक राकेश रंजन ने जवइनिया गांव के समीप गंगा नदी के किनारे चल रहे कटाव निरोधी बोल्डर पिचिंग निर्माण कार्य का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि श्रमिकों की कमी के कारण निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। ऐसे में विभाग तत्काल आवश्यक कदम उठाकर कार्य में तेजी लाए। ताकि बाढ़ आने से पहले इसे पूरा कराया जा सके और आसपास के गांवों को संभावित कटाव से सुरक्षित रखा जा सके। विधायक ने कहा कि यदि समय रहते कटाव निरोधी कार्य पूरा नहीं हुआ तो जवइनिया समेत आसपास के गांवों पर कटाव का गंभीर खतरा मंडरा सकता है। गौरतलब है कि जल संसाधन विभाग की ओर से जवइनिया के समीप गंगा तट पर 52 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत से बोल्डर पिचिंग एवं कटाव निरोधी कार्य कराया जा रहा है। इस परियोजना को 15 जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लेकिन संवेदक निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा नहीं कर सका। वर्तमान में लगभग 70 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो पाया है।

**विधायक ने निर्माण में तेजी लाने की उठाई मांग**

## छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला दहन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर विभिन्न छात्र एवं युवा संगठनों द्वारा शिक्षा, रोजगार, पेपर लीक, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया तथा युवाओं के अधिकारों को लेकर चलाए जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध में आज आरा रेलवे स्टेशन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राजद प्रवक्ता एवं पूर्व छात्र नेता आलोक रंजन ने किया। संचालन जिला पार्षद भीम यादव ने किया। आलोक रंजन ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। लेकिन केंद्र सरकार छात्रों और नौजवानों की आवाज सुनने के बजाय उन पर लाठियां बरसाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवा पेपर लीक, रोजगार, नियमित एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, शिक्षा में समान अवसर तथा छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार संवाद करने के बजाय दमन का रास्ता अपना रही है। अनुराग पाण्डेय ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं की समस्याओं से लगातार मुंह मोड़ रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताएं, भर्ती में देरी, बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षा पर बढ़ता आर्थिक बोझ आज युवाओं की सबसे बड़ी चिंता है। वहीं युवा नेता कुमुद पटेल ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति की आवाज का सम्मान होना चाहिए। कार्यक्रम में जिप सदस्य सोनू रजक, हरिफन यादव, रजनीश यादव, तुषार विजेता, धनजीत यादव, देव, अमित ठाकुर, तेजू त्यागी, प्रिंस ठाकुर, विकास, गांगुली, विकू प्रधान, मुन्ना सम्राट, अनुज, विजय, रवि समेत सैकड़ों युवा और छात्र उपस्थित थे।



## शाहपुर-बनाही पथ पर यातायात बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य जारी



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर-बनाही पथ पर जलभराव से प्रभावित स्थल पर यातायात को शीघ्र बहाल करने के उद्देश्य से ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा लगातार युद्धस्तर पर कार्य कराया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा यातायात व्यवस्था को शीघ्र सामान्य करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति की सतत निगरानी की जा रही है तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि आमजन को यथाशीघ्र सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान की जा सके।

## जनार्दन मिश्र की तीन पुस्तकों का लोकार्पण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** समकालीन कविता के वरिष्ठ कवि जनार्दन मिश्र की तीन काव्य पुस्तकें 'मेरी प्रतिनिधि कविताएं, ख्वाहिशें एवं आहटें' का लोकार्पण आरा के वयोवृद्ध वरिष्ठ कवि, नाटककार एवं अनुवादक जगदीश नलिन ने आज इनके निवास स्थान नेहरूनगर में किया। कवि जनार्दन मिश्र ने पुष्प माला, अंग वस्त्र से स्वागत किया। पुस्तकों का विमोचन करते हुए इन्होंने कहा कि जनार्दन मिश्र की कविताओं में जीवन के विविध आयाम एवं इंद्रधनुषी आभा है। इनकी कविताएं जीवन संघर्ष एवं मानवीय जीवन संचेतना की कविताएं हैं जो हर समय पाठक मन को झकझोरती हैं। मिश्र एक कहानीकार एवं उपन्यासकार भी हैं। इनका साहित्य संसार बहुआयामी एवं विविधताओं से परिपूर्ण है। साहित्य सृजन में इन्हें कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं। इनकी रचनाएं अन्य देशी विदेशी भाषाओं में अनूदित हो चुकी हैं। धन्यवाद ज्ञापन युवा कवि राकेश ओझा उर्फ गुड्डू ओझा ने किया। मिश्र को शुभकामनाएं देने वालों में आलोचक डॉ. रवींद्र नाथ राय, वरिष्ठ कवि आलोचक जितेंद्र कुमार, डॉ. दिवाकर पांडेय, डॉ. नंदजी दूबे, डॉ. किरण कुमारी, डॉ ममता मिश्र, डॉ रेणु आदि शामिल हैं।

## 20 जुलाई से धरना-प्रदर्शन जारी जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जंतर-मंतर पर चल रहे जनसंघर्ष के समर्थन में तथा अलोकतांत्रिक पुलिसिया कार्रवाई, शिक्षा की दुर्दशा, असंवेदनशील व्यवस्था के विरोध में सिविल सोसायटी, आरा के तत्वावधान में जयप्रकाश स्मारक, मुक्ताकाश मंच, आरा में 20 जुलाई को उपवास धरना के बाद अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन प्रारंभ हो गया है। धरने में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जागरूक नागरिकों ने कहा कि यह आंदोलन जनतांत्रिक अधिकारों की रक्षा, पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था तथा युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और जनहित से जुड़े मुद्दों पर समाज का मौन रहना उचित नहीं है, उपस्थित लोगों ने शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार, पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी रोक तथा जनसरोकारों के प्रति जवाबदेह व्यवस्था की मांग उठाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अचल कुमार प्रसाद, संचालन मंटू सिंह व धन्यवाद ज्ञापन सुशील कुमार ने किया। धरना में कौशलेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र पसावन, सुजीत कुमार सिंह, भास्कर मिश्रा, धनंजय कुमार, अशोक मानव, विजय मेहता, नीलाम्बुज सरोज अन्य लोग शामिल रहे।

## आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भगवान महावीर मार्ग (जेल रोड) स्थित श्री बिर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में श्री मुनिसंघ सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान का शुभारंभ आचार्य सुलभ सागर जी महाराज संघ के सानिध्य एवं ग्वालियर से पधारें प्रतिष्ठाचार्य रवि कीर्ति शास्त्री के मंगल निर्देशन में मंगलवार को घटयात्रा निकालकर हुआ। प्रातः समय में जिनेन्द्र प्रभु की भक्तिपूर्वक अभिषेक, पूजन के पश्चात, घटयात्रा निकाली गयी। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि सैकड़ों की संख्या में सौभाग्यवती महिलाएं घटयात्रा में शामिल रहीं। घटयात्रा गाजे-बाजे के साथ चंद्रप्रभु मंदिर से निकलकर गोपाली चौक होते हुए महाजन टोली नंबर दो स्थित श्री बिर जैन पंचायती मंदिर प्रांगण पंहुची वहां से जलभरी कर पुनः चंद्रप्रभु मंदिर पहुंचीं। वहां मंडल शुद्धि के उपरान्त ध्वजारोहण, मंडल शुद्धि, इंद्र प्रतिष्ठा, अंकुरारोपण, मंगलाचरण, मंडल पर अखंड दीपक प्रज्ज्वलन, मंगल कलश स्थापना के पश्चात श्री सिद्ध चक्र विधान प्रारंभ हुआ। आचार्य श्री ने उपस्थित भक्तों को बताया कि श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान करने से गृहस्थ जीवन के ज्ञात-अज्ञात पापों को नष्ट करने वाला ये विधान है। संध्याकालीन कार्यक्रम में मंगल आरती, गुरुभक्ति, भजन एवं सांस्तिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। विधान करने वाले में सुलोचना दीदी, उर्मिला जैन, सुनील जैन, सपना जैन, अनीश जैन, रजनी जैन, अशोक कुमार जैन, अंजू जैन, मंजू जैन, ज्ञान चंद्र जैन, आम्रपाली जैन, अजय जैन, नूपुर जैन, रेणु जैन, शोभा जैन, समता जैन, जूली जैन, पूर्णिमा जैन, सोनी जैन, साहू जैन, रेखा जैन, प्रिया जैन, शील जैन, शारदा जैन, आभा जैन, अनुपमा जैन, प्रीति जैन, मीना जैन, मंजू जैन, वंश जैन, भारती जैन, रत्ना जैन, सलोनी जैन, उमा जैन इत्यादि थे।



## गुरुनानक अभ्यासार्थ मध्य विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** मौलाबाग स्थित गुरुनानक अभ्यासार्थ मध्य विद्यालय में मंगलवार को महिला थाना की थानाध्यक्ष के नेतृत्व में विधि पालक युवक कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मानव तस्करी के विभिन्न स्वरूप, उससे बचाव, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही महिला एवं बाल सुरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा हेल्पलाइन सेवाओं की भी जानकारी देकर विद्यार्थियों को सतर्क एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली के खंभे पर गिरा नीम का पेड़, दुकान क्षतिग्रस्त; टली बड़ी अनहोनी

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया थाना क्षेत्र के मैडला गांव में मंगलवार की शाम अचानक अफरातफरी मच गई, जब गांव की मुख्य गली में स्थित एक विशाल नीम का पेड़ बिजली के खंभे पर गिर गया। पेड़ गिरने से बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त हो गया और बिजली का तार नीचे आ गया, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल उत्पन्न हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, जिस समय नीम का पेड़ बिजली के खंभे पर गिरा, उस समय बिजली लाइन चालू थी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत पहलेजा विद्युत सब स्टेशन को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। समय रहते बिजली लाइन बंद होने से एक बड़ी अनहोनी टल गई।बताया जाता है कि पेड़ गिरने से गांव के निवासी वाल्मीकि यादव की दुकान को नुकसान पहुंचा है। दुकान का करकट का छत टूट गया तथा दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, इस घटना में किसी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है।घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि समय पर बिजली आपूर्ति बंद होने से बड़ी दुर्घटना टल गई। इस संबंध में मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि नीम का पेड़ गिरने की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जानकारी प्राप्त करने के लिए पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा गया है। जांच के बाद घटना की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से क्षतिग्रस्त बिजली खंभे एवं तार को जल्द दुरुस्त कराने की मांग की है।

### बिजली चोरी का खुलासा, चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज,74868 का जुमार्ना लगाया गया


**कुर्था (एनएसबी)** बिजली विभाग की टीम द्वारा चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान बिजली चोरी का मामला उजागर हुआ। इस कार्रवाई में चार लोगों कोकुर्था में बिजली चोरी का खुलासा, चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज,74868 का जुमार्ना लगाया गया बिजली विभाग की टीम द्वारा चलाए गए



विशेष जांच अभियान के दौरान बिजली चोरी का मामला उजागर हुआ। इस कार्रवाई में चार लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। इस संबंध में कनीय अभियंता सूरज कुमार ने बताया कि सोमवार को नियमित बिजली चेकिंग के दौरान टीम ने छापेमारी कर कई अनियमितताएं पाईं। जांच के क्रम में संजय कुमार पिता उमेश यादव, रामप्रवेश यादव पिता स्वर्गीय हलखोरी यादव, कमोड़ा देवी पति सुखदेव साव एवं रोहन कुमार पिता स्वर्गीय रामदेव यादव को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। विभाग द्वारा इन चारों पर कुल 74,868 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित आरोपियों के खिलाफ कुर्था थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कनीय अभियंता ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ विभाग का अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें, अन्यथा कानूनी करवाई की जायेगी। अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। इस संबंध में कनीय अभियंता सूरज कुमार ने बताया कि सोमवार को नियमित बिजली चेकिंग के दौरान टीम ने छापेमारी कर कई अनियमितताएं पाईं। जांच के क्रम में संजय कुमार पिता उमेश यादव, रामप्रवेश यादव पिता स्वर्गीय हलखोरी यादव, कमोड़ा देवी पति सुखदेव साव एवं रोहन कुमार पिता स्वर्गीय रामदेव यादव को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। विभाग द्वारा इन चारों पर कुल 74,868 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित आरोपियों के खिलाफ कुर्था थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कनीय अभियंता ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ विभाग का अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें, अन्यथा कानूनी करवाई की जायेगी।

### साइबर ठगों से सावधान, डिजिटल सुरक्षा अपनाएंः एसएस कॉलेज में डीएम-एसपी ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

**जहानाबाद (एनएसबी)।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति युवाओं को जागरूक बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को एस.एस. कॉलेज, जहानाबाद में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में



जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल सतर्कता एवं सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक (साइबर क्राइम) ने छात्र-छात्राओं को डिजिटल अरेस्ट, व्यक्ति प्रतिरूपण, ऑनलाइन बैंकिंग एवं यूपीआई फ्रॉड, ओटीपी धोखाधड़ी, फिशिंग, फर्जी लिंक और सोशल मीडिया ठगी जैसे साइबर अपराधों के तरीकों एवं उनसे बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930, आपातकालीन सेवा 112 तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आज डिजिटल तकनीक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं के लिए साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे किसी भी परिस्थिति में डळढ, वढकढक्त, बैंक खाता विवरण, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी एवं विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग करें। जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर हो रही ठगी के प्रति सचेत करते हुए कहा कि कोई भी पुलिस, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग या अन्य सरकारी एजेंसी किसी व्यक्ति को वीडियो कॉल या फोन के माध्यम से 'डिजिटल अरेस्ट' नहीं करती। यदि कोई व्यक्ति स्वयं को सरकारी अधिकारी बताकर डराने, गोपनीयता बनाए रखने का दबाव डालने या पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहे, तो उसके झांसे में बिल्कुल न आएं। ऐसी स्थिति में तुरंत कॉल काटकर 1930, 112 या निकटतम साइबर थाना से संपर्क करें।

### सबका सम्मान-जीवन आसान' का दिखा असर

**जहानाबाद (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री की परिकल्पना "सबका सम्मानझजीवन आसान" को धरातल पर उतारने की दिशा में मंगलवार को जहानाबाद प्रखंड की गोनवां पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर जनसेवा का प्रभावी मंच बनकर उभरा। जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई. भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार ने शिविर में पहुंचकर आमजनों से सीधा संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्राप्त प्रत्येक आवेदन को सहयोग पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड कर 30 दिनों के भीतर संतोषजनक निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति दिलाते हुए पंचायत स्तर पर ही सेवाएं उपलब्ध कराना है। 58 जीविका समूहों को मिला 1 करोड़ का बैंक ऋण शिविर के दौरान जिला पदाधिकारी ने 58 स्वयं सहायता समूहों को लगभग एक करोड़ रुपये का सांकेतिक बैंक ऋण स्वीकृति चेक प्रदान किया। इनमें 50 समूहों को पंजाब नेशनल बैंक, कनौदी शाखा के माध्यम से प्रथम बैंक लिंकेज के तहत 1.50 लाख से 2 लाख रुपये तथा 8 समूहों को द्वितीय बैंक लिंकेज के अंतर्गत 3 लाख रुपये की ऋण स्वीकृति दी गई।

# जिले के चार प्रखंडों के 12 पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन

**अरवल (एनएसबी)।** जिला अंतर्गत चार प्रखंडों के 12 पंचायतों में सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। यह सहयोग शिविर प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निष्पादन एवं योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के मार्गदर्शन मे आयोजित सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की स्थिति निम्नवत रही प्रखंड के फखरपुर पंचायत में कुल 14 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 03 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। रामपुर वैना पंचायत में कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 25 आवेदनों का निष्पादन



सहयोग शिविर में भाग लेते लोग।

शिविर में ही किया गया। सकरी पंचायत में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी 16 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। वहीं अमरा पंचायत में कुल 91 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 06 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। कुर्था प्रखंड के कोदमरई पंचायत में कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 09 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं धमौल पंचायत में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 14 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। कलेर प्रखंड के इस्माइलपुर कोयल पंचायत में कुल 68 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 37 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। जयपुर पंचायत में कुल 85 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 69 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं मैनपुरा पंचायत में कुल 90 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 59 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। करपी प्रखंड के दौर्रा पंचायत में कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 07 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। नरगा पंचायत में कुल 68 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 13 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। किंजर पंचायत में कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 23 आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं नगर परिषद अरवल में कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी 41 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। साथ ही नगर पंचायत कुा में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें सभी 22 आवेदनों अग्रेतर कार्रवाई हेतु लंबित है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुलभ रूप से प्राप्त हो सके ।

## जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र पर हमला, नाकाम प्रधानमंत्री इस्तीफा दें : निसार

**अरवल (एनएसबी)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस के स्टेट डेलिगेट निसार अख्तर अंसारी ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए कथित बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि अपनी लोकतांत्रिक मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग करना लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के विरुद्ध है।

उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई में बड़ी संख्या में छात्रों के घायल होने की खबर अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। सरकार को छात्रों की समस्याओं का समाधान संवाद और संवेदनशीलता के साथ करना चाहिए, न कि बल प्रयोग के माध्यम से। निसार अख्तर अंसारी ने कहा कि देश का युवा भविष्य है और उसकी आवाज को दबाने का हर प्रयास लोकतंत्र को कमजोर करेगा। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच, घायल छात्रों को उचित उपचार एवं न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस घटना की



निसार अख्तर।

नैतिक जिम्मेदारी तय करते हुए अब केवल शिक्षा मंत्री ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी नैतिक आधार पर इस्तीफा देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव उनके साथ खड़ी रहेगी तथा युवाओं की आवाज को दबाने के हर प्रयास का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रहेगा।

## सहयोग शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, 243 में से 165 का मौके पर हुआ त्वरित निष्पादन



सहयोग शिविर में आए लोग।

**मेहंदिया (एनएसबी)।** कलेर प्रखंड अंतर्गत इस्माइलपुर कोयल, जयपुर एवं मैनपुरा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासनिक स्तर पर विशेष पहल की गई। पंचायत स्तर पर आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का त्वरित निष्पादन किया। तीनों पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविर के दौरान कुल 243 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 165 आवेदनों का निष्पादन शिविर स्थल पर ही कर दिया गया। वहीं शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजते हुए जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया गया।शिविर में ग्रामीणों ने राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, बिजली, सड़क, पेयजल सहित अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं रखीं। अधिकारियों एवं कर्मियों ने आवेदन प्राप्त कर उनकी जांच की और जिन मामलों का समाधान तत्काल संभव था, उसका निपटारा मौके पर ही किया गया। इससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार सिंह, अंचलाधिकारी उत्तम राहुल, मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी तथा पंचायतों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को उनके घर के नजदीक सुनना और उसका त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है कि आम लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके तथा उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का

बार-बार चक्कर नहीं लगाना पड़े। अंचलाधिकारी उत्तम राहुल ने भी लोगों को आश्वस्त किया कि राजस्व सहित अन्य विभागों से संबंधित लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा।

### जमीन विवाद में फिर बहा खूनः बेटे की हत्या के डेढ़ साल बाद पिता की गोली मारकर हत्या

**जहानाबाद।** बराबर थाना क्षेत्र के डकरा मोड़ के समीप सोमवार शाम जमीन विवाद में 60 वर्षीय विजय यादव की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वह गेहूं पिसवाकर घर लौट रहे थे, तभी घात लगाए बदमाशों ने उनकी गर्दन में गोली मार दी। परिजनों का आरोप है कि 4 जनवरी 2025 को विजय यादव के बड़े बेटे लोकनाथ यादव की भी इसी विवाद में हत्या हुई थी। उनका कहना है कि हत्या के मुकदमे में गवाही रोकने और केस वापस लेने के दबाव के बीच इस वारदात को अंजाम दिया गया। घटना के समय मृतक का एक बेटा भी साथ था, जो जान बचाकर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

## पूर्व विधायक पर दर्ज फजी मुकदमा वापस लेने और हिरासत में मौत की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर निकाला प्रतिवाद मार्च

### जिलाधिकारी से मिला प्रतिनिधिमंडल, सौंपा स्मार पत्र

**अरवल (एनएसबी)।** उत्पाद विभाग की हाजत में अनिल सिंह उर्फ टुनटुन महतो की मौत की उच्चस्तरीय जाँच करने, सदर अस्पताल में महिला की मौत के दोषियों पर कार्रवाई करने तथा पूर्व विधायक का. महानंद सिंह पर दर्ज झूठे मुकदमे को वापस लेने की मांग को लेकर आज महागठबंधन के नेतृत्व में एक विशाल प्रतिवाद मार्च और सभा का आयोजन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में भाकपा-माले राजद और सीपीआई के कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। मार्च का नेतृत्व पूर्व विधायक महानंद सिंह, राजद के जिला अध्यक्ष जगजीवन राम, उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अभय यादव, राणा प्रताप यादव, सलीम, सीपीआई के दीनानाथ सिंह, अरुण कुमार, सुशील कुमार, जिला सचिव जितेन्द यादव, उपेंद्र पासवान, रवींद्र यादव, लीला वर्मा, शाह शाद, रमाकांत टुन्ना, महेंद्र प्रसाद और नंदकिशोर आदि वरिष्ठ नेताओं ने किया। भाकपा-माले कार्यालय से शुरू होकर यह मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए ब्लॉक परिसर पहुंचा, जहां एक विशाल प्रतिरोध सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में महिलाओं की भारी भागीदारी रही, जिन्होंने अपने नेता महानंद सिंह पर थोपे गए फर्जी मुकदमे को वापस लेने की पुरजोर मांग की।





प्रतिवाद मार्च में शामिल लोग।

जिलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन सभा के उपरांत महागठबंधन के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर एक स्मार पत्र (ज्ञापन) सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल में माले के केंद्रीय कमिटी सदस्य कुमार परवेज, जिला सचिव जितेंद्र यादव, राजद के अर्जुन सिंह और सीपीआई के दीनानाथ सिंह शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से अरवल जिले में हाल ही में घटी दो अत्यंत संवेदनशील और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है, जिसने स्थानीय कानून-व्यवस्था और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैंःउत्पाद विभाग की हाजत में अनिल सिंह की मौत हैबतपुर निवासी अनिल सिंह उर्फ टुनटुन महतो की उत्पाद विभाग की हाजत में 14 जुलाई 2026 को हुई मौत मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है। वलिदाद लॉक के पास से ताड़ी पीने के आरोप में उन्हें उनके दो साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि हाजत में उनके साथ बर्बर मारपीट की गई। सीने में दर्द की शिकायत और इलाज की गुहार लगाने के बावजूद कर्मियों द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया गया, जिसके गहरे निशान उनके शरीर पर मौजूद हैं।सदर अस्पताल में लापरवाही और पूर्व विधायक पर दुर्भावनापूर्ण मुकदमा अरवल सदर अस्पताल में प्रसव के दौरान रागिनी देवी नामक एक गरीब महिला की मौत स्वास्थ्य व्यवस्था की घोर लापरवाही को उजागर करती है। इस घटना के बाद शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाने और प्रशासन से संवाद करने पहुँचे पूर्व विधायक का. महानंद सिंह पर एक सोची-समझी राजनीतिक साजिश के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया गया। वीडियो साक्ष्यों से स्पष्ट है कि पूर्व विधायक भीड़ को शांत कराने का प्रयास कर रहे थे। अज्ञात तत्वों द्वारा की गई धक्का-मुक्की का ठीकरा राजनीतिक द्वेष के चलते पूर्व विधायक पर फोड़ते हुए उन पर तथ्यहीन और बेबुनियाद धाराएँ लगाई गई हैं।

**महागठबंधन की प्रमुख मांगें:** उत्पाद विभाग की हाजत में अनिल सिंह उर्फ टुनटुन महतो की मौत की उच्चस्तरीय न्यायिक जाँच कराई जाए।

दोषी आबकारी व पुलिस कर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें तुरंत निलंबित/बर्खास्त किया जाए।

पीड़ित परिजन को उचित मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दी जाए। सदर अस्पताल में महिला की मौत के कारणों और अस्पताल प्रशासन (विशेषकर ओटी प्रभारी की कार्यमुक्ति और प्रभार न सौंपने की लापरवाही) की स्वतंत्र जाँच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। पूर्व विधायक का. महानंद सिंह पर राजनीतिक दबाव में दर्ज किए गए तथ्यहीन और दुर्भावनापूर्ण मुकदमे को अविलंब वापस लिया जाए।

सीपीई जिला सचिव अरुण कुमार, दीनानाथ सिंह राजद अध्यक्ष जगजीवन राम, अभय यादव अर्जुन यादव, महाराणा यादव, भाकपा माले रविन्द्र यादव, उपेन्द्र पासवान, साधना कुमारी , लीला वर्मा शाह शाद रामकांत कुमार उर्फ टुन्ना शर्मा, महेश यादव,सहित कई लोग

## डीएपी और यूरिया के साथ जबरन थमाया जा रहा नैनो डीएपी-नैनो यूरिया, किसानों में बढ़ा आक्रोश

**मेहंदिया (एनएसबी)।** खरीफ मौसम में धान की खेती को लेकर किसानों की खाद की जरूरत बढ़ गई है। इसी बीच प्रखंड क्षेत्र के कई किसानों ने उर्वरक दुकानदारों पर डीएपी और यूरिया के साथ नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया जबरन देने का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि दुकानदार बिना नैनो खाद लिए डीएपी और यूरिया उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, जिससे उन्हें मजबूरी में अतिरिक्त खाद खरीदनी पड़ रही है।किसानों ने बताया कि धान की रोपाई का समय चल रहा है और इस समय खेतों की तैयारी एवं रोपाई के लिए डीएपी तथा यूरिया की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। खाद लेने के लिए जब वे अधिकृत दुकानों पर पहुंच रहे हैं तो कई जगहों पर दुकानदारों द्वारा कहा जा रहा है कि डीएपी और यूरिया के साथ नैनो डीएपी या नैनो यूरिया भी लेना पड़ेगा। किसानों का आरोप है कि मना करने पर उन्हें खाद देने में आनाकानी की जा रही है।

किसानों का कहना है कि नैनो खाद का उपयोग करना है या नहीं, यह किसान की जरूरत और कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार होना चाहिए। लेकिन जबरन नैनो खाद लेने के लिए बाध्य करने से उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। खासकर छोटे और सीमांत किसान, जो पहले से ही खेती की बढ़ती लागत से परेशान हैं, उन्हें इस व्यवस्था से काफी परेशानी हो रही है।किसानों ने बताया कि एक तरफ समय पर खाद नहीं मिलने की चिंता रहती है, वहीं दूसरी तरफ अपनी जरूरत से अधिक उत्पाद खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। इससे किसानों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने जिला प्रशासन और कृषि विभाग से मांग की है कि सभी उर्वरक दुकानों की जांच कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार डीएपी, यूरिया एवं अन्य उर्वरक उपलब्ध हो सके। किसानों ने यह भी मांग की है कि उर्वरक बिक्री की निगरानी के लिए विभागीय स्तर पर नियमित जांच अभियान चलाया जाए, ताकि किसी भी किसान को खाद खरीदने के नाम पर अनावश्यक सामान लेने के लिए मजबूर नहीं किया जा सके।

### जहानाबाद की बेटी जागृति शिखा ने नीट में लहराया सफलता का परचम 17,559वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल कर बढ़ाया जिले का गौरव

**जहानाबाद (एनएसबी)।** कड़ी मेहनत, अनुशासन और अटूट आत्मविश्वास के दम पर जहानाबाद की बेटी जागृति शिखा ने नीट परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। शहर के घोड़ा अस्पताल के समीप रहने वाली तथा मूल रूप से बंधुगंज (पेत्री गांव) की निवासी जागृति ने 17,559वीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर चिकित्सा क्षेत्र में अपने सुनहरे भविष्य की मजबूत नींव रखी है। उनकी सफलता से परिवार, रिश्तेदारों और पूरे जिले में खुशी का माहौल है। परिजनों ने मिठाई बांटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। जागृति का सपना देश के प्रतिष्ठित संस्थान एम्स (अक्क्टर) में दाखिला लेकर डॉक्टर बनने का था। हालांकि इस बार उन्हें एम्स में प्रवेश के लिए अपेक्षित रैंक नहीं मिल सकी, लेकिन उन्होंने इसे मंजिल नहीं बल्कि सफलता की ओर बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताया।